



हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

शुक्ल पक्ष पूर्व फाल्गुनी संवत 2081 • औरंगाबाद • शनिवार • 20 अप्रैल 2024 • वर्ष 26 • अंक 129 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

# लोकसभा की 102 सीटों पर पांच बजे तक करीब 60 प्रतिशत मतदान

- पश्चिम बंगाल में सर्वाधिक 77.57 प्रतिशत हुआ मतदान

एजेंसी | नयी दिल्ली

लोक सभा चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार को 21 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शाम पांच बजे तक औसतन 59.66 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, शाम पांच बजे तक पश्चिम बंगाल में सर्वाधिक 77.57 प्रतिशत और बिहार में सबसे कम 46.32 प्रतिशत वोट डाले गये थे। पहले चरण में सबसे ज्यादा 102 सीटों पर मतदान कराया जा रहा है।

पश्चिम बंगाल में तीन सीटों पर 77.57 प्रतिशत, त्रिपुरा की एक सीट पर 76.10 प्रतिशत, मणिपुर में दो सीटों पर 67.66 प्रतिशत, मेघालय में दो सीटों पर 69.91 प्रतिशत और असम में पांच सीटों पर 70.77 प्रतिशत वोट पड़े थे।

पुडुचेरी में एक सीट पर 72.84 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ की एक सीट पर 63.41 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था। इसी तरह जम्मू-कश्मीर में एक सीट पर 65.08 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में पांच सीट पर 63.25 प्रतिशत, अरुणाचल प्रदेश में दो सीट पर 63.27 प्रतिशत, सिक्किम में एक सीट पर 68.06 प्रतिशत, नागालैंड में एक सीट पर 55.79 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मिजोरम में एक सीट पर 52.73 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में आठ सीटों पर 53.56 प्रतिशत, उत्तराखंड में पांच सीटों पर 57.54 प्रतिशत, अंडमान-निकोबार में एक सीट पर 56.87 प्रतिशत, महाराष्ट्र में पांच सीटों पर 54.85 प्रतिशत, लक्षद्वीप में एक सीट पर 59.02 प्रतिशत, राजस्थान में 12 सीटों पर 50.27 प्रतिशत, तमिलनाडु की 39 सीटों पर 62.02 प्रतिशत वोट डाले गये थे। पश्चिम बंगाल पूर्वोत्तर राजस्थान और अन्य जगहों पर विभिन्न मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही पुरुष और महिला मतदाताओं की लंबी कतारें लग गयी थीं। पहली बार मताधिकार पाने वाले युवा मतादाताओं में मत देने को लेकर खासा उत्साह नजर आया। निर्वाचन आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार, सभी 21 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में पहले चरण की मतदान प्रक्रिया सुचारु रूप से और शांतिपूर्वक चल रही है। अरुणाचल प्रदेश की 60 और सिक्किम की सभी 32 विधान सभा सीटों पर भी आज मतदान कराया गया। चुनाव आयोग ने मतदान को स्वतंत्र और निष्पक्ष तरह से संपन्न कराने के लिये पर्यवेक्षकों की तैनाती के अलावा सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध किये हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त अपने दो सहयोगी चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखवीर सिंह संधू के साथ आयोग के मुख्यालय से पूरी प्रक्रिया पर निगाह रखे हुये हैं।

## बिहार में शाम पांच बजे तक 48 प्रतिशत हुआ मतदान

निज संवाददाता | पटना




लोकसभा चुनाव के पहले चरण में कड़ी सुरक्षा के बीच बिहार की चार सीटों औरंगाबाद, गया, नवादा एवं जमुई में शुक्रवार को मतदान हुआ। निर्वाचन विभाग के मुताबिक 2019 के मुकाबले इस बार 5 फीसदी कम वोटिंग हुई। नवादा में सबसे कम 41.50 फीसदी वोट पड़े। गया में सबसे अधिक 52 फीसदी वोटिंग हुई। औरंगाबाद और नवादा में 50-50 प्रतिशत वोट पड़े। गया से आरजेडी प्रत्याशी और पूर्व मंत्री कुमार सर्वजीत ई रिक्शा से वोट डालने पहुंचे। वहीं नवादा से आरजेडी प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा ने भी वोट डाला। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने मुंगेर के तारापुर में अपना वोट डाला। सभी जगहों पर शांतिपूर्ण मतदान हुआ। बिहार में 7903 बूथों पर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सामान्य बूथों पर सुबह 7 बजे से 6 बजे शाम तक और अति संवेदनशील बूथों पर सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान हुआ। चारों सीटों पर 38 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं मुख्य मुकाबला इंडिया गठबंधन व एनडीए के प्रत्याशियों के बीच होगा। पहले चरण में कुल 7903 बूथ बनाए गए हैं, जिनमें 5021 बूथों को अति संवेदनशील घोषित किया गया है। 4 सीटों पर कुल 76,01,629 मतदाता हैं। इस चरण में 63.5 फीसदी यानी 5021 बूथ अति संवेदनशील घोषित किए गए हैं। औरंगाबाद में 1701, गया में 995, नवादा में 666 और जमुई में 1659 बूथों को अति संवेदनशील घोषित किया गया है। गया से एनडीए उम्मीदवार जीतराम मांझी है, तो वहीं आरजेडी के कुमार सर्वजीत हैं। जमुई से चिराग पासवान के जीजा अरुण भारती के खिलाफ आरजेडी की अर्चना रविदास के बीच मुकाबला है। नवादा में आरजेडी के श्रवण कुशवाहा और एनडीए के विवेक ठाकुर की टक्कर है। वहीं औरंगाबाद में आरजेडी के अभय कुशवाहा और एनडीए के सुशील सिंह के बीच मुकाबला है।

### पिछले साल के मुकाबले 5 फीसदी कम वोटिंग

बिहार के पहले चरण में पिछले साल के मुकाबले इस बार 5 फीसदी कम वोट पड़े। औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई में 2019 के लोकसभा चुनाव में 53.74 फीसदी मतदान हुआ था। इस बार 48.23 फीसदी वोटिंग ही हुई है। यह शाम 6 बजे तक का डेटा है।

## सोना चांदी



| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹74, 340 | ₹86,500 |

## आज का इतिहास

- 1997 : श्री इन्द्र कुमार गुजराल भारत के 12वें प्रधानमंत्री बने।
- 2011 : भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के उपग्रह प्रक्षेपण यान 'पीएसएलवी' ने तीन उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में स्थापित किया।

## न्यूज बाइट्स

### मिनी गैरेज में लगी आग, 10 लाख का नुकसान

पटना (नि. सं.)। बिहटा थाना से महज कुछ ही दूरी पर रामनगर गांव के पास देर रात एक मिनी गैराज में अचानक आग लग गई।आग की लपटें इतनी तेज थी की देखते देखते गैराज में लगी आधा दर्जन कारें इसकी चपेट में आ गईं। आसपास के ग्रामीण और गैराज मालिक आग को बुझाने का बहुत प्रयास किया और फिर स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचित किया। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड के कर्मी रमन कुमार,सुनील कुमार समेत अन्य लोगों कड़ी मेहनत के बाद आग पर करीब दो घंटे के बाद छोटी और बड़ी दमकल की गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तबतक करीब 10 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति जलकर खाक हो गया। गुरुवार देर रात करीब दो बजे अचानक सूचना मिली की गैराज में आग लग गई है। सूचना पर पीड़ित व्यक्ति गैराज धू धूकर जल रहा था। विजय कुमार ने बताया की दुकान के पास में ही एक मैरेज हॉल है।

### 11वीं में निजी स्कूलों में प्री-बोर्ड रिजल्ट पर मिलेगा दाखिला

पटना (नि. सं.)। पटना के निजी स्कूलों में 11वीं में नामांकन की प्रक्रिया काफी तेजी से चल रही है। हालांकि, अभी तक सीबीएसई और आईसीएसई के 10वीं बोर्ड रिजल्ट नहीं आए हैं। फिर भी कई स्कूलों में नामांकन के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। दरअसल, निजी स्कूलों में सिर्फ 11वीं कक्षा के लिए में प्रोविजनल नामांकन लिए जा रहे हैं। स्कूलों की ओर से अभी प्री-बोर्ड रिजल्ट और एंट्रेंस एग्जाम में मिले अंक के आधार पर नामांकन लिया जाएगा।

### एयर इंडिया ने तेल अवीव जाने वाली सभी उड़ानें रोकी

नईदिल्ली (ए.)। एयर इंडिया की सभी उड़ाने 30 अप्रैल तक तेल अवीव में उड़ान नहीं भरेंगी। ईरान और इजराइल के बीच गहराते युद्ध के खतरे को देखते हुए यह फैसला किया है। गौरतलब है कि हाल के दिनों में ईरान और इजराइल में तनाव चरम पर पहुंच गया है। दोनों देश ने एक दूसरे पर एक-एक बार भीषण हमला भी किया है। पहले ईरान ने इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया। इसके बाद आज यानी शुक्रवार को इजराइल ने ईरान की कई शहरों से मिसाइलों और फाइटर प्लेन से निशाना बनाया है। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए एयर इंडिया की ओर से लिखा गया है कि मध्य पूर्व में गहराते टेंशन को देखते हुए तेल अवीव से हमारी उड़ानें 30 अप्रैल 2024 तक निलंबित रहेंगी। हम लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और अपने यात्रियों को सहायता प्रदान कर रहे हैं, जिन्होंने इस अवधि के दौरान तेल अवीव से यात्रा के लिए बुकिंग की है, वो अपने टिकट कैंसिल करा ले, इसके लिए कंपनी ने टिकट कैंसल के शुल्क पर एक बार की छूट भी दी गई है।

## नहर में गिरी ट्रैक्टर ट्रॉली, जीजा-साले समेत तीन की हुई मौत, 12 लोग गंभीर, स्पीड ब्रेकर की वजह से हादसा

निज संवाददाता | आरा (भोजपुर)



भोजपुर जिला के चरपोखरी में गुरुवार देर रात सड़क हादसे में जीजा-साले समेत 3 लोगों की मौत हो गई। 12 से ज्यादा लोग घायल हैं। चरपोखरी थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव में मुकुंदपुर छोटी नहर के पास तिलक से लौट रही ट्रैक्टर ट्रॉली नहर में पलट गई। इस ट्रैक्टर पर 20 से 25 मजदूर बैठे हुए थे। सभी मुकुंदपुर गांव के रहने वाले विनोद की बेटी फूला कुमारी के तिलक समारोह में गए थे। घायलों ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली की स्पीड ज्यादा थी। स्पीड ब्रेकर पर चढ़ते ही ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और नहर में पलट गया। हादसा चरपोखरी थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव के पास हुआ। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई और रेस्क्यू कर सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भेजा गया है। घायलों को आरा सदर अस्पताल में कराया गया है।

### मरने वालों में 2 जीजा-साले भी

मरने वालों में अगिआंव बाजार क्षेत्र के तिवारीडीह के खैरी गांव निवासी स्वर्गीय अघानु मुसहर का 60 साल का बेटा भदई मुसहर, अगिआंव बाजार के तिवारिडीह खैरी गांव के जगदीश मुसहर का 40 साल का बेटा निर्मल मुसहर और गड़हनी थाना क्षेत्र के नतमपुर गांव निवासी टेंगारी मुसहर का 40 साल का बेटा जगत मुसहर शामिल हैं। जगत मुसहर और निर्मल मुसहर आपस में जीजा-साले थे। घायलों में अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के खैरी तिवारीडीह गांव निवासी जानू राम के बेटे भानु कुमार, रंगू मुसहर के बेटे कमल मुसहर,भदयी राम के बेटे हरेंद्र राम, बीरेंद्र मुसहर,चरपोखरी थाना क्षेत्र के नगरी गांव निवासी दुखन राम के बेटे मालिक राम समेत 12 से ज्यादा लोग शामिल हैं।

## सड़क हादसे में तीन की मौत

निज संवाददाता | गिरिडीह(झारखंड)

गिरिडीह में अलग-अलग हुए सड़क हादसे में 3 लोगों की जान चली गई। वहीं एक मवेशी की भी मौत हो गई। इसके अलावा 6 लोग गंभीर रूप से घायल है। पहली घटना देवरी थाना क्षेत्र में हुआ है। यहां जमुआ देवघर मुख्य मार्ग पर हुए सड़क दुर्घटना में एक युवक व एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई। वही पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना गुरुवार देर रात की है, जो देवरी थाना क्षेत्र के कांटीदिघी के लिलैया मोड़ (रानीपोखर) के पास हुए सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक मौत हो गयी। वहीं बाइक पर सवार दो किशोर घायल हो गया। मृतक की पहचान देवरी थाना क्षेत्र के झगराही (बेलाटांड़) गांव के लॉरेंस टुडू के छब्बीस पुत्र आनंद टुडू के रूप में हुई है। वहीं इस घटना में समीर टुडू 15 वर्ष व अनूप टुडू 16 वर्ष घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार झगराही गांव आनंद टुडू, समीर टुडू व अनूप टुडू अपाची बाइक से जतरा कार्यक्रम देखने भेलवाघाटी थाना क्षेत्र के खोटो गांव जा रहा था। इसी क्रम में रानीपोखर के पास बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से लोहे की रेलिंग की टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस घटना में आनंद टुडू की मौत मौके पर हो गयी। घटना की सूचना पर देवरी थाना के एसआई उपेन्द्र यादव मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लिया। वही शुक्रवार अहले सुबह इसी मार्ग पर देवरी थाना क्षेत्र के चतरो हटिया के पास दो बाइको में हुए आमने सामने टक्कर में बाइक चालक ( बिहार) चकाई थाना क्षेत्र के तिवारीडीह गांव के 35 वर्षीय प्रकाश मोहली व भेलवाघाटी थाना क्षेत्र के लोही गांव के 28 वर्षीय युवक गुड्डू राम घायल हो गया। साथ इसी थाना क्षेत्र के मकडीहा गांव के पास बाइक सवार गाय से टकरा कर जख्मी हो गया।

## शिक्षक भर्ती की रद्द परीक्षा 10 से 12 जून बीच होगी निर्धारित



निज संवाददाता

पटना। बिहार लोक सेवा आयोग ने शुक्रवार को संशोधित परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया। आयोग की ओर से जारी कैलेंडर के अनुसार तीसरे चरण की रद्द शिक्षक भर्ती परीक्षा 10 से 12 जून के बीच होगी। तीसरे चरण के माध्यम से 87774 शिक्षकों की भर्ती पहली से 12वीं तक होनी है। सभी वर्गों के लिए अलग-अलग सीटें निर्धारित हैं। बता दें कि 15 मार्च को शिक्षक भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने से इसे रद्द करना पड़ा था। इस परीक्षा के लिए पांच लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। वहीं तीसरे चरण की शिक्षक बहाली परीक्षा का परिणाम 10 जुलाई तक जारी करने का लक्ष्य बीपीएससी ने रखा है। इसके अलावा 40247 हजार से अधिक पदों के लिए निकली प्रधान शिक्षक और प्रधानाध्यापक भर्ती परीक्षा का आयोजन भी जून में ही होगा। 13 जून को प्रधान शिक्षक तो 14 जून को प्रधानाध्यापक के लिए परीक्षा होगी। प्रधानाध्यापक के लिए 6064 पदों पर भर्ती होगी। इन दोनों के लिए आवेदन पहले ही लिया जा चुका है। दोनों परीक्षाओं के लिए लगभग डेढ़ लाख आवेदन आए हैं। प्रधान शिक्षक का रिजल्ट 18 जुलाई और प्रधानाध्यापक का रिजल्ट 20 जुलाई को संभावित है।

## अग्निवीर भर्ती परीक्षा का शेड्यूल जारी तीन शिफ्टों में होगा ऑनलाइन एग्जाम

निज संवाददाता

मुजफ्फरपुर। प्रत्येक छह महीने पर होने वाली इंडियन आर्मी अग्निवीर भर्ती परीक्षा के इस बार का विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया गया है। 15 अप्रैल को एडमिट कार्ड भी जारी कर दिया गया था। मुजफ्फरपुर सेना भर्ती एआरओ के अंतर्गत मुजफ्फरपुर, दरभंगा और समस्तीपुर के पांच ऑनलाइन सेंटरों पर तीन शिफ्टों में अग्निवीर की ऑनलाइन परीक्षा ली जाएगी। अलग-अलग श्रेणियों के पदों पर भर्ती वाले अभ्यर्थियों के लिए शिफ्ट वाइज परीक्षा की तिथि जारी कर दी गई है। श्रेणी वाइज प्रश्न पत्र सेट किया गया है। उनकी टाइमिंग भी अलग होगी। अग्निवीर जनरल ड्यूटी की परीक्षा सुबह साढ़े आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक, दूसरी पाली साढ़े ग्यारह से दोपहर साढ़े 12 बजे तक तथा तीसरी पाली ढ़ाई से साढ़े तीन बजे तक ली जाएगी। उसके बाद अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर ट्रेड्समैन आठवीं पास, अग्निवीर ट्रेड्समैन दसवीं पास की परीक्षा होगी। इसके बाद आरटी जेसीओ, आरटी पंडित, पादरी, बुद्धिज्म पद के लिए परीक्षा ली जाएगी। अग्निवीर जनरल ड्यूटी से अग्निवीर टेक्निकल ड्यूटी वालों के लिए 50 अंकों का पश्नपत्र होगा। टाइमिंग 60 मिनट और अन्य का 100 अंक और समय दोगुना यानी 120 मिनट का समय आनलाइन परीक्षा के लिए दी जाएगी।

## तेजस मार्क 1ए के लिए वायु सेना के साथ अभी अनुबंध नहीं हुआ : एचएएल

नयी दिल्ली (ए.)। रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि 97 तेजस मार्क 1ए लड़ाकू विमानों की खरीद के संबंध में अभी वायु सेना के साथ समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किये गये हैं। एचएएल ने मीडिया में इस समझौते के संबंध में आ रही खबरों के बाद यह स्पष्टीकरण दिया है। एचएएल ने कहा है कि अभी उसे संबंध में रक्षा मंत्रालय से केवल अनुरोध प्रस्ताव यानी आरएफपी मिला है और वायु सेना के साथ खरीद से संबंधित समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किये गये हैं।

## नीतीश ने आंतकी हमले में बिहार के श्रमिक की मौत पर जताया शोक



पटना (ए.)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में हुये आतंकी हमले में बिहार के बांका जिले के नवादा बाजार के रहने वाले श्रमिक राजा शाह की मौत पर आज गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। श्री कुमार ने कहा है कि यह घटना अत्यंत दुखद है और वह इस घटना से मर्माहत हैं। उन्होंने मृतक के परिजनों को दु:ख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## प्राइवेट और सरकारी स्कूलों का बदला समय

निज संवाददाता | पटना

पटना में अब सभी निजी और सरकारी स्कूल सुबह 11:30 तक ही संचालित होंगे। डीएम शीर्षत कपिल अशोक के इसको लेकर लेटर जारी कर दिया है। उन्होंने कहा है कि अभी के समय में भीषण गर्मी और लू की स्थिति है। इसके कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। धारा-144 के तहत पटना जिला के सभी निजी और सरकारी स्कूल में 10वीं कक्षा तक सभी कक्षाओं के लिये शैक्षणिक गतिविधियों पर दोपहर 11.30 बजे से शाम 4 बजे तक प्रतिबंध लगाता हूं। यह आदेश कल 20 अप्रैल से लागू होगा और 30 अप्रैल तक प्रभावी रहेगा। मौसम विभाग ने आज 21 जिलों में लू को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। जिसमें गोपालगंज, सिवान, सारण, भभुआ, बक्सर, रोहतास, भोजपुर, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, गया, नवादा, पटना, शेखपुरा, नालंदा, जमुई, लखीसराय, बेगूसराय, बांका मुंगेर खगड़िया और भागलपुर शामिल है।

## केके पाठक ने 67 बीईओ की सैलरी बंद करने का दिया आदेश

पटना (नि.सं.)। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने राज्य के 25 जिलों के 67 प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों (बीईओ) का वेतन भुगतान बंद करने का आदेश दिया है। इसको लेकर विभाग ने संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारियों को शुक्रवार को पत्र भेजा है। विभाग ने कहा है तत्काल इनका वेतन बंद करते हुए स्पष्टीकरण पूछिए की कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का फोन ये क्यों नहीं रिसीव करते हैं। इन्हें बार-बार फोन करने पर भी ये पदाधिकारी बात नहीं करते हैं। शिक्षा विभाग ने कहा है कि कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में आई शिकायतों के संबंध में फोन कर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों से जानकारी ली जाती है। इसी क्रम में कई पदाधिकारी फोन ही नहीं उठाते हैं। यह खेदजनक है। विभाग ने कहा है कि अगर पहले से इनका वेतन बंद है तो इनके विरुद्ध आरोप पत्र गठित करें। अगर पहले से कोई निलंबित है या आरोप पत्र गठित है तो पूरक आरोप पत्र गठित करते हुए कठोर कार्रवाई की अनुशंसा करें।

## चुनाव के दौरान बालू घाटों पर चौकसी बढ़ाने का निर्देश

- जिलों को तमाम बालू घाटों की निरंतर जांच कर इसकी रिपोर्ट मुख्यालय को भेजने के लिए कहा गया है। जो पदाधिकारी जिस घाट का निरीक्षण करेंगे, वहां पहुंच कर वे एक सेल्फी लेने के साथ ही एक मिनट या इससे कम की वीडियो क्लिप बनाकर अपनी जांच रिपोर्ट में संलग्न करके भेजना होगा।

निज संवाददाता | पटना



लोकसभा चुनाव की धूम के बीच बालू के अवैध खनन पर भी खासतौर से चौकसी बरतने की कवायद शुरू कर दी गई है। खान एवं भूतत्व विभाग ने सभी जिलों के जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन को रोकने के लिए पूरी मुस्तैदी के साथ जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। इस बात की प्रबल संभावना रहती है कि चुनावी कार्य में पुलिस बल की तैनाती अन्य स्थानों पर होने और प्रशासन का ध्यान चुनावी कार्य में अधिक होने के कारण धंधेबाज इसका फायदा उठाने की फिराक में रहते हैं। इन मौकों का फायदा लेकर अवैध खनन करने में जुट जाते हैं। इसके मद्देनजर सभी जिलों को तमाम बालू घाटों की निरंतर जांच कर इसकी रिपोर्ट मुख्यालय को भेजने के लिए कहा गया है। जो पदाधिकारी जिस घाट का निरीक्षण करेंगे, वहां पहुंच कर वे एक सेल्फी लेने के साथ ही एक मिनट या इससे कम की वीडियो क्लिप बनाकर अपनी जांच रिपोर्ट में संलग्न करके भेजना होगा। वीडियो क्लिप में अपने स्वयं के फूटेज को भी कैपचर करना है। इससे यह स्पष्ट हो सके कि संबंधित पदाधिकारी ने स्पॉट पर पहुंच कर बालू घाट का निरीक्षण किया है।

इसके अलावा सभी घाटों पर बने बैरिकेटिंग और सभी जांच चौकी या चेक पोस्ट को भी पूरी तरह से मुस्तैद रहने के लिए कहा गया है। सभी चेक पोस्ट से गुजरने वाली तमाम गाड़ियों की जांच की जाएगी। बालू ढोने वाली गाड़ियों में जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस अनिवार्य रूप से लगाना है। इसकी भी जांच करने के लिए सभी पदाधिकारियों को कहा गया है। बालू घाटों पर अवैध खनन के मानकों की जांच के साथ ही घाटों के डिमार्केशन एरिया या चिन्हित किए गए क्षेत्र से बाहर खनन नहीं हो, ऐसे ही करीब एक दर्जन बिन्दुओं पर पदाधिकारियों को जांच करने के समुचित निर्देश दिए गए हैं। अवैध खनन की रोकथाम या छापेमारी में स्थानीय थानों की पुलिस के अलावा एसटीएफ या जिला प्रशासन से अतिरिक्त बल लेकर कार्रवाई कर सकते हैं। छापेमारी में अतिरिक्त बल मुहैया कराने के लिए सभी जिलों को विभाग ने पहले ही निर्देश दे रखा है।

BAYC Institute
स्थापित : 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th
DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2
MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS
BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course
PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus


Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties
» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|
Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### बीएलओ की लापरवाही से जीवित मतदाता मतदान देने से रहीं वंचित



**रजौली।** इंटर विद्यालय के प्रांगण में मतदान केंद्र संख्या 289 पर बीएलओ की लापरवाही से जीवित महिला मतदाता वोट देने से वंचित रह गयी।नवादा लोकसभा 39 के विधान सभा क्षेत्र के रजौली 235 के उपरटंडा मोहल्ले में निवास करने वाली महिला वोटर उषा देवी पति राजेंद्र प्रसाद को उस वक्त मायूस होकर लौटना पड़ा जब उन्हें लोकतंत्र के महापर्व में मतदान देने से वंचित कर दिया गया। महिला ने बताया कि वह अपने पति के साथ लोकतंत्र के महापर्व में योगदान देने पहूंची लेकिन उनके नाम के आगे बीएलओ ने डीलीटेट का मोहर लगा दिया।इसको लेकर मतकेंद्र पर मौजूद पीठासीन पदाधिकारी से भी वोट दिलाने को लेकर मिन्नतें की गई।लेकिन पीठासीन पदाधिकारी ने वोटर लिस्ट में डीलीटेट का मोहर लगी होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया गया। वहीं इस मामले में एसडीओ सह सहायक निर्वाचन पदाधिकारी आदित्य कुमार पीयूष से बात की गई तो उनके द्वारा पीठासीन पदाधिकारी से बात कहने की बात कही गई। लेकिन इस मामले में किंही के द्वारा घंटो कोई मदद नहीं मिलने के बाद महिला मतदाता मायूस होकर अपने घर लौट गयीं।मतदाताओं ने कहा कि प्रशासन के विफलता के कारण बीएलओ धरातल पर जाकर कार्य नहीं करते हैं। जिसका नतीजा है कि सैकड़ों लोगों के जीवीत रहते मृत घोषित कर डीलीटेट कर दिया गया है। एवं मृत व्यक्तियों को अब तक जीवित रखा जा रहा है।सिर्फ इतना हीं बूथ संख्या 274 के बीएलओ के द्वारा मतदाता पर्ची नहीं बांटी गई है। जिसके कारण मतदाताओं को काफी फजीहत का सामना करना पड़ा है। इधर हरदिया पंचायत के सेक्टर ए के मतदाता राजो भुइंया एवं रेखा देवी ने बताया कि मतदान केंद्र 309 एवं 310 के मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची बीएलओ के द्वारा वितरण नहीं किये जाने से हमलोगों को वोट देने के लिए घंटो इधर उधर मिलान करने के लिए भटकना पड़ा है।

### बूथ स्थानांतरण से आक्रोशित दनियाँ गांव के महज 20 मतदाताओं ने डाले अपना वोट



**कौआकोल।** नवादा संसदीय क्षेत्र के गोविंदपुर विधानसभा अंतर्गत कौआकोल प्रखण्ड के बूथ संख्या- 328 पर लोकसभा चुनाव को लेकर मात्र 20 मतदाताओं ने अपना वोट का प्रयोग किया। बताया जाता है कि यहाँ के मतदाताओं में मतदान केंद्र उनके गांव (प्राथमिक विद्यालय दनियाँ) से स्थानांतरित कर दूसरे गांव (उत्क्रमित मध्य विद्यालय पचम्बा) में कर दिए जाने से काफी नाराजगी थी। जिस कारण इस गांव के मतदाताओं ने अपनी नाराजगी का इजहार करते हुए वोट का बहिष्कार कर दिया था। दोपहर साढ़े तीन बजे तक एक भी मतदाताओं ने अपने वोट नहीं डाले। यहां तक कि इस मतदान केंद्र पर किसी भी राजनीतिक दल अथवा निर्दलीय प्रत्यशी का पोलिंग एजेंट (मतदान अभिकर्ता) तक नहीं पहुँच सका था। जिसके बाद स्थानीय प्रशासन लोगों को लगातार प्रेरित करती रही। पीठासीन अधिकारी राज कुमार प्रसाद सिन्हा ने बताया कि बूथ संख्या-328 पर कुल 762 मतदाताओं में 391 पुरूष एवं 371 महिला है। साढ़े तीन बजे तक एक भी मतदाताओं ने अपना वोट नहीं डाले। परन्तु इसके बाद 20 मतदाताओं ने मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपना अपना मतों का प्रयोग किया। बता दें कि दनियाँ गांव के मतदाताओं का बूथ उनके गांव में ही प्राथमिक विद्यालय दनियाँ में है। परंतु सुरक्षा कारणों से प्रशासन द्वारा उसे बार-बार स्थानांतरित कर उत्क्रमित मध्य विद्यालय पचम्बा कर दिया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार इस गांव में जाने के लिए सड़क मार्ग का साधन नहीं है। मुख्य मार्ग से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी जबकि जंगली मार्ग से लगभग पांच-सात किलोमीटर की पैदल दूरी तय कर मतदाताओं को स्थानांतरित मतदान केंद्र में वोट डालने जाना पड़ता है। पूर्व से ही सड़क निर्माण की मांग ग्रामीणों द्वारा की जाती रही है। परंतु आज तक उनलोगों के गांव तक जाने के लिए सड़क का निर्माण नहीं किया जा सका है। सड़क निर्माण कार्य नहीं होने एवं बूथ स्थानांतरण से आक्रोशित ग्रामीणों ने वोट का बहिष्कार कर दिया था। परन्तु काफी मशक्कत के बाद यहां 20 मतदाताओं ने अपने वोट डाले।

### चुनाव कराने पश्चिम बंगाल गए झारखंड में पदस्थापित कौआकोल के सीआरपीएफ जवान की मौत



**कौआकोल।** पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में पहले चरण का मतदान कराने गए नवादा जिला के कौआकोल प्रखण्ड के कटनी गांव निवासी एक सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक सीआरपीएफ जवान नीलेश कुमार नीलू 214 वीं बटालियन में लातेहार (झारखंड) में पदस्थापित थे। जहां से उन्हें चुनावी कार्य हेतु पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में ड्यूटी में लगाया गया था। जहां गुरुवार की रात्रि बाथरूम में पैर फिसलकर अचानक गिर जाने से उनके सर में गहरी चोंट आई एवं ईलाज के दरम्यान उनकी अस्पताल में मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद मृतक के गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

### चिलचिलाती धूप एवं लहर ने मतदान को किया धीमा

**रजौली।** प्रखण्ड क्षेत्र में चिलचिलाती धूप एवं तेज गर्म लहर ने मतदाताओं को घर में कैद कर रखा,जिसके कारण मतदान प्रतिशत धीमा रहा।जबकि किसी भी मतदान केन्द्र पर धूप से बचाव की व्यवस्था नदारद रही।वहीं प्याऊ जल की भी कोई व्यवस्था नहीं दिखी।कुण्डला मोहल्ला के बूथ संख्या 273 पर मतदान करने आये धीरज कुमार सोनी ने कहा कि वे बीते दो घण्टों से मतदान के लिए कतार में खड़े हैं।उसके बावजूद पानी पीने के लिए मतदान केन्द्र पर कोई व्यवस्था नहीं थी।जिसके कारण दर्जनों मतदाताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है।वहीं मतदाता लवली रीनू रंजन ने कहा कि मतदान केन्द्र के आसपास धूप से बचाव को लेकर प्रशासन द्वारा कोई व्यवस्था नहीं थी।पीठासीन पदाधिकारी समेत अन्य मतदान कर्मी तो बरामदे में छाया में खड़े थे,जबकि मतदाता कड़ी धूप एवं तेज लहर में खड़े होकर मतदान करने को मजबूर थे।वहीं कुछ मतदाता छत के छज्जा के नीचे किसी तरह छुपकर धूप से खुद को बचाते दिखे,तो वहीं कुछ मतदाता मतदान केंद्र में रहे पेड़-पौधों की आड़ में छिपते दिखाई दिए।

### सोनबर्षा गावं के ग्रामीणों ने वोट का किया था बहिष्कार, समझाने बुझाने के बाद मतदान हुआ प्रारम्भ

**वारिसलीगंज।** प्रखंड अंतर्गत सोनबर्षा गावं स्थित बूथ नंबर 127के मतदाताओं ने गावं में आवागमन की सुविधा के लिये सड़क की मांग को लेकर ग्रामीणों ने वोट का बहिष्कार किया. करीब दो घंटे तक मात्र 8मतदाताओं ने अपने मतधिकार का प्रयोग किया था. इस बीच प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थानाध्यक्ष रुपेश कुमार सिन्हा के द्वारा समस्याओं के निष्पदन के लिये वरीय पदाधिकारी एवं सबंधित अधिकारी तक मामले को पहुंचाने के आश्वाशन के बाद ग्रामीणों ने मतदान करना प्रारम्भ किया. आश्वाशन के बाद गावं के लोगों ने उत्साह पुर्वक बढ़ चढ़ कर वोट किया.

### गोपालपुर पुलिस ने 01 अवैध हथियार एंव 02 जिदा कारतूस के साथ 01 अपराधकर्मी को किया गिरफ्तार

**बेतिया।** दिनांक -18/19.04.2024 को रात्रि में गोपालपुर थाना को गुप्त सूचना मिली कि ग्राम गोपालपुर में ब्रहस्थान के नजदीक अवैध हथियार के साथ अपराधी मौजुद है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पुलिस को देखते ही अपराधी भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ा गया। गिरफ्तार व्यक्ति से नाम पता पुछने पर अपना नाम मनोरंजन पाण्डेय उर्फ मुकेश पाण्डेय उम्र 35 वर्ष पे० श्री भोला पाण्डेय सा० गोपालपुर थाना गोपालपुर जिला-पश्चिम चम्पारण बेतिया बताया।

# 101 मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ मतदान

**निज संवाददाता। नारदीगंज**



18 वीं लोकसभा चुनाव शुक्रवार को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न हो गया। चौक चौबंद व्यवस्था व सुरक्षा के बीच मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।शाम चार बजे तक 44 प्रतिशत मतदान होने की बात कही जा रही है।थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों के अलावा अर्द्ध सैनिक बल मुस्तैदी से लगे रहे। महिला पुलिस कर्मी भी बूथ पर डटे रहे।बीडीओ रंजीत कुमार ने कहा मतदान सुबह सात बजे से मतदान शुरू हुई, जो छह बजे शाम तक मतदाताओं ने ईवीएम मशीन से वोट डालने का कार्य किया। मतदान केंद्र संख्या 64 में ईवीएम मशीन खराब हो जाने से आधे घण्टे के बाद मतदान शरू हुआ। मतदाताओं में कोई खास उत्साह नहीं देखा गया। अधिकांश मतदान केंद्र पर सन्नाटा छाया रहा । मतदाताओं की भीड़ नजर नहीं देखी गई। मतदान केंद्रों पर वोटर पहुंच कर अपना वोट दे रहे थे। महिला मतदाता ने बढ़ चढ़ कर वोट दिया।युवा मतदाता भी अपने मताधिकार का बढ़ चढ़ कर वोट डालें।वही उत्क्रमित मध्य विद्यालय बस्ती बिगहा स्थित बूथ संख्या 38 पर महिला व पुरूष मतदाताओं की लंबी कतार देखी गई,कड़ी धूप व लू का परवाह किये बिना लोग मतदान में भाग लिया। सदर एसडीओ अखिलेश कुमार व एसडीपीओ ने बूथ संख्या ,39,40,41,95,96,97 ,98,99 ,100 समेत अन्य मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। सुबह 10 बजे तक 12 प्रतिशत मतदान हुआ। वही 12 बजे तक तकरीबन 24 प्रतिशत मतदान हुआ।दोपहर के बाद मतदान का प्रतिशत बढ़ा। शाम चार बजे तक 44 प्रतिशत मतदान होने की बात कही गई है।चुनाव में 15 सेक्टर पदाधिकारी अपने सेक्टर में विधि व्यवस्था में लगे रहें। सेक्टर पदाधिकारी में एमओ रवि रंजन कुमार,बीईओ महेश्वर रविदास, बीएओ शशि भूषण झा,प्रखंड उद्यान पदाधिकारी विकास वैभव,कृषि समन्वयक रुंजय कुमार समेत अन्य सेक्टर पदाधिकारी चुनाव में डटे रहे। नारदीगंज प्रखंड के 101 मतदान केंद्रों पर चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हुआ।इस दौरान दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं ने बैलेट से वोट डालने का कार्य किया। इस प्रखंड में 95 हजार 567 मतदाता हैं। जिसमे 49 हजार 193 पुरूष मतदाता व 46 हजार 374 महिला मतदाता हैं। इस चुनाव में आठ उम्मीदवार अपने किस्मत को आजमा रहे है। त्रिकोणीय मुकाबले होने की सम्भावना दिख रही है। मतदाताओं ने वोट देकर अपना कार्य पूरा कर दिया,सभी उम्मीदवार का भाग्य ईवीएम मशीन में कैद हो गया है। आगामी चार जून 2024 को किसके सिर पर ताज होगा,यह तो अब वक्त बतायेगा। संवाद प्रेषण तक वोटिंग जारी रहा ।

## वाहनों के आवागमन नगण्य होने से जांच चौकी पर पसरा रहा सन्नाटा




**निज संवाददाता। रजौली**

लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार-झारखण्ड के सीमा पर चितरकोली पंचायत स्थित समेकित जांच चौकी पर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व बिहार पुलिस की तैनाती की गई थी।जिनका मुख्य कार्य झारखण्ड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच कर संदिग्ध वस्तुओं के अलावे अधिक मात्रा में पैसों आदि का जांच किया जाना था।जबकि बिहार मद्दनिषेध को लेकर उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार के नेतृत्व में उत्पाद बलों की मदद से पूर्व की भांति जांच यथावत रही।वहीं मतदान के दिन जांच चौकी पर मजिस्ट्रेट के रूप में पंचायत रोजगार सेवक राहुल कुमार के साथ एसआई पिंकी कुमारी पुलिस बलों के साथ तैनात रहे। वहीं उत्पाद बलों एएसआई पंचम लाल धीरज, एएसआई राकेश कुमार एवं गृहरक्षक जवान अरुण कुमार ड्यूटी में मौजूद रहे।वहीं ड्यूटी में रहे मजिस्ट्रेट ने कहा कि एक तरफ क्षेत्र में मतदान है।वहीं दूसरी ओर सड़कों पर वाहनों की आवागमन भी काफी कम है।उन्होंने कहा कि लग्न में शामिल होने वाले ही लोग सफर कर रहे हैं।जिसके कारण जांच चौकी पर सन्नाटा पसरा हुआ है।उन्होंने कहा कि वरीय पदाधिकारियों द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में जांच चौकी पर बिहार प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की जांच जारी है।वहीं चुनाव को देखते हुए व्यवसायिक वर्ग भी अपने-अपने प्रतिष्ठानों को बन्द कर परिजनों के साथ वोट देने बूथ पहुंचे।जिसके कारण पूरे बाजार क्षेत्र में भी सन्नाटा पसरा रहा।

## भीषण आगजनी में आधा दर्जन से अधिक घर जलकर हुआ राख

**निज संवाददाता। कौआकोल**



कौआकोल थाना क्षेत्र के महुडर पंचायत के महुलियाटांड़ गांव के रेहड़ी टोला में अचानक आग लग जाने से आधा दर्जन से अधिक घर जलकर राख हो गया। जिसमें लाखों रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है। सभी घर अनुसूचित परिवार के बताए जाते हैं। ग्रामीणों द्वारा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। सूचना के बाद पहुंची अग्निशमन की टीम ने भी आग बुझाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजली की शार्ट सर्किट से अचानक आग लग जाने से महुलियाटांड़ गांव के रेहड़ी टोला निवासी कीरत रविदास, गोगल रविदास, मितन रविदास, रामचन्द्र रविदास, गोपाल रविदास, कारु रविदास, विजय रविदास, अशोक रविदास, सुखदेव रविदास आदि परिवार के घर में आग लग गया। जिससे घर मे रखे अनाज, कपड़ा, नकदी, आभूषण समेत लाखों रुपए मूल्य की सम्पत्ति जलकर राख हो गया। आग की लपटें इतनी भयावह थी कि ग्रामीणों को आग बुझाने में कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा।

# नक्सल प्रभावित बूथों पर एसएसबी बलों की मदद से हुआ मतदान





**निज संवाददाता। रजौली**

प्रखण्ड के धमनी, सवैयाटांड़, फरका बुजुर्ग, हरदिया एवं जोगियामारण पंचायत समेत अन्य नक्सल प्रभावित गांवों के विभिन्न बूथों पर एसएसबी बलों की मौजूदगी में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ।साथ ही नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के बूथों का मतदान प्रतिशत शहरी क्षेत्र के बूथों से बेहतर रहा।विधानसभा क्षेत्र में 102 नक्सल प्रभावित बूथ,161 संवेदनशील बूथ एवं 75 सामान्य बूथ थे।

सुबह के लगभग 11 बजे तक धमनी के मध्य विद्यालय एवं उच्च विद्यालय में रहे बूथ संख्या 329,330 एवं 331 में लगभग 35% मतदान हो चुका था।ड्यूटी में रहे पीठासीन पदाधिकारी रामनरेश प्रसाद ने कहा कि बूथों की सुरक्षा हेतु एसएसबी की तैनाती बूथ के छत एवं प्रांगण में किया गया था।वहीं ग्रामीण एवं जंगली क्षेत्रों में एसएसबी के जवान दर्जनों मोटरसाइकिल से फ्लैग मार्च कर असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर बनाए हुए थे।वहीं हरदिया पंचायत के फुलवरिया डैम पार स्थित सुअरलेटी गांव के बूथ संख्या 317 में भी एसएसबी,बिहार पुलिस एवं गृहरक्षक के जवान की मदद से शाम 3 बजे तक 50% मतदाताओं ने मतदान किया।

वहीं ड्यूटी में रहे पीठासीन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने कहा कि इस बूथ पर कुल 578 मतदाता हैं,जिनमें कुल 288 मतदाताओं ने मतदान किया।

# 45.38% मतदाताओं ने किया लोकसभा चुनाव में मतदान, प्रत्याशियों के भाग्य ईवीएम में कैद

## पुलिस एवं प्रशासन की चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न

**दो जगहों पर खराब ईवीएम की शिकायत पर बदला गया ईवीएम**

**निज संवाददाता। रजौली**



नवादा लोकसभा सीट हेतु रजौली विधानसभा में सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक चले मतदान में कुल 45.38% लोगों ने मतदान किया।विधानसभा में कुल मतदाताओं की संख्या 337441 थी,जिनमें 174766 पुरुष,162656 महिलाएं एवं 19 ट्रांसजेंडर शामिल थे।रजौली विधानसभा का कंट्रोल रूम प्रखण्ड परिसर स्थित सभागार में एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष,अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी अविनाश कुमार,बीडीओ अनिल मिस्त्री एवं बीपीआरओ राजन कुमार के अलावे अन्य दर्जनों कर्मी क्षेत्र के सभी बूथों पर हो रहे गतिविधियों की जानकारी इकट्ठा की जा रही थी।लोकसभा मतदान के लिए रजौली विधानसभा में कुल 338 बूथ बनाये गए थे,जिनमें 102 नक्सल प्रभावित बूथ,161 संवेदनशील बूथ एवं 75 सामान्य बूथ बनाये गए थे।वहीं इंटर स्कूल रजौली स्थित बूथ संख्या 288 को पिंक बूथ एवं हरदिया के प्राथमिक विद्यालय के दक्षिणी भाग स्थित बूथ संख्या 316 को दिव्यांग बूथ बनाया गया था।जहां दिव्यांगजनों के लिए व्हीलचेयर आदि की व्यवस्था की गई थी।लोकसभा चुनाव में नए एवं पुराने मतदाता समेत दिव्यांगजन काफी उत्साहित दिखाई दिए।मध्य विद्यालय रजौली स्थित बूथ संख्या 246 में सब-रजिस्ट्रार नरेश विश्वकर्मा अपनी पत्नी एवं बेटे के साथ मतदान करने पहुंचे।वहीं एक हाथ होने के बावजूद पुरानी बस स्टैंड के ओंकार मिस्त्री भी अपनी पत्नी के साथ मतदान किया एवं पोस्टऑफिस गली से पहली बार मतदान करने आई सिमरन कुमारी भी अपनी मां के साथ मतदान कर काफी खुश दिखाई दी।बूथ पर पहुंचे मतदाताओं ने विकास के नाम पर वोट देने की बात कही।मतदान के दौरान सुबह में ज्यादा लोग बूथों पर पहुंचे।वहीं जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया,बूथों पर भीड़ छंटने लगी और मतदान प्रतिशत की बढ़ती रफ्तार धीमी हो गई।मतदाताओं ने गर्मी एवं धूप में लम्बी-लम्बी कतारों में रहकर मतदान किया।जबकि सवैयाटांड़ पंचायत के सिमरातरी उर्दू विद्यालय स्थित बूथ संख्या 323 एवं चितरकोली पंचायत के गढ़ दिबौर के पंचायत भवन स्थित बूथ संख्या 337 में ईवीएम के खराब होने की सूचना मिलने पर तुरंत प्रशासन द्वारा नए ईवीएम की व्यवस्था कर मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से शुरू किया गया।वहीं कई लोगों ने शाम 4 बजे के बाद बूथों पर पहुंच मतदान करने पहुंचे,तो मतदानकर्मियों द्वारा मतदान का समय समाप्त होने की बात कहकर वापस घर भेज दिया गया।

## लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी के जज़्बे को सलाम

**निज संवाददाता। नवादा**



जिले के नगर क्षेत्र के अंसार नगर निवासी 80 वर्षीय मो. अनीस अंसारी लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी के रूप में जाने जाते रहे हैं। यही कारण है कि हर कोई उनके जज्बे को सलाम करने से बाज नहीं आते। लोकसभा चुनाव, विधानसभा का चुनाव हो या फिर नगर परिषद का मतदान के दिन मुहल्ले के वैसे मतदाताओं को जो शरीर से चलने फिरने में असमर्थ हैं उन्हें व्हिलचेयर से बारी बारी मतदान केंद्र न केवल लाने व मतदान समाप्ति के बाद उन्हें घर तक सुरक्षित पहुंचाने का दायित्व भलिभांति निभाते हैं। इसके एवज में किसी से कोई बख्शिस स्वीकार करना उनके फितरत में नहीं है। अनीस बताते हैं लोकतंत्र में मतदान का बहुत बड़ा महत्व है। हर किसी को मतदान अवश्य करना चाहिए। लेकिन वैसे लोग बंचित रह जाते हैं जो शरीर से अस्वस्थ या फिर चलने फिरने में विवश हो जाते हैं। फिर ऐसा करने से उन्हें आत्मसंतुष्टि मिलती है। मो. लड्डन बताते हैं बचपन से ही ऐसा हावी रहा है। जबसे होश संभाला उन्हें हर चुनाव में ऐसा करते पाया। यही कारण है कि उनके जज्बे को हर कोई सलाम करने से बाज नहीं आता।

### शादी समारोह से लौटने के दौरान छात्र को अनियंत्रित वाहन ने रौंदा, एक दोस्त पीएमसीएच रेफर

**निज संवाददाता। छपरा**

छपरा में तेज रफ्तार के कहर ने बीए के एक छात्र की जिंदगी निगल ली है। जबकि उसके दोस्त को गंभीर स्थिति में पीएमसीएच रेफर किया गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। मृत छात्र की पहचान छपरा शहर के भगवान बाजार थाना अंतर्गत दौलतगंज मोहल्ला निवासी मुन्ना कुमार के 18 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार सिंह के रूप में की गई है। वहीं गंभीर रूप से घायल युवक जलालपुर थाना क्षेत्र के कोठियां गांव निवासी मनोज सिंह का पुत्र कुणाल सिंह बताया गया है। घटना के संबंध में मृतक के परिवार वालों ने बताया कि वह शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था। वापस लौटने के क्रम में शहर के मुफस्सिल थाना अंतर्गत नैनी द्वारकाधीश मंदिर के समीप किसी अनियंत्रित वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिसके कारण रोहित की मौत जहां मौके पर हो गई। वहीं कुणाल गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके द्वारा इस घटना की सूचना उनको दी गई। सूचना के बाद वे लोग और पुलिस भी मौके पर पहुंची। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजा। वहीं गंभीर रूप से घायल कुणाल को सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए उसे पीएमसीएच रेफर किया गया है। वहीं सदर अस्पताल में मौजूद भगवान बाजार थाना पुलिस ने रोहित के शव को पंचनामा के बाद सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया और परिवार वालों को सौंप दिया गया है। वहीं इस घटना के बाद मृतक के परिवार वालों एवं दोस्तों में कोहराम मचा हुआ है।

# मतदान केंद्र पर तैनात सिपाही की एसएलआर व 20 गोली चोरी, सिपाही निलंबित

**निज संवाददाता। नवादा**



जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान हो रहा है। इस बीच कुछ ऐसा हुआ है, जिसके बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। जी हां, कड़ी सुरक्षा के बीच आरंभ हुये मतदान के बीच पकरीबरांवा थाना क्षेत्र के राजोबीघा गांव बूथ संख्या दांया भाग 234 पर सिपाही के एसएलआर व 20 कारतूस चोरी होने की बात सामने आयी है।

**सिपाही की एसएलआर व 20 कारतूस चोरी:-** मतदान केंद्र के करीब 200 मीटर की दूरी पर बारात ठहरी हुई थी। पोलिंग पार्टी के साथ पांच सुरक्षा बल गए थे, जिसमें एक उत्तम कुमार सिपाही, जिसकी रायफल व कारतूस रात को ही किसी ने चुरा ली।

**पुलिस महकमे में मचा हड़कंप:-** जिले के पकरीबरांवा थाना क्षेत्र के राजोबीघा गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय के दांया भाग में बने मतदान केंद्र नंबर 234 पर तैनात सिपाही समस्तीपुर जिला पुलिस बल 558 के उत्तम कुमार राउत का एसएलआर व 20 कारतूस गायब हो गया है, जिसमें 20 राउंड गोलियां भी लोडेड है। वारदात के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। पुलिस टीम रायफल की खोजबीन में जुट गयी है।

**सिपाही निलंबित:-** समस्तीपुर जिला बल के सिपाही उत्तम कुमार राउत का एसएलआर रायफल, जिसमें 20 राउंड गोलियां भी थीं। बताया जाता है कि सिपाही उत्तम कुमार को उक्त बूथ पर सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। जब जवान सुबह उठा तो वो अपने रायफल को उक्त स्थान पर नहीं पाया। हथियार की किसी अज्ञात द्वारा चोरी कर लिया गया है। पुलिस रायफल की खोजबीन में जुटी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही किसी नतीजे तक पहुंचा जा सकता है। फिलहाल रायफल गायब होने की घटना के बाद प्रशासन ने सख्त फैसला लिया है और सिपाही को निलंबित कर दिया है। इस बावत पकरीबरांवा थाना कांड संख्या 179/24 दर्ज कर मामले की जांच आरंभ की है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper

**परिजन बोले :** किसी का कॉल आया था, मेरे बेटे को बुलाकर मार डाला

# किशोर की चाकू मारकर हत्या



निज संवाददाता

**जहानाबाद**। जहानाबाद में घर से बुलाकर एक किशोर की चाकू मारकर हत्या कर दी गई है। घटना परस बीघा थाना क्षेत्र के सिकरिया गांव की है। किशोर सूरज कुमार को बदमाशों ने चाकू गोदा है। किशोर रोज सुबह दौड़ने निकलता था तभी अटैक हुआ है। मृतक की पहचान सूरज कुमार के रूप में हुई है। शुक्रवार को गांव के कुछ लोग जब सड़क के किनारे गए तो देखा कि उसका शव सड़क के किनारे फेंका हुआ है। घटना की सूचना गांव वालों को लगी। परिजन दौड़े दौड़े मौके पर पहुंचे तो देखा कि सड़क पर सूरज की लाश पड़ी है। परिजनों का कहना है कि टेलीफोन कर किसी ने इसे बुलाया और इसकी हत्या कर दी गई है। घटना से आक्रोशित लोगों ने 2 घंटे तक अरवल-जहानाबाद सड़क जाम रखा। सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजीव कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। लोगों को समझाकर सड़क जाम हटाया और आवाजाही बहाल की। अनुमंडल पदाधिकारी का कहना है कि एक युवक का शव मिला है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मामले की जांच कर रही है घटना का कारण क्या है और घटना कैसे घटी है, सभी बिंदु पर पुलिस जांच कर रही है।परिवार द्वारा अभी लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन प्राप्त होने के बाद पुलिस हर पहलू पर आगे की कार्रवाई करेगी। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया परिवार जनों के रोते-रोते बुरा हाल है।

## रेलवे ट्रैक से मिली अधेड़ का शव बरामद

निज संवाददाता




**सासाराम (रोहतास)**। सासाराम के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में मदैनी ओवरब्रिज के पास शुक्रवार को एक अधेड़ का शव बरामद किया गया है। ग्रामीणों द्वारा सूचना देने के बाद पहुंची मुफ्फसिल थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान 42 साल के जितेंद्र कुमार के रूप में की गई है। सूचना मिलने के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है, परिजन आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंचे है। मुफस्सिल थाना के एसआई जितेश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने मदैनी रेलवे स्टेशन से 100 मीटर पूर्व रेल खंभा संख्या 18 30 1832 के के बीच शव बरामद किया है। मृत्यु का कारण प्रथम दृष्टया ट्रेन से कटना लग रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। मौत की सूचना पर पहुंची जिगना गांव के मिश्री यादव और प्रमोद पासवान ने बताया कि उसे एक बेटी है। परिवार में एक मात्र कमाने वाला सदस्य था, उसकी मौत के बाद पत्नी और बेटी का रो-रोकर हाल बेहाल है। वह घर से किसी काम से निकले थे, रेलवे लाइन पर कैसे पहुंचे ये जानकारी नहीं है।

## डीएम ने अरवल-गया जिले के सीमा पर बने बॉर्डर चेक पोस्ट का किया निरीक्षण



निज संवाददाता

**कुर्था (अरवल)**। लोकसभा चुनाव को लेकर अरवल पुलिस प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। मानिकपुर थाना क्षेत्र के कोनी डाक स्थान के निकट बॉडर पर चेकपोस्ट बनाए गए हैं। जहां जिलाधिकारी वर्षा सिंह के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के तहत देर रात्रि चेक पोस्ट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जहां रोस्टर के अनुसार दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारी की तैनाती जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देश पर की गई है। पुलिस और दंडाधिकारी को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि चेक पोस्ट पर रोस्टर वार उपस्थित रहकर वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन तलाशी लेंगे।

ताकि लोकसभा चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो सके। चुनाव के दौरान जिले में असामाजिक तत्वों की घुसपैठ एवं अवैध पदार्थ की तस्करी को रोका जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि आमजनों को जांच क्रम असुविधा न हो इसका विशेष रूप से ध्यान रखने को कहा गया। चेक पोस्ट पर तैनात सभी अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए अपना लोकेशन और तस्वीर व्हाट्सएप ग्रुप पर साझा करते रहेंगे। चेक पोस्ट स्थल पर दो पंजी भी संधारित की गई है, एक उपस्थिति पंजी और दूसरी में वाहनों की जांच का ब्योरा दर्ज करना होगा। निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन के टीम के अलावे प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. जियाउल हक, अंचलाधिकारी ऋतिका कृष्णा, मानिकपुर थानाध्यक्ष पीयूष जयशवाल समेत सभी पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में लगी आग, कर्मियों की तत्परता से आग पर किया गया काबू

निज संवाददाता




**सासाराम (रोहतास)**। सासाराम सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में गुरुवार की रात आग लग गई। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के कारण इलेक्ट्रिक सिस्टम के बॉक्स में आग लग गई। जिसके बाद सदर अस्पताल के कर्मियों की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया, और बड़ी घटना टल गयी। बताया जा रहा हैं कि रात करीब आठ बजे इलेक्ट्रिक सिस्टम में आग लगी। शुरुआत में धुंआ उठ रहा था, वहीं जब तक कर्मी समझते वहां रखे कई इलेक्ट्रानिक यंत्रों से आग की लपटे निकलने लगी। जिसके बाद ट्रामा सेंटर की विद्युत आपूर्ति को काट कर आग नियंत्रण यंत्रों से काबू पा लिया गया। सदर अस्पताल के प्रबंधक अजय कुमार ने बताया कि अपनी ड्यूटी समाप्त कर क्वार्टर पर पहुंचा ही था कि फोन आया कि ट्रामा में शॉर्ट सर्किट से आग लग गया है।

तुरंत मिस्त्री को बुलाकर लाइन काटा गया। इसके बाद फायर यंत्रों से आग को बुझाया गया। उन्होंने कहा कि पहले कट आउट में आग लगा, फिर स्टार्टर में आग लगा, इसके बाद आग से वायरिंग, बोर्ड आदि जल गया। उन्होंने कहां कि कितने का नुकसान हुआ, इसका आकलन अभी नहीं किया गया है। उच्च अधिकारियों को घटना की जानकारी दी गई है।

## पुलिस ने कुख्यात अपराधी को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता



**गोपालगंज**। गोपालगंज के थावे थाना क्षेत्र के लोहार पट्टी पुल के पास पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कुख्यात दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिसके पास कट्टा जिंदा कारतूस के साथ चोरी की बाइक बरामद की गई है। वहीं, गिरफ्तार बदमाश से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अभियुक्त की पहचान थावे थाना क्षेत्र के विशंभरपुर निवासी हरिशंकर सिंह के बेटा सुशील सिंह और नगर थाना क्षेत्र के भेड़िया गांव निवासी स्व. मिथलेश सिंह के बेटा सूरज सिंह के रूप में की गई है। दरअसल, इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की कुख्यात दो बदमाश थावे थाना क्षेत्र के लोहार पट्टी पुल के पास मौजूद हैं। प्राप्त सूचना के आधार पर तत्काल एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंच कर छापेमारी की। इस दौरान दोनों कुख्यात अपराधी सुशिल सिंह एवं सुरज सिंह को घेराबंदी करते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार बदमाश के पास से 2 कट्टा, 4 जिंदा कारतूस एवं चोरी की दो बाईक बरामद किया गया। जिस संबंध में थावे थाना कांड दर्ज कर पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार दोनों अपराधी थावे थाना थाना क्षेत्र के मठगौतम गांव में शिवम कुमार सिंह के दरवाजे पर फायरिंग संबंधी का वांछित अभियुक्त है।

## पानी प्लांट के अंदर फंदा से लटका युवक का शव किया गया बरामद

निज संवाददाता

**कैमूर (भभुआ)**। कैमूर के हाटा पानी प्लांट पर काम कर रहे युवक का पानी प्लांट के अंदर फंदा से लटका शव मिला है। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने हत्या की आशंका जता रहे है। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतक की पहचान चैनपुर थाना क्षेत्र के हाटा वार्ड नं 6 निवासी डॉ संतोष कुमार बिंद का पुत्र अवनीश कुमार बताया जा रहा है। मृतक के भाई मनीष कुमार ने बताया कि मेरा भाई हाटा पानी प्लांट पर काम करता था। जब हमलोग वहां थे तभी मेरा भाई गाड़ी से प्लांट पर आया और प्लांट के अंदर चला गया, जिसके बाद हम घर आ गए। जिसके कुछ देर बाद पानी प्लांट के संचालक ने हमलोगों को सूचना दिया कि आपके भाई ने आत्महत्या कर लिया है। जिसके बाद हमलोग वहां पहुंचे तो देखा कि एक फंदे से उसका शव लटका हुआ है। फिर संचालक ने तुरंत रस्सी को कटवाकर उसके शव को नीचे उतार दिया, जहां हम लोगों ने देखा कि उसके गले पर गला काटने का निशान है। जिसे देखकर यह लगता है कि इसकी हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया गया है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस न शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम करने के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया गया है। मृतक के परिजनों ने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने और जिला प्रशासन से मुआवजे का मांग किया है, वहीं पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच में जुट गई है।

## राम जानकी की निकली भव्य शोभायात्रा



निज संवाददाता

**अकोढ़ीगोला (रोहतास)**। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र की जन्मोत्सव पर राम जानकी मन्दिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में भगवाधारी भक्त जय श्री राम जय हनुमान के नारा लगाते हुए शहर भ्रमण किया। जय श्री राम, जय हनुमान के नारा से वातावरण गुंजायमान हो रहा था। गाजे बाजे ढोल नगाड़े के बीच रथ पर बैठे राम जानकी लक्ष्मण व हनुमान की मनोरम झांकियां के साथ एक से बढ़कर एक झांकियां भी शामिल थी। जो लोगों के मनमोहक रही। स्थानीय बच्चे व कुछ बाहरी कलाकारों ने झांकियां प्रस्तुत किया। एक किलोमीटर लंबी शोभा यात्रा में केसरिया वस्त्र पहने युवक हाथ में झंडे से लैस जय श्री राम के नारे के साथ शोभा यात्रा में शान बढा रहे थे।

## शॉर्ट सर्किट से दो बीघा फसल जलकर राख

निज संवाददाता



**जहानाबाद**। जहानाबाद के सैदाबाद में शॉर्ट सर्किट के कारण गेहूं की फसल में आग लग गई। इसके कारण श्याम देव यादव के दो बीघा खेत में मौजूद फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित किसान ने बताया कि हम लोग गेहूं की फसल को काट रहे थे। इस दौरान शॉर्ट सर्किट हुआ और चिंगारी उड़कर खेत में आ गिरा। आग लगते ही आसपास के लोग दौड़कर बुझाने के लिए जुटे लेकिन लपटें तेज होने से काबू पाने में समय लग गया। तब तक किसान का काफी नुकसान हो गया।

किसान ने आगे घटना में हुए नुकसान को लेकर सरकार से मुआवजा देने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने कहा कि दो दिनों से जिला में लगातार पछुआ हवा बहने से बिजली के तार आपस में टकराते है और शॉर्ट सर्किट होता है।

## सड़क जाम कर आपस में भीड़े दो गांव के लोग

निज संवाददाता



**जहानाबाद**। जहानाबाद के सिकरिया गांव में सड़क जाम कर मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने बताया कि सिकरिया गांव के लोग किसी बात से नाराज होकर सड़क पर आ गए और ऑटो को रोक कर तोड़ने की धमकी दी। इस दौरान बेलदारी बीघा गांव के लोगों ने ऐसा करने से मना किया। इस बात से नाराज होकर दोनों गांव के लोग आपस में लड़ने लगे। धीरे-धीरे बात इतनी बढ़ गई कि लाठी डंडे और इट पत्थर से हमला होने लगा। जानकारी के अनुसार एक युवक की हत्या के बाद गांव के लोग गुस्से में थे और लड़ाई में कई वाहनों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना भी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों गांव को लोगों को भागकर मामले को शांत कराया। वहीं जब मामले को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी से पूछा गया तो उन्होंने इस घटना से इनकार कर दिया और इस पर कुछ भी बोलने से बचते हुए नजर आए।

## यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर 19 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)**। ग्रीष्मकालीन अवकाश में यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर कई समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में और 19 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है। 1. गाड़ी संख्या 09817/09818 कोटा-दानापुर-कोटा समर स्पेशल (डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-कटनी-दमोह-सागर के रास्ते):- 09817 कोटा-दानापुर समर स्पेशल 27.04.2024 से 29.06.2024 तक प्रत्येक शनिवार को कोटा से 21.05 बजे खुलकर रविवार को 18.30 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में 09818 दानापुर-कोटा समर स्पेशल 28.04.2024 से 30.06.2024 तक प्रत्येक रविवार को दानापुर से 21.30 बजे खुलकर सोमवार को 22.25 बजे कोटा पहुंचेगी। इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 04, तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी के 01, शयनयान श्रेणी के 07 एवं साधारण श्रेणी के 02 कोच होंगे। 2. गाड़ी संख्या 08624/08623 रांची-इसलामपुर-रांची समर स्पेशल (बोकारो-गोमो-गया-पटना के रास्ते):- 08624 रांची-इसलामपुर समर स्पेशल 27.04.2024 से 29.06.2024 तक प्रत्येक शनिवार को रांची से 08.20 बजे खुलकर 16.10 बजे पटना रूकते हुए 19.10 बजे इसलामपुर पहुंचेगी। वापसी में 08623 इसलामपुर-रांची समर स्पेशल 27.04.2024 से 29.06.2024 तक प्रत्येक शनिवार को इसलामपुर से 21.50 बजे खुलकर रविवार को 00.05 बजे पटना जं. रूकते हुए 09.30 बजे रांची पहुंचेगी। इस स्पेशल तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी के 17 कोच होंगे। 3. गाड़ी संख्या 09651/09652 उदयपुर सिटी-पटना-उदयपुर सिटी समर स्पेशल (डीडीयू-प्रयागराज-कानपुर-टुडला-आगरा फोर्ट-जयपुर के रास्ते):- 09651 उदयपुर सिटी-पटना समर स्पेशल 23.04.2024 से 25.06.2024 तक प्रत्येक मंगलवार को उदयपुर सिटी से 23.00 बजे खुलकर गुरूवार को 02.00 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में 09652 पटना-उदयपुर सिटी समर स्पेशल 25.04.2024 से 27.06.2024 तक प्रत्येक गुरूवार को पटना से 06.00 बजे खुलकर शुक्रवार को 12.20 बजे उदयपुर सिटी पहुंचेगी। इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 07, तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 05 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे। 4. गाड़ी संख्या 09623/09624 उदयपुर सिटी-कटिहार-उदयपुर सिटी समर स्पेशल (हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू-प्रयागराज-कानपुर-आगरा कैंट-जयपुर के रास्ते):- 09623 उदयपुर सिटी-कटिहार समर स्पेशल 23.04.2024 से 25.06.2024 तक प्रत्येक मंगलवार को उदयपुर सिटी से 16.05 बजे खुलकर बुधवार को 17.40 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए गुरूवार को 02.45 बजे कटिहार पहुंचेगी। वापसी में 09624 कटिहार-उदयपुर सिटी समर स्पेशल 25.04.2024 से 27.06.2024 तक प्रत्येक गुरूवार को कटिहार से 15.00 बजे खुलकर 22.30 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए शनिवार को 04.15 बजे उदयपुर सिटी पहुंचेगी। इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 04, तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी के 01, शयनयान श्रेणी के 05 एवं साधारण श्रेणी के 03 कोच होंगे। 5. गाड़ी संख्या 03135/03136 कोलकाता-पटना-कोलकाता समर स्पेशल (झाझा-किउल-मोकामा के रास्ते):- 03135 कोलकाता-पटना समर स्पेशल 23.04.2024 से 27.06.2024 तक प्रत्येक मंगलवार एवं गुरूवार को कोलकाता से 23.50 बजे खुलकर अगले दिन 10.25 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में 03136 पटना-कोलकाता समर स्पेशल 24.04.2024 से 28.06.2024 तक प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को पटना से 12.15 बजे खुलकर उसी दिन 23.55 बजे कोलकाता पहुंचेगी। इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 10 एवं साधारण श्रेणी के 06 कोच होंगे। 6. गाड़ी संख्या 06085/06086 एरणाकुलम-पटना-एरणाकुलम समर स्पेशल (झाझा-आसनसोल-भुवनेश्वर के रास्ते):- 06085 एरणाकुलम-पटना समर स्पेशल 19.04.2024 से 28.06.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को एरणाकुलम से 23.00 बजे खुलकर सोमवार को 03.30 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में 06086 पटना-एरणाकुलम समर स्पेशल 22.04.2024 से 01.07.2024 तक प्रत्येक सोमवार को पटना से 23.45 बजे खुलकर गुरूवार को 10.30 बजे एरणाकुलम पहुंचेगी। इस स्पेशल में साधारण श्रेणी के 22 कोच होंगे। 7. गाड़ी संख्या 04137/04138 ग्वालियर-बरौनी-ग्वालियर समर स्पेशल (हाजीपुर-छपरा-गोरखपुर-लखनऊ के रास्ते):- 04137 ग्वालियर-बरौनी समर स्पेशल 21.04.2024 से 30.06.2024 तक प्रत्येक रविवार एवं बुधवार को ग्वालियर से 07.10 बजे खुलकर अगले दिन 08.00 बजे बरौनी पहुंचेगी। वापसी में 04138 बरौनी-ग्वालियर समर स्पेशल 22.04.2024 से 01.07.2024 तक प्रत्येक सोमवार और गुरूवार को बरौनी से 09.30 बजे खुलकर अगले दिन 10.20 बजे ग्वालियर पहुंचेगी। इस स्पेशल में वातानुकूलित चेयर कार का 02 एवं साधारण श्रेणी के 11 कोच होंगे। 8. गाड़ी संख्या 03131/03132 सियालदह-गोरखपुर-सियालदह समर स्पेशल (झाझा-किउल-मोकामा-पटना-पाटलिपुत्र-छपरा के रास्ते):- 03131 सियालदह- गोरखपुर समर स्पेशल 22.04.2024 से 29.06.2024 तक प्रत्येक सोमवार एवं शनिवार को सियालदह से 18.15 बजे खुलकर अगले दिन 03.25 बजे पटना रूकते हुए 10.10 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी में 03132 गोरखपुर-सियालदह समर स्पेशल 23.04.2024 से 30.06.2024 तक प्रत्येक मंगलवार एवं रविवार को गोरखपुर से 11.30 बजे खुलकर 19.55 बजे पटना जं. रूकते हुए अगले दिन 06.25 बजे सियालदह पहुंचेगी। इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 16 कोच होंगे। 9. गाड़ी संख्या 03045/03046 हावड़ा-रक्सौल-हावड़ा समर स्पेशल (झाझा-बरौनी-समस्तीपुर-दरभंगा-सीतामढ़ी के रास्ते):- 03045 हावड़ा-रक्सौल समर स्पेशल 25.04.2024 से 27.06.2024 तक प्रत्येक गुरूवार एवं सोमवार को हावड़ा से 23.00 बजे खुलकर अगले दिन 14.15 बजे रक्सौल पहुंचेगी । वापसी में 03046 रक्सौल-हावड़ा समर स्पेशल 26.04.2024 से 28.06.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं मंगलवार को रक्सौल से 16.55 बजे खुलकर अगले दिन 08.30 बजे हावड़ा पहुंचेगी। इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 09 एवं साधारण श्रेणी के 08 कोच होंगे। 10. गाड़ी संख्या 03415/03416 मालदा टाउन-लालकुआँ-मालदा टाउन समर स्पेशल (भागलपुर-किउल-पटना-डीडीयू-वाराणसी-लखनऊ के रास्ते):- 03415 मालदा टाउन-लालकुआँ समर स्पेशल 24.04.2024 से 26.06.2024 तक प्रत्येक बुधवार को मालदा टाउन से 17.15 बजे खुलकर गुरूवार को 02.25 बजे पटना जं. रूकते हुए 19.05 बजे लालकुआँ पहुंचेगी। वापसी में 03416 लालकुआँ-मालदा टाउन समर स्पेशल 25.04.2024 से 27.06.2024 तक प्रत्येक गुरूवार को लालकुआँ से 21.05 बजे खुलकर शुक्रवार को 14.30 बजे पटना जं. रूकते हुए 23.45 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।

(आपदा प्रबंधन शाखा)

अपील

गर्मी के मौसम की शुरुआत हो चुकी है। इस मौसम मे पछुआ हवा चलने की संभावना बनी रहती है। ऐसी स्थिति में मुख्यरुप से ग्रामीण क्षेत्रों में आगलगी की घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। अग्निकाण्ड से घर, खेत, खलिहान एवं जान–माल को भारी क्षति पहुंचती है तथा सब कुछ पूरी तरह से बर्बाद हो जाता है। अगर हम थोड़ी सी सावधानी बरतें तो अग्निकाण्ड से होने वाली क्षति को कम किया जा सकता है। अतः जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकार, पलामू अग्नि सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए जनहित में बचाव हेतु निम्नलिखित दिशा–निर्देश/उपाय जारी करती है।

- रसोई घर यदि फूस का हो, तो उसकी दीवार पर मिट्टी का लेप अवश्य कर दें।
- दिन का खाना सुबह 9 बजे से पूर्व तथा रात का खाना शाम 6 बजे के बाद बनायें।
- भोजन बनाने के बाद चूल्हे की आग पूरी तरह से बुझा दें।
- आग बुझाने के लिए बालू अथवा भूर–भूरी मिट्टी को बोरे में भर कर तथा खाना बनाने के स्थान पर दो बाल्टी पानी अवश्य रखें।
- रसोई घर की छत ऊँची रखी जाय जिससे आग का सम्पर्क न हो सके।
- पूजा, हवन आदि का काम सुबह निपटा लें।
- फसल कटनी के बाद खेत मे छोड़े गये डण्ठलों मे आग नही लगाएं।
- दीपक, दीया, लालटेन, मोमबत्ती, अगरबत्ती को ऐसी जगह पर न रखें, जहाँ से गिर कर आग लगने की संभावना हो।
- शॉर्ट सर्किट की आग से बचने के लिए बिजली वायरिंग की समय से मरम्मत करा लें।
- गैस के लीक होने की स्थिति में सभी खिड़कियों के दरवाजे खोल दें एवं माचीस का प्रयोग भूल से भी न करें।
- घर मे किसी भी उत्सव के लिए लगाये गये कनात अथवा टेण्ट के नीचे से बिजली के तार न ले जायें।
- जलती हुई माचीस की तीली अथवा अधजली बीड़ी एवं सिगरेट पी कर इधर–उधर न फेकें।
- माचीस को बच्चों की पहुँच से दूर रखें।
- जहाँ पर सामूहिक भोजन इत्यादि का कार्य हो रहा हो, वहाँ पर दो से तीन ड्रम पानी अवश्य रखा जाय। भोजन बनाने का कार्य तेज हवा के समय न किया जाय।
- ढीले–ढाले और पॉलिस्टर के कपड़े पहन कर खाना न बनायें। हमेशा सूती कपड़े पहन कर ही खाना बनायें।
- सार्वजनिक स्थलों, ट्रेनों एवं बसों आदि मे ज्वलनशील पदार्थ लेकर न चलें।
- ग्रामीण क्षेत्रों मे हरा गेंहूँ, चना, मटर आदि बच्चे लाकर भूनते हैं। ऐसे मे आग लगने से बचने के लिए उन पर निगरानी अवश्य रखें।
- आग लगने पर समुदाय के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास करें।
- अगर कपड़े में आग लगे तो जमीन पर लेट कर आग बुझाने का प्रयास करें।
- आग लग जाने से यदि भवन के अंदर धुआँ भर गया है तो सांसों की घुटन से बचने के लिए नीचे झुक कर या रेंगते हुए बाहर निकलें।
- खाना बनाते समय जलते चूल्हे को छोड़कर कभी कोई दूसरे कार्य के लिए न जायें।
- चूल्हे की छाई या राख को कभी भी फूस के घर अथवा खरपतवार से सटा कर न फेंके।

किसी भी इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस सहायता के लिये 100, अग्नि शमन सहायता के लिए 101, एम्बुलेंस की सहायता के लिये 102 एवं कन्ट्रोल रुम के लिये 06562–231589 नम्बर पर सम्पर्क करें।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, पलामू द्वारा जनहित में जारी।

ह0/–
उपायुक्त, पलामू।

PR 323922 Palamu(24-25)D

## संक्षिप्त समाचार

### कोर्ट के समीप से चोरों ने उड़ाई बाइक

**बक्सर**। सिविल कोर्ट के बाहर से गुरुवार की सुबह चोरों ने एक बाइक उड़ा दी। पीड़ित युवक ने बाइक चोरी की घटना को लेकर टाउन थाना में एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक यूपी के उजियार के रहने वाले विनोद यादव अपने पुत्र राकेश के साथ कोर्ट में कार्य से गुरुवार की सुबह आए थे। उन्होंने अपनी बाइक गेट के सामने खड़ी कर अंदर चले गए। कार्य समाप्त कर लौटे तो बाइक गायब थी। बाइक चोरी की घटना को लेकर टाउन थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। टाउन थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि बाइक चोरी की घटना की जांच की जा रही है। बाइक चोरों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

### सब्जी व मक्का फसल में आवश्यकतानुसार सिंचाई

**बक्सर**। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रमुख डॉ देवकरन ने बताया कि 19 से 22 अप्रैल के बीच बक्सर जिले में तापमान में वृद्धि बनी रहेगी। आसमान साफ रहेगा और बारिश की संभावना नहीं है। इस दौरान पश्चिमी हवा चलने की संभावना है और औसत गति 3 से 6 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है,। उन्होंने किसानों को सलाह दिया कि सब्जी तथा मक्का फसल में आवश्यकता अनुसार सिंचाई करें। गेंहू की फसल की कटाई शीघ्र समाप्त करें और काटे हुए फसल को सुरक्षित स्थान में रखें। खाली खेत जुताई कर के छोड़ सकते हैं। ऐसा करने से गर्मी के चलते हानिकारक कीट मर जाएंगे। उन्होंने मूंग और उरद की बुआई करने की भी सलाह किसानों को दी।

### प्रतापसागर से नवाडेरा तक 20 बीघे में फसल राख



**डुमरांव**। गुरुवार को प्रतापसागर से नावाडेरा तक दो दर्जन से अधिक खेतों में आग लग गई। आगजनी की इस घटना में एक दर्जन से अधिक किसानों के करीब 20 बीघे में लगी गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। घटना में बाद पीड़ित किसानों का बुरा हाल है। अगलगी का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जाता है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बिजली के नंगे तार में हुई घर्षण के कारण निकली चिंगारी से सबसे पहले गेंहू के पुआल में आग लग गई। देखते ही देखते पुआल के ढेर ने आसपास के खेतों में लगी गेंहू की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। प्रतापसागर से शुरू हुई आग की लपटे गोपालडेरा के रास्ते नवाडेरा तक पहुंच गई। इस आगजनी के बाद कई किसानों के चेहरे पर निराशा की लकीरें खींच गई है। अगजनी की इस घटना में रामायण यादव का भूसा, प्रतापसागर के नारायण यादव का 12 कट्ठा गेंहू, संजय राय का सवा बीघा, चिलहरी के विनोद राय के सात बीघे का पुआल सहित अन्य किसानों की फसल जल गई। आगजनी की इस घटना के बाद स्थानीय निवासी समाजसेवी राजेश कुमार यादव ने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी लेकिन दमकल वाहनों के पहुंचने से पहले ही सबकुछ जलकर राख हो चुका था। पीड़ित किसानों का कहना है कि गेंहू की कटाई के लिए बनिहार नही मिल रहे हैं, इस कारण गेंहू की कटाई के देरी हो रही है। कई किसान अपने पूरे परिवार के साथ गेंहू की कटाई में जुटे हुए हैं। गुरुवार को कई किसानों ने सुबह में फसल की कटाई कर शाम को इसे घर ले जाने की तैयारी में जुटे थे, तबतक आग लग गई। उचित मुआवजे की मांग आगजनी की इस घटना के अलावे नावाडेरा निवासी दीना यादव के घर आग लग गई। इस घटना में पीड़ित का चूल्हा, बर्तन, कपड़ा बिछावन सहित सबकुछ जलकर राख हो गया। अगलगी की चिंगारी पास के ही खेत में पहुंची और देखते ही देखते खेत में अहले सुबह काटकर रखी श्रीलाल सिंह का तीस बोझा धान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने बताया कि फसल को काटकर शाम को इसे घर ले जाने की तैयारी थी, तभी आगजनी में सबकुछ जल गया। सीधा रास्ता न हो पाने के कारण फोरलेन तक पहुंची दमकल वाहन घटनास्थल तक नही पहुंच सकी। पीड़ितों ने इस मामले में उचित मुआवजे की मांग की है।

### सीताराम उपाध्याय संग्रहालय में संग्रहित हैं हमारे क्षेत्र की धरोहरें




**बक्सर**। विश्व विरासत दिवस के अवसर पर सीताराम उपाध्याय संग्रहालय की ओर से गुरुवार को आयोजित हेरिटेज वॉक एवं धरोहर संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संग्रहालयाध्यक्ष डॉ शिव कुमार मिश्र ने उपस्थित शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं से अपने पुरखों की थाती को जानने एवं उन्हें संरक्षित करने का आह्वान किया। डॉ मिश्र ने विरासत एवं उनके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि विश्व विरासत दिवस का आयोजन अपनी पुरखों की थाती को संरक्षित करने व आमलोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए ही किया गया है। उन्होंने बताया कि संग्रहालय हमारा सांस्कृतिक धरोहर है, जहां हमारे क्षेत्र के धरोहर संगृहीत हैं। नयी पीढ़ी को समय-समय पर इसका अवलोकन करने की आवश्यकता है। डॉ मिश्र एवं रविन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में एमपी हाईस्कूल, बक्सर से सीताराम उपाध्याय संग्रहालय तक एक विरासत यात्रा का भी आयोजन किया गया। डॉ मिश्र ने बताया कि एमपी हाईस्कूल की स्थापना 1887 ई में हुई थी। अब यह विद्यालय अपने आप में धरोहर है। प्रतिभागियों को संग्रहालय के सामग्रियों से परिचय कराते हुए उनके महत्व एवं उनके संरक्षण की जरूरत एवं उपाय के तौर तरीकों के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की। बक्सर जिला के पुरास्थलों, प्राचीन मूर्तियों को संरक्षित एवं सुरक्षित रखने के लिए समाज के लोगों को प्रयास करना होगा अन्यथा एक-एक कर सभी पुरास्थल नष्ट हो जायेंगे तथा मूर्तियों को भी गायब कर दिए जायेंगे। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि अपने आस-पास के लोगों को भी अपनी धरोहरों के प्रति जागरूक किया जाय तथा उन्हें बताया जाय कि मंदिरों में स्थापित प्राचीन मूर्तियों एवं शिवलिंगों पर जल सिंदूर एवं अन्य चढ़ावे से परहेज करें। डॉ मिश्र ने चौसा के पुरास्थल के क्षरण पर दुख व्यक्त किया। एमपी हाईस्कूल के सहायक शिक्षक अब्दुल कयूम अंसारी ने छात्र-छात्राओं को बताया कि विरासत की रक्षा कर हम अपने भविष्य के लोगों को अपने अतीत के बारे में जानकारी प्रदान कर सकते हैं। सहायक शिक्षक सुमन कुमार सिंह ने कहा कि विरासत से विज्ञान को जोड़कर देखने की जरूरत है। अपने गौरवशाली अतीत को संरक्षित कर सुखद भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। राज्य अभिलेखागार के पूर्व पदाधिकारी डॉ जवाहर लाल वर्मा ने बताया कि विरासत को संरक्षित कर अतीत के सामाजिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक परिस्थितियों के विषय में जानकारी मिलती है। शिक्षक रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि योगाभ्यास भी हमारी सांस्कृतिक विरासत है जिसे भविष्य के लिए संरक्षित करने की जरूरत है।

# दो सड़क हादसों में 2 शिक्षक समेत चार जख्मी, ऑटो पलटने से मां-बेटे हुए घायल

- शिक्षकों की बाइक पर नीलगाय ने लगा दी छलांग

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में सड़क हादसे हुए हैं। जिसमें बाइक सवार दो शिक्षक समेत चार लोग जख्मी हो गए। सभी को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। इसमें पहली घटना शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव के समीप फोरलेन की है। जहां गुरुवार को सड़क हादसे में स्कूल से ड्यूटी कर वापस लौट रहे बाइक सवार दो शिक्षक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनकी बाइक पर नीलगाय ने छलांग लगा दी। दूसरी घटना में ऑटो गड्ढे की वजह से पलट गया। मां-बेटे जख्मी हो गए। शिक्षकों को इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया।

**गौतम उच्च विद्यालय में दोनों शिक्षक कार्यरत हैं:** जानकारी के अनुसार जख्मियों में संदेश थाना क्षेत्र के चेला गांव निवासी स्व. देव चरण उपाध्याय के 40 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार उपाध्याय और उसी थाना क्षेत्र के भुटौली गांव निवासी स्व.ओम प्रकाश शर्मा के 30 वर्षीय पुत्र नवीन कुमार शामिल हैं। वह दोनों पेशे से सरकारी शिक्षक हैं और वर्तमान में कारनामेपुर ओपी क्षेत्र के सोनवर्षा गांव स्थित गौतम उच्च विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। इसमें मनीष कुमार उपाध्याय वर्तमान में नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा में किराए के मकान पर रहते हैं। जबकि जख्मी नवीन कुमार शाहपुर में ही किराए का मकान लेकर रहते हैं।

**छुट्टी के बाद बाइक से आरा लौट रहे थे:** इधर मनीष कुमार उपाध्याय ने बताया कि वह स्कूल की छुट्टी होने के बाद बाइक से वापस आरा लौट रहे थे। उसी दौरान शाहपुर गांव के समीप फोरलेन पर अचानक उनके बाइक पर घोड़परास (नीलगाय) ने छलांग लगा दी। जिससे वह दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया।

**मां-बेटे को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया:** वहीं, दूसरी घटना तरारी थाना क्षेत्र के तरारी गांव की है। जहां सवारी से भरा ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो पर सवार मां-बेटे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जबकि उनके पति व भैसूर बाल-बाल बच गए। जिसके बाद जख्मी मां-बेटे को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जख्मियों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जीरो माइल निवासी सुनील कुमार शर्मा की पत्नी सोनी देवी और पुत्र प्रियांशु कुमार शामिल है।

**गड्ढे के कारण हुआ हादसा:** प्रियांशु कुमार ने बताया कि वह अपने पिता सुनील कुमार शर्मा, मां सोनी देवी और बड़े पापा के साथ ऑटो रिजर्व कर रोहतास जिला के काराकाट थाना क्षेत्र के गुजरुगज गांव अपनी फूआ पूनम देवी के घर शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहा था। उसी दौरान तरारी गांव में गड्ढे के कारण ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे मैं और मां सोनी देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गई।

# भोजपुर में करंट की चपेट में आया युवक, मौत



निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के मझौली गांव में शुक्रवार की दोपहर पानी से मोबाइल उठाने के दौरान विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के घर में चीख-पुकार मच गया। मृत किशोर कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के मझौली गांव निवासी बुधु शाह का बेटा दीपू साह(18) है। वह इंटर का छात्र था।

**अस्पताल लाने के दौरान हुई मौत:** इधर, मृत के परिजन राकेश कुमार ने बताया कि घर में काम करने के बाद बाहर नहाने के लिए जा रहा था। इसी बीच गमछा में फंसा कर रखे मोबाइल नाली में गिर गया। जहां नाली में पहले से विद्युत प्रवाहित तार टूट कर गिरा हुआ था। मोबाइल निकालने के दौरान जैसे ही पानी के संपर्क में आया, वैसे ही वह जमीन पर गिरकर छटपटाने लगा।

**सदर अस्पताल पहुंचे परिजन:** जैसे ही चीखने-चिल्लाने की आवाज घर की महिलाओं को सुनाई दी। वैसे ही बाहर आकर देखा कि उसे करंट लगाया और छटपटा रहा है। इसके बाद अन्य परिजनों की मदद से उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया जा रहा था। तभी उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। अस्पताल में डॉक्टर ने देखकर उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि दीपू अपने घर में एक भाई दीपक और एक बहन सोनी कुमारी से छोटा था।

## मां के बाद आज बेटे ने भी तोड़ा दम, अगलगी की घटना में 4 झुलसे थे

निज संवाददाता। बक्सर



बगही गांव में अगलगी की घटना में झुलसे चार लोगों में बुधवार को एक महिला की मौत के बाद आज पटना में इलाज के दौरान एक और व्यक्ति की मौत हो चुकी है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।आग में झुलसने वाले चार लोगों में पहले मां रामावती देवी (45) ने दम तोड़ दिया था आज उसका बेटा लालजी कुमार (20) की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।इटाढी थाना क्षेत्र के बगही गांव में बुधवार की दोपहर खेत में लगी आग गांव तक पहुंच गई जहां आग बुझाने के दौरान धधकती आग की चपेट में कुल चार लोग आ बुरी तरह से झुलस गए।जिन्हें बक्सर सदर अस्पताल पहुंचाया गया था। जहां रामवती देवी का मौत सदर अस्पताल में ही हो गया।जबकि तीन लोगो को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। जहां आज रामवती देवी के 20 वर्षीय पुत्र को मौत से घर में कोहराम मच गया।जबकि अन्य अभी दो लोगो की हालत सीरियस बना हुआ है। इटाढी थानाध्यक्ष रविकांत कुमार द्वारा बताया गया की शव को पटना से लौटने के बाद बक्सर पुराना सदर अस्पताल में पोस्ट मार्टम के लिए भेज पुलिस आगे की करवाई में जुटी है।वही डीएम अंशुल अग्रवाल द्वारा इस घटना के बाद कहा गया की पराली जलाने वाले किसानो पर सख्त करवाई किया जायेगा।

# नहर में गिरी ट्रैक्टर ट्रॉली, जीजा-साले समेत 3 की मौत

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर में गुरुवार देर रात सड़क हादसे में जीजा-साले समेत 3 लोगों की मौत हो गई। 12 से ज्यादा लोग घायल हैं। चरपोखरी थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव में मुकुंदपुर छोटी नहर के पास तिलक से लौट रही ट्रैक्टर ट्रॉली नहर में पलट गई। इस ट्रैक्टर पर 20 से 25 मजदूर बैठे हुए थे। सभी मुकुंदपुर गांव के रहने वाले विनोद की बेटी फूला कुमारी के तिलक समारोह में गए थे। घायलों ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली की स्पीड ज्यादा थी। स्पीड ब्रेकर पर चढ़ते ही ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और नहर में पलट गया। हादसा चरपोखरी थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव के पास हुआ। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई और रेस्क्यू कर सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भेजा गया है। घायलों को आरा सदर अस्पताल में कराया गया है।

**मरने वालों में 2 जीजा-साले भी:** मरने वालों में अगिआंव बाजार क्षेत्र के तिवारीडीह के खैरी गांव निवासी स्वर्गीय अघानु मुसहर का 60 साल का बेटा भदई मुसहर, अगिआंव बाजार के तिवारिडीह खैरी गांव के जगदीश मुसहर का 40 साल का बेटा निर्मल मुसहर और गड़हनी थाना क्षेत्र के नतमपुर गांव निवासी टेंगारी मुसहर का 40 साल का बेटा जगत मुसहर शामिल हैं। जगत मुसहर और निर्मल मुसहर आपस में जीजा-साले थे। घायलों में अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के खैरी तिवारीडीह गांव निवासी जानू राम के बेटे भानु कुमार, रंगू मुसहर के बेटे कमल मुसहर,भदयी राम के बेटे हरेंद्र राम, बीरेंद्र मुसहर,चरपोखरी थाना क्षेत्र के नगरी गांव निवासी दुखन राम के बेटे मालिक राम समेत 12 से ज्यादा लोग शामिल हैं। घायल भानु कुमार ने बताया कि गुरुवार को अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के खैरी गांव से 20 से 25 लोग ट्रैक्टर पर बैठकर मृतक भदई मुसहर के बेटे विनोद कुमार की बेटी फूला कुमारी के तिलक समारोह में चरपोखरी गांव में गए थे। तिलक से लौटने के दौरान लगभग एक बज गए थे। तभी चरपोखरी थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव के पास छोटी नहर के पास ब्रेकर आया। उसी ब्रेकर पर ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर नहर में पलट गई। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद चरपोखरी थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तीनों शवों को कब्जे में करके आरा सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए ले आई। जहां सभी शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। घटना को लेकर चरपोखरी थाना प्रभारी ने बताया कि सभी लोग तिलक समारोह से लौट रहे थे।

# ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर की कार्य गति धीमी, डीएम ने जताया खेद

निज संवाददाता। बक्सर




बक्सर के प्रसिद्ध बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर का 27 जनवरी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहले फेज के कार्य का उद्घाटन के साथ दूसरे फेज का शिलान्यास भी किया था। दूसरे फेज के कार्य में शिथिलता को देख डीएम अंशुल अग्रवाल ने खेद प्रकट किया है। इसे लेकर एक समीक्षा बैठक समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय में किया गया। संवेदक को कार्यों में तेजी लाते हुए ससमय विभागीय नियमानुसार, गुणवत्तापूर्ण कार्य को पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया कि लाल बलुआ पत्थर से होने वाले कार्य उत्तर और दक्षिण दिशा में नया प्रवेश द्वार बनाना है। पश्चिम दिशा में चहारदीवारी, लैंडस्केप लाइटिंग और फैकेड लाइटिंग की समीक्षा की गई। डीएम द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरांव और प्रभारी पदाधिकारी, सामान्य शाखा बक्सर को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक 15 दिनों पर कार्य प्रगति की अपडेट मिलना चाहिए।बैठक में अपर समाहर्ता (विभागीय जाँच) बक्सर, अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा बक्सर, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल बक्सर, संवेदक एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे। 27 जनवरी को सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहले फेज में आठ करोड़ 74 लाख 75 हजार 500 रुपए की लागत से मंदिर परिसर में एक विशाल स्वागत गेट, मंदिर और तालाब के चारों तरफ चहारदीवारी जिसको आकर्षक धार्मिक पेंटिंग से सजाया गया है। इसके साथ ही तालाब के दो तरफ शौचालय, और श्रद्धालुओं के लिए चेंजिंग रूम, भीड़ को नियंत्रण के लिए रेस्क्यू मैनेजमेंट, के लिए स्टील के ग्रिल से कई गलियारे बनाए गए है। मंदिर से सटे पांच एकड़ के स्थित तालाब में घाट और सीढ़ियों का निर्माण किया गया है। गंगा आरती के लिए स्थाई स्टेज बनाया गया है।जिसका उद्घाटन किया गया। वही दूसरे फेज का कार्य की लागत 2 करोड़ 17 लाख रुपये है।

**मालदा मंडल में ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक के लिए ट्रेनों का नियंत्रण**

मालदा मंडल के भागलपुर-बांका/दुमका अनुभाग में भागलपुर एवं टिकानी स्टेशनों के बीच किमी. 0/9-1/0 पर पुल नं. 1 के रिगर्डरिंग कार्य के लिए मौजूदा गरडर को हटाने तथा नए निर्मित गरडर के स्थापन हेतु भागलपुर एवं टिकानी स्टेशनों के बीच सिंगल लाइन पर **दिनांक 21.04.2024 (रविवार) को 05 घंटे 30 मिनट के लिए (सुबह 10.30 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक)** दिन के समय **ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। फलस्वरूप, नीचे उल्लेखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी: ● **दिनांक 21.04.2024 को निरस्त ट्रेनें: (1) 03452/03449 भागलपुर-बांका-भागलपुर डीईएमयू स्पेशल, (2) 03441 हँसडीहा-भागलपुर डीईएमयू स्पेशल, (3) 03444/03443 भागलपुर-हँसडीहा-भागलपुर डीईएमयू स्पेशल। ● संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू: (1) 03482 भागलपुर-गोड्डा डीईएमयू स्पेशल** हँसडीहा से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। **(2) 13334/13333 पटना-दुमका-पटना एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 21.04.2024) भागलपुर में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी तथा भागलपुर से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, मालदा**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. ईएल–एमएलडीटी–ई–निविदा–301, दिनांक 17.04.2024 के लिए खुली ई–निविदा सूचना।** वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, मालदा, ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.– झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. : ईएल–एमएलडीटी–ई–निविदा–301, कार्य का नाम :** "मालदा में वंदे भारत ट्रेनों के लिए रखरखाव अवसंरचना एवं रखरखाव सुविधाओं के विकास के लिए विद्युत कार्यों" के संबंध में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 1,55,57,329.97, **बयाना राशि:** रु. 2,27,800/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **ई–निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 25.04.2024 से 09.05.2024 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट: www.ireps.gov.in** और वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे/मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-10/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: 09–एसडीएसटीई–एएसएन–2024–25, दिनांक 18.04.2024 के तहत ई–निविदा आमंत्रण।** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल–सोनाचारा में वार्म स्टैंडबाई से हॉट स्टैंडबाई में ई.आई. का परिवर्तन"। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** रु. 2,08,88,178.62, **बयाना राशि:** रु. 2,54,500/–, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 180 दिन। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 15.05.2024 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in** इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है। ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर अनदेखा किया जाएगा। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास–III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट जरूर रहे एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर निश्चित रूप से पंजीकृत हों। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई–निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं।

ASN-22/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं. एसएसटी–आर–24–27, दिनांक 15.04.2024,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, काँचरापाड़ा, कैरिज/लोको कॉम्प्लेक्स, उत्तर 24 परगना, पीओ: काँचरापाड़ा, पिन–743145 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान :** 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए 7680.000 एमटी की कुल परिवहन मात्रा हेतु टर्न–की आधार पर श्रम/जेसीबी के माध्यम से ट्रकों/डंपरों के जरिए लोड की हुई निराकृत बिक्री योग्य पीओएच रिलीज्ड सामग्रियों का यंत्रचालित परिवहन एवं एचएलआर स्टोर्स डिपो में ठेकेदार द्वारा उसे खाली किया जाएगा। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु.36,10,969.80, **निविदा कागजात का मूल्य (टीडीसी):** शून्य। **वेबसाइट जहाँ निविदा कागजात उपलब्ध होगा :** निविदा कागजात का संपूर्ण सेट भारतीय रेल की ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 15.04.2024 से 07.05.2024 को 14.00 बजे तक उपलब्ध होगा। **बयाना राशि जमा की जाएगी:** 72,300/–, **कार्य की समापन अवधि:** 03 (तीन) वर्ष। **विज्ञापन अवधि:** दिनांक 15.04.2024 से 07.05.2024 को 14.00 बजे तक। **प्रस्ताव जमा देने की अवधि:** 15 (पंद्रह) दिन पूर्व से 07.05.2024 को 14.00 बजे तक। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 07.05.2024 को 14.00 बजे तक। **निविदा की वैधता:** 66 (छियासठ) दिन। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** निविदा दिनांक 07.05.2024 को 15.00 बजे और उसके बाद खोली जाएगी।

MISC-17/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. एफ/एमएफजी/एयर ब्रेक/250 बीटीपीएन, दिनांक 18.04.2024,** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (निर्माण), पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर, जिला–मुंगेर, बिहार–811214 द्वारा **निविदा सं. एफ/एमएफजी/एयर ब्रेक/250 बीटीपीएन** के तहत खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** कार्य की परिधि के अनुसार बीटीपीएन वैगनों के लिए अंडर फ्रेम ब्रेक गियर पिन, वाशर, नाइलन–66, बुश सहित एयर ब्रेक पाइप और पाइप फिटिंग्स एवं हैंड ब्रेक अरेंजमेंट की आपूर्ति, फिटमेंट, परीक्षण, आरंभ करना एवं संस्थापन और साथ ही 250 बीटीपीएन वैगनों के लिए अंडर फ्रेम ब्रेक गियर अरेंजमेंट और हैंड ब्रेक अरेंजमेंट के साथ पाइप्स एवं पाइप फिटिंग्स सहित एयर ब्रेक इक्विपमेंट की आपूर्ति, फिटमेंट, परीक्षण, आरंभ करना एवं संस्थापन। **कार्य स्थल:** पूर्व रेलवे वर्कशॉप, जमालपुर, मुंगेर (बिहार), पिन–811214, **विज्ञापित मूल्य:** रु. 7,43,40,000/– **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **बोली प्रतिभूति:** रु.5,21,700/–, **समापन अवधि:** अठारह माह। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 20.04.2024 को 15.00 बजे। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 17.05.2024 को 12.00 बजे। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट का स्थान जहाँ से निविदा का संपूर्ण विवरण देखा जा सकता है: (**www.er.indianrailways.gov.in** के साथ हाइपरलिंक्ड **www.ireps.gov.in**) एवं उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (निर्माण), पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस को। ठेकेदारों को इस निविदा के लिए बयाना राशि बाबत केवल आईआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध भुगतान माध्यम जैसे कि नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के द्वारा भुगतान करने की अनुमति है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रिसीट, एफडीआर आदि के माध्यम से मैनुअल भुगतान करने की अनुमति नहीं है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

MISC-19/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## एक नजर

### शॉर्ट-सर्किट से लगी आग में चार दुकानें जलीं



**मुजफ्फरपुर (नि.सं.)**। मुजफ्फरपुर में सुबह तीन बजे शुक्रवार को बैरिया चौक स्थित चार दुकानें जल गई। दुर्गा मंदिर से आग की लपटें निकलना शुरू हुई। लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को फोन किया। अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। मौके पर फायर ब्रिगेड कर्मचारियों के आने तक आग फैल कर चार दुकानों तक पहुंच गई। फायर ब्रिगेड ने आग पर घंटों की मशक्कत के बाद काबू पाया। पीड़ित दुकानदारों के अनुसार आग से लाखों का नुकसान हुआ है। शॉर्ट-सर्किट की वजह से आग लगी है। फायर ब्रिगेड के अनुसार समय से सूचना मिलने से बड़ा हादसा बच गया। लपटें फैलने पर आसपास की और दुकानें भी चपेट में आ सकती थीं। दुर्गा मंदिर के ऊपर से हाई टेंशन तार गुजरता है। मंदिर में आग हाई टेंशन तारों से लगी या मंदिर के अंदर शॉर्ट-सर्किट से यह अभी पता नहीं चला है। हालांकि आग लगने का कारण शॉर्ट-सर्किट ही बताया जा रहा है। बैरिया चौक पर मां जानकी अस्पताल के ठीक बाहर दुर्गा मंदिर काफी प्राचीन है। चैत्र नवरात्र को लेकर गुरुवार देर रात तक भक्तों की भीड़ थी। हादसा देर रात होने के कारण जान-माल की क्षति नहीं हुई। आसपास के दुकानदारों की लाखों रुपए की संपत्ति जलकर खाक हो गई। स्थानीय दुकानदार ने बताया कि दुर्गा मंदिर में शॉर्ट-सर्किट से आग लगी है। आग लगने से हजारों रुपए की सम्पत्ति जलकर राख हो गई। दुकानदारों ने बिजली विभाग को सूचना देकर लाइन कटवाया। दुकानदारों के अनुसार मंदिर के ऊपर से जो बिजली का तार गुजरता है वो बीच में कटा हुआ है। कई बार तार बदलने के लिए कहा गया पर नहीं बदला। आरोप लगाया है कि बिजली मिस्त्री तार में टेप लगाकर चले जाते हैं।

### आग लगने से पांच अनाज एवं दस हजार रुपए समेत एक लाख का नुकसान



**सुपौल (नि.सं.)**। सुपौल के छातापुर प्रखंड अंतर्गत जीवछपुर वार्ड-11 में अचानक एक परिवार के घर में आग लग गई। घर में रखे गेहूं, चावल 10 हजार नगद समेत एक लाख रुपए की क्षति हुई है। इधर, आग में एक ही परिवार के दो घर में रखे सभी सामान जलकर राख हो गया। आधे घंटे की कड़ी मशक़्कत के बाद फायर बिग्रेड की टीम ने आग को बुझाया। अग्निपीड़ित बेचनी देवी ने बताया कि वह अपने बाल बच्चों के साथ घर में सो रही थी। इसी दौरान बीती रात करीब दो बजे अचानक आग घर में लग गई। जब तक उठकर देखा तो आग पूरी तरह फैल गयी थी,किसी तरह जान बचाकर घर से बाहर निकले। शोर होने पर आसपास के लोगों ने भी आंख की चपेट को बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। वहीं स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना फोन कर फायर ब्रिगेड की टीम को दी। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। पीड़िता ने कहा कि अग्निकांड में पांच बकरी भी जलकर मौत हो गयी। 1 क्विंटल चावल, 2 क्विंटल धान, 2 क्विंटल गेहूं, कीमती कपड़े, फर्नीचर समेत अलमीरा और घर में रखे करीब 10000 नगद आग में धू धू कर जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना ग्रामीणों ने भीमपुर थाने को भी फोन कर की। भीमपुर थाना अध्यक्ष मिथिलेश कुमार पांडे ने कहा कि एक परिवार के दो घर जले हैं। मामले में अंचलाधिकारी को सूचना दी गई है। सरकारी प्रावधान के अनुसार अंचल से अग्निपीड़ित को सहायता दी जानी है।

### कस्टडी से जवान की पिस्टल लेकर भाग रहे अपराधी को पुलिस ने मारी गोली, घायल



**मुजफ्फरपुर (नि.सं.)**। मुजफ्फरपुर में शुक्रवार की सुबह गिरफ्त से भाग रहे अपराधी को पुलिस ने गोली मारी। यह वही अपराधी है जिसने सदर थाना क्षेत्र के RDS कॉलेज के पास ज्वेलरी शॉप से 51 लाख रुपए के आभूषण लूटे थे। 10 अप्रैल को ज्वेलरी शॉप में लूट हुई थी। पुलिस ने उसे एसकेएमसीएच में भर्ती करवाया। इसके बाद बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच भेज दिया गया है। पुलिस अभिरक्षा में उसका इलाज चल रहा है। घायल अपराधी वैशाली के राजपकर गांव का रहने वाला अनूप झा है। पुलिस उसे जम्मू कश्मीर से गिरफ्तार कर ला रही थी। इसी दौरान अपराधी ने टॉयलेट का बहाना बनाया। टॉयलेट जाने के दौरान पुलिसकर्मी को धक्का मारकर पिस्टल लेकर भागने लगा। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अपराधी को दो गोलियां लगी है। एसएसपी राकेश कुमार ने कहा कि सुबह 4:00 बजे एक अपराधी को गिरफ्तार करके लाया जा रहा था। इस दौरान अपराधी ने कहा कि उसे टॉयलेट जाना है। इसके बाद पुलिसकर्मी ने गाड़ी रोककर उसे जाने दिया। इस दौरान अपराधी ने पुलिस को धक्का मारा और पिस्टल लेकर भागने लगा। इस दौरान पुलिस ने अपनी कार्रवाई करते हुए दो गोली मारी है। जिसमें दोनों गोलियां पैर के नीचे लगी।

### श्री खाटू श्याम बिहारी मंदिर से निकली निशान शोभा यात्रा

**समस्तीपुर (नि.सं.)**। श्री खाटू श्याम बिहारी मंदिर के 57वां वार्षिक महोत्सव सह श्याम महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को चिलचिलाती धूप के बीच भव्य निशान शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का नेतृत्व मंदिर से सचिव निर्मल केडिया कर रहे थे। गाजे-बाजे के साथ गोला रोड स्थित मंदिर प्रांगण से निकाली गई शोभा यात्रा शहर के गोला रोड, पुरानी पोस्ट आफिस रोड, स्टेशन रोड, रामबाबू चौक, मारवाड़ी बाजार होते हुए निकली। जुलूस में बड़ी संख्या में मारवाड़ी समाज की महिलाएं, पुरुष बच्चे ने उत्साह के साथ भाग लिया। चिलचिलाती धूप के बावजूद लोगों का उत्साह कम होने का नाम नहीं ले रहा था। धूप को देखते हुए पूजा समिति की ओर से जुलूस के आगे-आगे सड़क पर पानी डाला जा रहा था। जगह-जगह जुलूस में शामिल लोगों के लिए पानी और शर्बत की भी व्यवस्था की गई थी। शुक्रवार शाम से भजनों की अमृत वर्षा का आयोजन होगा। जिसमें भजन गायक राजू मेहरा, भजन गायिका दीक्षा राठोड़ भजन पेश करेंगी। इस दौरान नृत्य नाटिका का भी आयोजन होगा। नृत्य नाटिका श्री अभिजीत कोहर ग्रुप के कलाकार पेश करेंगे। 20 अप्रैल को महाभंडारा का भी आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में शहर के मारवाड़ी समाज के लोगों की भागीदारी के साथ शहर के लोग हिस्सा ले रहे हैं। मंदिर कमेटी के सुनील अग्रवाल के साथ ही मारवाड़ी महिला मोर्चा के सदस्य भी हिस्सा ले रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में अलौकिक श्रृंगार का कार्यक्रम होगा। ईत्र की वर्षा की जाएगी।

नक्सल प्रभावित इलाकों में शाम चार बजे वोटिंग समाप्त

# बिहार में लोकसभा चुनाव के पहले चरण की चार सीटों पर हुई वोटिंग



निज संवाददाता

**पटना**। बिहार में लोकसभा चुनाव के पहले चरण की चार सीटों के लिए वोटिंग हो रही है। वहीं, नक्सल प्रभावित इलाकों में शाम चार बजे वोटिंग खत्म हो गई। हालांकि, जो वोटर मतदान केंद्रों पर पहुंच गए है और लाइन में खड़े है, उन्हें मतदान करने दिया जाएगा। इस तरह के पंद्रह विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्र हैं। नौ विधानसभा क्षेत्रों में वोटिंग शाम 6 बजे तक हुई। 6,097 पोलिंग बूथ पर वोट डाले गये हैं। बूथों पर वोटर्स की लंबी कतार है। दोपहर 3 बजे तक चार सीटों पर 40.95% वोट डाले गए हैं। नवादा में बूथ संख्या 234 से एक सिपाही की एसएलआर रायफल और 20 गोलियां चोरी हो गई। जिसके बाद उसे सस्पेंड कर दिया गया। वहीं जमुई में शादी के बाद विदाई से पहले दुल्हन अपने दूल्हे के साथ वोट करने पहुंची। गया शहर के बूथ नंबर-190 पर लंच करने के लिए वोटिंग अधिकारियों ने मतदान आधे घंटे तक रोक दिया, बाद में डीएम के आदेश पर वोटिंग शुरू हुई।

एनडीए की तरफ से बीजेपी औरंगाबाद और नवादा सीट पर लड़ रही है, जबकि गया से हम के कैंडिडेट पूर्व सीएम जीतन राम मांझी मैदान में हैं। जमुई सीट पर चिराग के बहनोई अरूण भारती किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, चारों सीट पर इंडिया ब्लॉक की तरफ से आरजेडी के कैंडिडेट हैं। बता दें कि औरंगाबाद, नवादा, गया और जमुई में कुल 38 प्रत्याशी मैदान में हैं। चार लोकसभा क्षेत्रों में 24 विधानसभा क्षेत्र हैं। इनमें से 15 नक्सल प्रभावित विधानसभा क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की 153 कंपनियां तैनात की गई हैं। इन केंद्रों पर शाम 4 बजे तक वोटिंग होगी। जबकि 9 विधानसभा में शाम 6 बजे तक वोट डाले जाएंगे।

## वोट देने पहुंचा नवविवाहित जोड़ा



निज संवाददाता

**शेखपुरा**। शेखपुरा से एक नवविवाहित जोड़ा मंडप से उठकर वोट देने मतदान केंद्र पहुंच गया। अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह नजारा शेखपुरा विधानसभा के शहर चकदिवान के वसंती कन्या मिडिल स्कूल के बूथ संख्या 68 पर देखने को मिला। शेखपुरा की रहने वाली सुष्मिता और प्रदीप की आज ही शादी संपन्न हुई है। सात फेरे, सिंदूर दान के बाद जैसे ही विवाह संपन्न हुआ, जोड़ा सीधा वोटिंग सेंटर पहुंच गया। विवाहिता सुष्मिता ने कहा कि पहली दफा वोट देने आए हैं। वोट देने के बाद ही ससुराल के लिए रवाना होंगे। बता दें कि दोनों की शादी एक निजी मैरिज हॉल में करीब दिन 8.30 बजे सम्पन्न हुई और कुछ देर बाद ही वह बूथ पर पहुंच गई। मंडप से बूथ तक जाने की साक्षी बाराती के साथ मोहल्ले के लोग बने और इस कार्य के लिए दूल्हा दुल्हन की लोगों ने जमकर सराहना की। इस मौके पर नवविवाहिता ने कहा कि देश के विकास के मुद्दे पर पहली बार वोट दिया है। शादी का लाल जोड़े में दुल्हन को देखकर लोगों की भी भीड़ लग गई।

## बेगूसराय संसदीय क्षेत्र से केंद्रीय मंत्री गिरिराज ने किया नामांकन



- भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए मोदी को 400 के पार ले जाना होगा : गिरिराज सिंह

निज संवाददाता

**बेगूसराय**। बीजेपी के फायर ब्रांड नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आज बेगूसराय संसदीय क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीएम रोशन कुशवाहा के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन का काफिला सुभाष चौक स्थित एनडीए कार्यालय से निकला और पावर हाउस चौक, बस स्टैंड, ट्रैफिक चौक, कचहरी रोड, आंबेडकर चौक, कचहरी चौक, कैंटीन चौक होते हुए समाहरणालय पहुंचा। जहां से वह प्रस्तावकों के साथ नामांकन कक्ष में पहुंचे। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद गिरिराज सिंह का काफिला मेन रोड होते हुए जीडी कॉलेज पहुंचा। जहां सभा का आयोजन किया गया है। नामांकन के दौरान खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता, एमएलए राजकुमार सिंह, पूर्व मेयर संजय कुमार, पूर्व एमएलसी रजनीश कुमार, जिप अध्यक्ष सुरेन्द्र पासवान, जदयू जिलाध्यक्ष रुदल राय, बीजेपी जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा सहित बड़ी संख्या में एनडीए के कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रथम चरण के लोकसभा मतदान को लेकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि यह लोकतंत्र का पर्व है। पहले चरण में बिहार के चार सहित देश के 102 लोकसभा क्षेत्र में मतदान हो रहा है। बिहार के सभी चार सीट नरेन्द्र मोदी की झोली में जाएगी। देश के अन्य सीट पर भी एनडीए की जीत होगी। टुकड़े-टुकड़े गैंग चीन की भाषा बोल रहा है। परमाणु खत्म करने की बात कह रहा है। भारत को शक्तिहीन बनाने की बात कह रहा है। वैसे लोगों को आज मतदाता करारा जवाब देंगे, क्योंकि भारत को विश्व गुरु बनाना है, विश्वगुरु बनाने के लिए मोदी को 400 के पार ले जाना है।

## दो पक्षों में मारपीट में छह लोग घायल



निज संवाददाता

**बेगूसराय**। बेगूसराय में विवादित जमीन पर लगे पेड़ से बेल तोड़ने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों ओर से खूब लाठी-डंडे चले। घटना में दोनों तरफ से आधा दर्जन लोग घायल बताए जा रहे हैं। घटना बरौनी थाना क्षेत्र के सिंगदाहा गांव की है। दोनों पक्षों के एफआईआर दर्ज कराने के बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है, जो काफी तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि भीड़ में दोनों तरफ से एक-दूसरे पर लाठी-डंडा से जानलेवा हमला किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि शमीम आलम और कैजे आलम के बीच जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। घायल शमीम आलम का आरोप है कि दो कट्ठा जमीन पर कैजे आलम जबरदस्ती दावा करता है। जबकि जनता दरबार में भी वह इस केस को हार चुका है। इसी विवादित जमीन पर बेल का पेड़ है। जिसमें कैजे आलम जबरदस्ती बेल तोड़ रहा था। उसे मना किया गया तो परिजन सहित 10-15 लोगों ने लाठी-डंडा से हमला कर दिया। जिसमें दोनों तरफ से लोग घायल हुए हैं। बरौनी थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। शमीम आलम की तरफ से 4 और कैजे आलम की तरफ से 2 लोग घायल हुए हैं। मारपीट का वीडियो सामने आया है। बेल तोड़ने को लेकर विवाद हुआ था। मामले की छानबीन करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## एनडीए प्रत्याशी शांभवी चौधरी ने किया नामांकन

**समस्तीपुर (नि.सं.)**। समस्तीपुर सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी के रूप में लोजपा रामविलास उम्मीदवार शांभवी चौधरी ने अपना नामांकन दर्ज किया। नामांकन के दौरान उनके साथ राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर, महिला आयोग की अध्यक्ष अश्वमेघ देवी, जदयू जिला अध्यक्ष दुर्गेश राय शामिल हुए। उन्होंने निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह के समक्ष अपना नामांकन भरा। नामांकन दाखिल करने के बाद बाहर निकली एनडीए प्रत्याशी शांभवी चौधरी ने कहा कि उन्होंने अपना नामांकन कर लिया है। उनके दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान समस्तीपुर में हैं। उन्हीं की सभा में वह शामिल होने के लिए जा रही हैं। उन्होंने कहा कि समस्तीपुर में उन्हें प्यार और सम्मान मिल रहा है। इस मौके पर उन्होंने लोगों से आशीर्वाद भी मांगा और विक्ट्री सीन भी दिखाया। शांभवी चौधरी ने कहा कि चिराग पासवान की सभा के साथ ही वह आज से विधिवत जनसंपर्क अभियान शुरू करेंगी।

## सड़क हादसे में महिला की मौत, पुरूष घायल



निज संवाददाता

**पूर्णिया**। पूर्णिया में बीती रात भीषण सड़क हादसा हुआ है। स्कॉर्पियो ने सड़क पार कर रहे बाइक सवार महिला-पुरुष को जोरदार टक्कर मार दी। दोनों अपने घर लौट रहे थे। हादसा में मौके पर ही महिला की मौत हो गई, जबकि घायल पुरुष की हालत काफी नाजुक है। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घटना मीरगंज थाना क्षेत्र के बहेलियस्थान चौक के समीप की है। हादसे के बाद घटना से नाराज परिजनों ने मुआवजे की मांग करते हुए 3 घंटे तक मुख्य मार्ग जाम कर प्रदर्शन किया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फिर मंत्री लेसी सिंह मौके पर पहुंची। जिसके बाद किसी तरह मामला शांत हुआ। मृतक महिला की पहचान मीरगंज थाना क्षेत्र के बहेलिया न्यू मंडल टोला वार्ड-4 निवासी महेश्वर मंडल की पत्नी चानो देवी (50) के रूप में हुई है। जबकि घायल बाइक सवार की पहचान अब तक नहीं हो सका है। मृतका अपने पीछे पति समेत दो बेटे और एक बेटी छोड़ गई। परिजनों के अनुसार गुरुवार रात दोनों एक बाइक पर सवार होकर बैगना से घर बहेलिया न्यू मंडल टोला वार्ड-4 लौट रहे थे। तभी बाइक से सड़क पार करने के क्रम में बहेलियस्थान चौक के समीप एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इस घटना में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चालक की हालत काफी गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद घटना स्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। आक्रोशित परिजन शव के साथ मुख्य मार्ग पर बैठ गए। मुआवजे की मांग करते हुए नाराज परिजनों ने तीन घंटे तक सड़क जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मीरगंज थाना की पुलिस और फिर कुछ ही देर बाद मंत्री लेसी मौके पर पहुंची। लंबी बातचीत और आश्वासन के बाद किसी तरह परिजनों का गुस्सा शांत हुआ। फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए GMCH पूर्णिया भेज दिया है। वहीं, मृतका की मौत के बाद से परिजनों में चीख-पुकार मची है।

मतदान केंद्र पर पेयजल, शौचालय, रैंप, बिजली शेड और बेंच की व्यवस्था

# जिलाधिकारी ने सभी बीएलओ को दिया निर्देश 19 अप्रैल तक करें मतदाता पर्ची का वितरण



निज संवाददाता

**भागलपुर**। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने जिले के सभी बीएलओ को कई दिशा-निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने मतदाता पर्ची वितरण, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, मतदान केन्द्रों पर की जा रही व्यवस्था के संबंध में बारी-बारी से कई निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची का वितरण 19 अप्रैल तक कर देना है और उन्हें बताना है कि यह मतदाता पर्ची नहीं है, यह डीएम का वोट देने के लिए निमंत्रण है। वैसे व्यक्ति जो बाहर रहते हैं और उनके आने की संभावना नहीं है। उनकी मतदाता पर्ची नहीं देना है। वह मतदाता पर्ची एडिशनल बीएलओ लेकर मतदान के दिन मतदान केंद्र के हेल्प डेस्क पर रहेंगे।

उन्होंने कहा है कि बाहर से अगर कोई आने वाला है, तो उनकी मतदाता पर्ची दे देना है। मतदान केंद्र पर पेयजल, शौचालय, रैंप, बिजली शेड और बेंच की व्यवस्था करनी है। ताकि मतदान दल को कोई दिक्कत ना हो सके। साथ ही अपने मतदान केंद्र की अच्छी तरह सफाई करवानी है। भोजन की भी अच्छी व्यवस्था करनी है, जिसके लिए मेन्यू भी बना दिया गया है।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने मासूम को रौंदा, मौत

**लखीसराय (नि. सं.)**। हलसी थाना क्षेत्र के मानपुर गांव में अपने घर के सामने सड़क पर खेल रहे 2 वर्षीय बच्चे को एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने कुचल दिया, जिससे बालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घटना के बाद चालक वाहन लेकर तेज रफ्तार में भागने लगा, इसी दौरान स्कॉर्पियो सड़क किनारे खेत में पलट गई। वहीं चालक भागने में सफल रहा। मृतक की पहचान मानपुर गांव निवासी सुजीत कुमार का पुत्र मयंक कुमार(2) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है की वह घर के सामने सड़क पर खेल रहा था। इसी दौरान महिसोनी गांव की ओर जा रही एक अनियंत्रित स्कार्पियो ने उसे कुचल दिया। घटना के बाद वहां लोगों की भीड़ लग गई। जिसके बाद परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा था। इसकी जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई और शव को अपने कब्जे में कर लिया। वहीं घटना की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है।

## पटना में ट्रक पर दिखा हवाई जहाज जाम में फंसी कई गाड़ियां



निज संवाददाता

**पटना**। पटना में नेशनल हाईवे पर गुरुवार की देर शाम एक एयर इंडिया का हवाई जहाज सड़क पर देख लोग अचंभित हो गए। पटना के NH 30 नेशनल हाइवे दीदारगंज टोल प्लाजा के पास एक एयर इंडिया का विमान एक ट्रक पर लोड था। ट्रक पर हवाई जहाज का स्क्रैप लोड था। एयर इंडिया की यह फ्लाइट काफी लंबी थी। फ्लाइट लंबी और अपेक्षाकृत सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण सड़क पर घूमने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।इसके कारण नेशनल हाईवे पर जाम लग गया। जाट गोल्डन ट्रांसपोर्ट अजमेर की ट्रक पर एयर इंडिया का स्क्रैप जहाज लोड था। पटना के दीदारगंज टोल प्लाजा के पास सड़क चौरी होने के कारण ट्रक को घुमाने की कोशिश करने लगे। इसके कारण यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। कई गाड़ियां टोल प्लाजा दीदारगंज के पास जाम में फंस गई। दीदारगंज टोल प्लाजा के कई कर्मचारियों को सड़क जाम में फंसे ट्रक पर लोड एयर इंडिया के हवाई जहाज का स्क्रैप सड़क से हटाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है कि टोल प्लाजा के कर्मचारियों की कोशिश के बाद ट्रक पर लोड स्क्रैप हवाई जहाज को दीदारगंज नेशनल हाइवे के रास्ते बख्तियारपुर की ओर रवाना किया गया।

## शॉट सर्किट से लगी आग, दो किसानों का चार बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

निज संवाददाता

**शेखपुरा**। शेखपुरा में शुक्रवार को अरियरी थाना क्षेत्र अंतर्गत सहनौरा गांव के खंधा में बिजली के शॉट सर्किट से लगी आग से दो किसानों के खेतों में लगी गेहूं की पकी और तैयार फसल जल कर राख हो गई। इस घटना में भोजडीह गांव के किसान अरविंद महतो और रंजीत महतो को लगभग एक लाख रुपए से अधिक का नुकसान होने की उम्मीद जताई गई है। ग्रामीण कुंदन कुमार उर्फ गोरे ने बताया कि गांव से पश्चिम खंधा में खेत के ऊपर से गुजरे 440 वोल्ट क्षमता वाले विधुत तार के बीच आपस में घर्षण होने के बाद उससे निकली चिंगारी गेहूं की खेत में जा गिरी। तेज पछुआ हवा के बीच देखते ही देखते आग की लपटों ने आसपास के खेतों को अपने आगोश में ले लिया। घटना के दौरान लगी आग पर बाद में ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद काबू पाया। घटनास्थल पर अग्निशमन केंद्र से दमकल दस्ता भी नहीं पहुंच पाया। पीड़ित किसानों ने जिला प्रशासन से प्राकृतिक आपदा कोष से सरकारी सहायता की मांग की है। इस घटना के बाद पीड़ित किसानों के परिवार वालों के बीच मायूसी छा गई है। इस बाबत अरियरी थाना अध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी ने बताया कि घटना के बाद ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पा लिए जाने की सूचना मिली है।

## जल्द बनेगी जन्मस्थली पुनौरा में मां सीता की 251 फीट ऊंची प्रतिमा

निज संवाददाता



**सीतामढ़ी**। माता सीता की जन्मस्थली पुनौरा में भव्य सीता प्रतिमा की निर्माण जल्द ही किया जाएगा। बता दें कि 50 एकड़ जमीन पर मां सीता की 251 फीट ऊंची प्रतिमा का निर्माण कराया जाना है। जिसकी तैयारी वर्ष 2018 से ही चल रहा है। इसके लिए 30 एकड़ जमीन भी उपलब्ध कराई जा चुकी है। इस संबंध में रामायण रिसर्च काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी सांदीपेंद्र जी महाराज ने कहा कि कुछ ही दिनों में यह प्रक्रिया पूरी होते ही वह खुद सीतामढ़ी आकर मंदिर निर्माण कार्य के स्थान, कार्य के चरण एवं प्रारूप की घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव समाप्त होते ही वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस विषय पर भेंट करेंगे और सीतामढ़ी में उक्त स्थल के भूमि-पूजन हेतु प्रस्ताव भी रखेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2018 में जब उन्होंने सीतामढ़ी में काउंसिल के तत्वावधान में इस प्रयास की शुरुआत की थी, तब मां सीता को लेकर बस बातें ही होती थीं, लेकिन, आज काउंसिल की लगातार पहल के बाद कई संस्थाएं जागृत हुई हैं। इतना ही नहीं कुछ लोग काउंसिल से ही प्रेरित होकर मां सीता को भगवती के रूप में स्थापित करने की सलाह भी दे रहे हैं, जो स्वागत-योग्य है और यह काउंसिल की सतत जागरूकता का ही परिणाम है। काउंसिल के ही पहल पर अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर निर्माण से जुड़े आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा भी सीतामढ़ी विजिट कर चुके हैं और विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष आलोक कुमार भी काउंसिल के प्रकल्प को हरसंभव सहयोग की घोषणा कर चुके हैं। काउंसिल के कार्यालय से जानकारी दी गई कि संस्था ने कुछ दिनों पूर्व ही सभी समितियों एवं कमेटियों को भंग कर दिया था एवं काउंसिल के मुख्य मार्गदर्शक रहे श्री श्री 1008 परमहंस स्वामी सांदीपेंद्र जी महाराज को अपना नया अध्यक्ष चुना था। मध्य प्रदेश में नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी सिद्ध पीठ प्रांगण के संत व काउंसिल के अध्यक्ष ने कहा कि वह लंबे समय से सीतामढ़ी में मां सीताजी की 251 फीट ऊंची प्रतिमा तथा संबंधित क्षेत्र को तीर्थ, पर्यटन एवं शक्ति के रूप में स्थापित करने को लेकर पहल कर रहे थे। इस निमित्त भूमि की उपलब्धता एक बड़ा विषय था, जिस पर लगातार पहल के बाद काउंसिल को सफलता प्राप्त हुई है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## बहुत महंगे होते चुनाव कहीं लोकतंत्र पर बोझ तो नहीं

साल 2024 के लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। प्रथम चरण के पर्चे भी भरे जा चुके हैं। सभी प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार जोरों पर है और खर्च भी बेतहाशा हो रहा है। इस चुनाव में करीब 1.20 लाख करोड़ रुपया खर्च होने का अनुमान लगाया जा रहा है। खर्च इससे अधिक भी हो सकता है। साल 2019 के चुनाव में अनुमानतः 60 हजार करोड़ रुपया खर्च हुआ था, जो तब तक का सबसे महंगा चुनाव माना गया था, जबकि चुनाव 2014 में 9,357 करोड़ रुपया खर्च हुआ था। आम चुनाव 1951-52 के कुल 10 करोड़ रुपये खर्च के मुकाबले अब खर्च तेजी से सुरसा के मुंह की तरह बढ़ता जा रहा है, जो देश के हालात, लोकतंत्र और चुनाव की शुचिता तथा चुनाव खर्चों की चिंता करने वालों को बहुत उद्वेलित कर रहा है। चुनाव इतना महंगा कैसे हो गया? महंगा होकर आम आदमी की पहुंच से दूर कैसे हो गया? अब तो चुनाव आयोग ने ही प्रत्याशी का खर्च 70 लाख रुपया कर दिया है और पार्टी द्वारा किया जाने वाला खर्च अलग है। कई चुनाव लड़े हुए साथियों से जब मैंने खर्च पूछा, तो चौंकाने वाली चीजें सामने आईं। समाज में एक बहुत प्रतिष्ठित दंपति ने बड़े शहर से मेयर का चुनाव लड़ा, जब उनसे बात की, तो उन्होंने बताया कि दोनों की कुल जमा-पूंजी से 35 लाख रुपये खर्च हो गए, फिर भी वह चुनाव हार गए। उनका मानना है कि यदि एक करोड़ रुपये होते, तो चुनाव लड़ा जा सकता था। बाकी साथियों ने बताया कि लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए कम से कम दो करोड़ रुपये चाहिए। जीत के लिए यह आंकड़ा पांच से 10 करोड़ और उससे भी अधिक पर पहुंच जाता है। चुनाव लड़ चुके लोगों ने बताया कि लोकसभा चुनाव में हर ब्लॉक में कम से कम दो गाड़ी चलाना होता है और एक क्षेत्र में 15 से 18 तक ब्लॉक होते हैं, तो कम से कम 30 से 45 गाड़ी का खर्च कम से कम दो लाख रुपया प्रतिदिन होता है । प्रत्याशी, चुनाव एजेंट और अन्य सहयोगियों की भी कम से कम पांच से 10 तक गाड़ी चलती है । हर ब्लॉक पर कम से कम एक कार्यालय चलता है, जिसका खर्च पांच से 10 हजार रुपये प्रतिदिन होता है।

## अयोध्या में भरत का शासनकाल

**रमेश रंजन त्रिपाठी**

*श्रीराम की धरोहर, अयोध्या की देखभाल करने लगे। उन्होंने गुरुदेव, माताओं, परिजनों से लेकर छोटे-बड़े सभी की सुख-सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा। माना जाता है कि श्रीराम और सीता जी की सुरक्षा के लिए वन में चौदह वर्ष लक्ष्मण सोये नहीं, वे रात भर जागते हुए वीरासन में बैठकर पहरा देते थे। भरत भी चौदह सालों तक श्रीराम की अयोध्या की रक्षा के लिए सजगता पूर्वक जागा करते थे। इसका प्रमाण है, हनुमान जी द्वारा राम-रावण युद्ध के दौरान लक्ष्मण के प्राण बचाने के लिए द्रोण पर्वत को लेकर जानेवाली अद्भुत घटना।*

रामराज्य को दुनिया की श्रेष्ठ शासन प्रणाली माना जाता है। महाराज दशरथ के परलोकगमन के पश्चात और श्रीराम के राजा बनने से पहले चौदह वर्षों तक भरत ने अयोध्या का राजकाज सम्हाला। उन्होंने स्वयं राजगद्दी पर बैठने के बजाय, श्रीराम की चरण पादुकाओं को सिंहासन पर प्रतिष्ठित किया। चरणपादुकाएं उन सिद्धांतों और मर्यादित आचरण का प्रतीक हैं जिसमें श्रीराम दृढ़ता से खड़े रहते हैं। अर्थात् भरत ने राघवेंद्र सरकार से प्राप्त मार्गदर्शन के अनुरूप सत्ता का संचालन किया। गोस्वामी तुलसीदास जी ने 'श्रीरामचरित मानस' में लिखा है कि भरत चरणपादुकाओं से अनुमति लेकर काम करते थे। 'मागि मागि आयसु करत राज काज बहु भाँति'। रामराज्य की श्रेष्ठता के कारण भरत के शासन काल की अधिक चर्चा नहीं होती। जबकि भरत ने भी अत्यंत कुशलतापूर्वक अयोध्या की राज्य व्यवस्था सम्हाली। इसका प्रमाण महर्षि व्यास कृत ब्रह्माण्ड पुराण के उत्तरखंड का हिस्सा अध्यात्म रामायण के युद्ध कांड में मिलता है जिसमें वनवास के उपरांत अयोध्या लौटे श्रीराम से भरत कहते हैं- प्रभो! मुझे धरोहर रूप में सौंपे हुए आपके इस राज्य को मैं फिर आपको ही सौंपता हूँ। हे जगन्नाथ! आपके प्रताप से मैंने अन्न-भंडार, सेना और कोश आदि पहले से दस गुने कर दिए हैं। 'कोष्ठागारं बलं कोशं कृतं दशगुणं मया'। भरत अयोध्या के राजा नहीं बनना चाहते थे। वे अपने बड़े भाई श्रीराम का आदर भक्ति की सीमा तक करते थे। उनके लिए श्रीराम के स्थान पर स्वयं को राजा बनने की कल्पना करना भी असंभव था। यद्यपि उनकी माता कैकेयी ने महाराज दशरथ द्वारा पूर्व में उन्हें दिए गए वचनों की याद दिलाते हुए दो वरदान माँग लिए थे, पहला, अपने पुत्र अर्थात् भरत को अयोध्या का राज्य और दूसरा, श्रीराम को चौदह वर्षों का वनवास। श्रीराम के साथ सीता और लक्ष्मण भी जंगल चले जाते हैं। इस दुख में दशरथ अपने प्राण त्याग देते हैं। इस घटनाक्रम के समय भरत और शत्रुघ्न अपनी ननिहाल में थे। गुरु जी उन्हें तत्काल वापस बुलाते हैं। अयोध्या पहुँचकर भरत पर जैसे वज्रपात हो गया, श्रीराम के वनवास का कारण स्वयं को जानकर वे अत्यंत दुखी हो जाते हैं। वे पिता के अंतिम संस्कार के पश्चात श्रीराम को वापस लाने चित्रकूट जाते हैं। वे भलीभाँति जानते थे कि श्रीराम वनवास की अवधि पूरी होने से पूर्व अयोध्या नहीं लौटेंगे। भरत फिर भी अपने अग्रज को मनाने जाते हैं और अपने समर्पण, भक्ति और विनय से चौदह सालों बाद अयोध्या आकर राजगद्दी सम्हालने हेतु श्रीराम की स्वीकृति प्राप्त कर लेते हैं। यह बात इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि कैकेयी ने भरत को राजा बनने का वरदान सीमित अवधि के लिए नहीं माँगा था, वनवास के पश्चात श्रीराम अयोध्या लौटते तब भी राजा भरत ही रहते। भरत अपने उद्देश्य में सफल होते हैं कि चौदह वर्षों बाद राघव अयोध्या के नरेश होंगे। वे अयोध्या से इतर, नंदीग्राम में रहते हुए राजकाज करने लगते हैं। अयोध्या के शासन का संचालन करने के लिए श्रीराम द्वारा दिए गए सूत्र और स्वयं भरत की कार्यप्रणाली का गोस्वामी तुलसीदास जी ने 'श्रीराम चरित मानस' में संक्षिप्त किंतु सारगर्भित वर्णन किया है। श्रीराम, सीता और लक्ष्मण के वनगमन के समय महाराज दशरथ के कहने पर सुमंत्र उन तीनों को रथ में बिठाकर जंगल में ले जाते हैं। श्रृंगवेरपुर से सुमंत्र को वापस लौटाते हुए राघव भरत के लिए संदेश भेजते हैं कि राजा का पद पाने पर नीति न छोड़ देना, मन, वचन और कर्म से प्रजा का पालन करना और सब माताओं को समान जानकर सेवा करना। हे भाई! पिता, माता और स्वजनों की सेवा करके भाईपने को अंत तक निभाना। पिता जी को ऐसे रखना कि वे मेरा सोच न करें। यह सीख तब दी गई थी जब महाराज दशरथ जीवित थे। दशरथ जी के न रहने पर भरत चित्रकूट जाते हैं। वे चौदह वर्षों तक अयोध्या का राज काज सम्हालने के लिए श्रीराम से सीख देने की आर्त भाव से विनती करते हैं। राघव उन्हें समझाते हैं कि तुम्हारी, मेरी, परिवार, घर और वन की सारी चिंता गुरु वशिष्ठ और महाराज जनक जी को है। गुरुदेव, मुनि विश्वामित्र और मिथिलापति के होते, हमें, तुम्हें स्वप्न में भी क्लेश नहीं है। मेरा, तुम्हारा परम पुरुषार्थ, स्वार्थ, सुयश, धर्म और परमार्थ इसी में है कि हम दोनों भाई पिता जी की आज्ञा का पालन करें। माता-पिता, गुरु और स्वामी की आज्ञा मानने से पैर कभी कुमार्ग पर नहीं पड़ते। ऐसा विचारकर चिंता छोड़ अवध जाकर अवधि भर उसका पालन करो। देश, खजाना, परिवार, कुटुम्ब आदि की जिम्मेदारी तो गुरु जी सम्हाल लेंगे। तुम तो मुनि वशिष्ठ जी, माताओं और मंत्रियों की सलाह मानकर तदनुसार पृथ्वी, प्रजा और राजधानी की रक्षा करते रहना। भरत की व्यग्रता को शांत करके श्रीराम उन्हें अत्यंत सुंदर प्रतीक से राजधर्म का सार समझाते हैं- मुखिया को मुख के समान होना चाहिए, जो खाने-पीने को तो अकेला है, परंतु विवेकपूर्वक सभी अंगों का पालन-पोषण करता है। श्रीराम की शिक्षा का सार यही है कि राजा को निरंकुश नहीं होना चाहिए, राजकाज में योग्य व्यक्तियों की सलाह लेते हुए सबकी समुचित देखभाल करनी चाहिए। श्रीराम की चरणपादुकाएं लेकर भरत अयोध्या लौट आते हैं। जनक जी चार दिन अयोध्या में रुके, समस्त इंतजाम किया और मंत्री, गुरु जी और भरत को राज्य सौंपकर मिथिला चले गए। नगरवासी गुरु जी की सीख मानकर श्रीराम के वापस लौटने की प्रतीक्षा में नियम उपवास करते हुए भोग, सुखों को त्यागकर रहने लगे। भरत ने मंत्रियों और विश्वस्त सेवकों को यथोचित दायित्व सौंप दिए। शत्रुघ्न को शिक्षा दी और माताओं की सेवा में नियुक्त कर दिया। विद्वत्समाज से निवेदन किया कि वे कोई भी आज्ञा देने में संकोच न करें। भरत ने परिजनों और नागरिकों को सब प्रकार से संतुष्ट कर सुखपूर्वक बसाया। फिर उन्होंने शत्रुघ्न के साथ जाकर गुरु जी से नियमपूर्वक रहने की आज्ञा प्राप्त की और सुदिन देख चरणपादुकाओं को राजसिंहासन पर विराजित कराया। वे गुरुदेव और कौशल्या माँ को सिर नवाकर पादुकाओं से आज्ञा ले नंदिग्राम में पर्णकुटी बनाकर रहने लगे। भरत सिर पर जटाजूट बना, मुनियों के वल्कल वस्त्र धारणकर पृथ्वी को खोदकर उसके अंदर कुश का आसन बिछाकर रहने लगे। श्रीराम के वन में निवास करने के कारण भरत भी प्रेमपूर्वक भोजन, वस्त्र, बर्तन, व्रत, नियम आदि में ऋषियों के तुल्य आचरण करने लगे। उन्होंने तन, मन और वचन से समस्त सुख-सुविधाओं, वस्त्राभूषण, भोग-विलास का त्याग कर दिया। भरत ने अपने आचरण से सिद्ध किया कि वैराग्य धारण कर लेने पर भी राजकाज का सफलतापूर्वक संचालन किया जा सकता है।

## जय श्री राम के जरिए संजय निरुपम ने दिए भविष्य के संकेत

वरिष्ठ नेता ने 2009 में मुंबई उत्तर सीट जीती थी, लेकिन 2014 और 2019 में मुंबई उत्तर और मुंबई उत्तर पश्चिम से चुनाव हार गए। आज उन्होंने साफ कर दिया कि अगर जरूरत पड़ी तो वह दूसरी तरफ से चुनाव लड़ेंगे। मुंबई उत्तर पश्चिम सीट महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की झोली में है। निष्कासित कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने नेहरूवादी धर्मनिरपेक्षता की आलोचना करने के बाद अब जय श्री राम के नारे के साथ अपनी भविष्य की योजनाओं का एक व्यापक संकेत दिया है। यह पूछे जाने पर कि आगे क्या59 वर्षीय नेता ने संवाददाताओं से कहा मेरे पास योजनाएं हैं, निश्चित रूप से मैं कहीं न कहीं शामिल हो रहा हूं। घोषणा करूंगा। आप जय श्री राम से अर्थ निकाल सकते हैं। निरुपम को कल 17 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा के बाद कांग्रेस के सहयोगी उद्धव ठाकरे की शिव सेना यूबीटी पर बिना सोचे-समझे की गई टिप्पणियों के लिए निष्कासित कर दिया गया था। इनमें मुंबई उत्तर पश्चिम सीट भी शामिल थी, जिस पर श्री निरुपम की नजर थी। वरिष्ठ नेता ने 2009 में मुंबई उत्तर सीट जीती थी, लेकिन 2014 और 2019 में मुंबई उत्तर और मुंबई उत्तर पश्चिम से चुनाव हार गए। आज उन्होंने साफ कर दिया कि अगर जरूरत पड़ी तो वह दूसरी तरफ से चुनाव लड़ेंगे। मुंबई उत्तर पश्चिम सीट महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की झोली में है। पार्टी ने अभी तक अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। उद्धव ठाकरे गुट ने इस सीट से अमोत कीर्तिकर को मैदान में उतारा है। निरुपम ने संवाददाताओं से कहा मैं उन्हें सांसद नहीं बनने दूंगा। मैं चुनाव लड़ूंगा और उन्हें हराऊंगा। संजय निरुपम को लॉयबलिटी बताते हुए बीजेपी नेता मोहित कंबोज ने कहा कि आख़िरकार कांग्रेस ने उन्हें बाहर कर दिया! वह वही हैं जिन्होंने 2019 में मोदी जी और बीजेपी की आलोचना की थी, वह वह हैं जो हिंदू विरोधी हैं और उन्होंने मुंबई में बीफ पार्टी का आयोजन किया था। जहां भी जाएंगे वो लॉयबलिटी होंगे। मैं आखिरी दम तक उनका विरोध करूंगा!

## प्रजातंत्र नहीं, तो आप चुनकर कैसे आए

**मोनिका मिनल**

महोदय, जो बिल सदन में लाया गया है, मैं उसका समर्थन नहीं कर सकती हूं। सदन में मैंने डी एन रेड्डी और जयपाल रेड्डी का भाषण सुना है। उन्होंने यह कहा है, यदि यह बिल लीगलाइज हो गया, तब देश में 'डेमोक्रेसी' आएगी, अभी तक ऐसा नहीं है। जब डेमोक्रेसी नहीं है, तो... जयपाल जी इधर कैसे आए? हम लोग जो इधर आए हैं, डेमोक्रेसी के चलते आए हैं। यदि आप सारे देश की स्थिति देखें, तो आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम का राज है, कर्नाटक में हेगड़े जी का राज है, पंजाब में अकाली का राज है, वहां बरनाला जी हैं, असम में एजीपी का राज है और त्रिपुरा में नितेन चक्रवर्ती, सीपीएम का राज है। हमारे राज्य पश्चिम बंगाल में मार्क्सवादी पूंजीवादी सीपीएम का राज है। फिर भी आप कहते हैं कि डेमोक्रेसी नहीं है, क्लीन डेमोक्रेसी नहीं है, चुनाव के नियम ठीक नहीं हैं, तो भारतवर्ष में विपक्षी दल कैसे चुनकर आ रहे हैं? मार्क्सवादियों का गणतंत्र को खत्म करने का जो षड्यंत्र है, इसको अगर देखना है, तो पश्चिम बंगाल में आकर देखिए। पश्चिम बंगाल में जो इलेक्टोरल रोल्स है, उनको पूरी तरह से बदलना चाहिए। पश्चिम बंगाल में मतदातओं के नाम मतदाता सूची से काट दिए जाते हैं और मतदाता सूचियों के साथ गड़बड़ी की जाती है। वहां भारत के विधि मंत्री अशोक सेन का नाम मतदाता सूची में नहीं है। एक पूर्व मुख्यमंत्री प्रफुल्ल चंद्र सेन का नाम मतदाता सूची में नहीं हैं। हजारों नाम मतदाता सूची से काट दिए गए हैं और अगर कुछ दिन और ये सत्ता में रह जाते हैं, तो मतदाता सूची में मार्क्सवादी कॉमरेड का नाम ही आएगा और दूसरे किसी आदमी का नाम नहीं आएगा। यह कितनी शर्म की बात है कि विधि मंत्री का नाम मतदाता सूची में नहीं है? जो देश के लिए कानून बनाता है, उसका नाम मतदाता सूची से काट दिया गया? यह कितनी शर्म की बात है और ये लोग सदन में हम लोगों के खिलाफ बोलते हैं? मेरा कहना यह भी है कि आप पहचान पत्र मतदाताओं को दीजिए। पश्चिम बंगाल में जो इलेक्टोरल रोल्स हैं, उनमें छोटे-छोटे बच्चों का भी नाम है और किसी मार्क्सवादी के पिता अगर मर जाते हैं, तो उनका भी नाम मतदाता सूची में रहता है। जब चुनाव होता है, तो उनके नाम पर भी वोट पड़ जाता है। यह कैसे होता है? मतदाता सूची में फर्जी नाम भी होते हैं और उनके नाम से वोट समय से पड़ जाता है। इसलिए मैं कहना चाहूंगी कि सब मतदाताओं को पहचान पत्र दिए जाएं। अगर ऐसा किया गया, तो स्थिति नियंत्रण में आ जाएगी। ...चुनाव से पहले ये लोग गांव में जाते हैं और रास्ते पर सड़क बनाने के लिए ईंटें गिराते हैं और गांव वालों को गेहूं देते हैं, चावल देते हैं और साड़ियां देते हैं और उनसे कहते हैं कि हम लोगों को वोट दीजिए, हम सब गरीबों के दोस्त हैं। केंद्र सरकार जो रुपये देती है, ...वे रुपये राज्य सरकार खर्च नहीं करती और चुनाव के समय खर्च किया जाता है। ...प्रशासन में भी मनमानी करके ये अपने लोगों को मतदान के काम में लगाते हैं। ... सीपीएम के कॉडर का सुपरवाइजर घर-घर में जाता है और कांग्रेस के वोट काट देता है।... हमारी कांग्रेस पार्टी के कोषाध्यक्ष हैं सीताराम केसरी। कोष वही संभालते हैं। ...मार्क्सवादी पार्टी में कोषाध्यक्ष क्यों नहीं होता? क्योंकि कोषाध्यक्ष होने से सबको मालूम हो जाएगा कि आपके पास कितने रुपये हैं और वे रुपये आपके पास कहां से आते हैं? इसीलिए आप लोग अपनी पार्टी में कोषाध्यक्ष नहीं रखते हैं। पहले आपकी पार्टी का दफ्तर मिट्टी के मकान में था, लेकिन अब आठ वर्ष पहले जब से आप सत्ता में आए हैं, उसके बाद से आपकी पार्टी के पास बहुत बड़ा भवन हो गया है। आज पांच मंजिली इमारत में आपकी पार्टी का दफ्तर है। ये रुपये आपके पास कहां से आए? ये सारे रुपये, करोड़ों रुपये, आपने सत्ता में आने के बाद पार्टी के लिए इकट्ठा किए। अगर आपकी पार्टी में कोषाध्यक्ष होगा, तो यह सारा सबको मालूम हो जाएगा।

## आज का राशिफल

### मेष
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

### वृष
ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

### कर्क
अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

### सिंह
ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

### मिथुन
जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

### कन्या
विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

### तुला
लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

### वृश्चिक
रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

### मकर
लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी।

### कुंभ
कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे।

### धनु
कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति का सहयोग मिलेगा।

### मीन
कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5345

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 7 | 4 | | | |
| | 1 | | | | | 4 | | |
| 6 | 7 | | 9 | | 5 | | | |
| | 8 | | 2 | | 6 | | | |
| | 6 | | 8 | 4 | 7 | | 2 | |
| | | | 5 | | 1 | | 8 | |
| | | | 7 | | 8 | | 9 | 2 |
| | | 6 | | | | | 1 | |
| | | | 4 | 1 | | | 5 | 8 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5344

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 5 | 7 | 4 | 9 | 2 | 3 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 6 | 3 | 8 | 5 | 1 |
| 3 | 6 | 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 3 | 8 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 2 | 1 | 9 | 7 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 3 | 4 | 5 | 2 | 9 | 7 | 8 |
| 2 | 5 | 8 | 6 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 |

## वर्ग पहेली 5345

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | | | ■ | 8 | | |
| | ■ | 9 | | 10 | ■ | | ■ |
| 11 | 12 | ■ | 13 | | 14 | | 15 |
| 16 | | | | ■ | | ■ | |
| ■ | | ■ | 17 | 18 | | ■ | ■ |
| 19 | | 20 | ■ | | ■ | 21 | 22 |
| 23 | | | | | ■ | 24 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. मध्यप्रदेश की एक औद्योगिक बस्ती जो अपने अखबारी कागज मिल के लिए प्रसिद्ध है (5)
5. कच्चे आम या इमली का बना खट्ठा-मीठा पेय पदार्थ (2)
7. कुलबुलाहट, कुलबुलाने का भाव (4)
8. यह विश्व का सबेस बड़ा लोकतांत्रिक देश है (3)
9. यह अरब का एक प्रायद्वीप है जिसकी राजधानी दोहा है (3)
11. निग्रह, दो की संख्या (2)
13. वह गद्य या पद्य का लेख जो किसी विजय के सुअवसर पर लिखा जाए (5)
15. वेतन, पगार, निश्चित अवधि में मिलने वाला पारिश्रमिक शुल्क (4)
17. गणित में से संख्याओं का योग (3)
19. हिम्मत, पराक्रम, बहादुरी (3)
21. रजनीमुख, संध्याकाल, सांझ (2)
23. दिल या मन के अंदर ही, चुपचाप (5)
25. ख्याति, शोहरत, प्रसिद्धि (2)

**ऊपर से नीचे**

1. ईमानदार और सच्चा (5)
2. नाव के मस्तूल से बांधा जाने वाला कपडा (2)
3. लवण, नोन (3)
4. बात या सही अर्थ न समझना (6)
5. शलभ, पतंगा, टिड्डा (4)
6. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
10. प्रवृत्तिशील, ध्यानमग्न (1)
12. मन को रिझाने वाला (5)
14. घी, जौ, तिल आदि को मंत्र पढ़ते हुए अग्नि में डालने का कृत्य (3)
15. यह गौतम बुद्ध की माता का नाम था (2)
18. एशिया महाद्वीप में स्थित देश जिसके निकटतप पडौसी देश, चीन कोरिया तथा रूस है (3)
19. गाए जाने वाले वेदमंत्र (2)
20. हस्ताक्षर, यथार्थ, दस्तखत (2)
21. कंधा, जुलाहे की कूंची (2)
22. मेरा या मेरी (संस्कृत) (2)


### वर्ग पहेली 5344 हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ने | पा | ल | ■ | क | ना | डा | ■ |
| की | म | त | ■ | मा | न | क | ■ |
| औ | ■ | खो | ल | ना | ■ | घ | ना |
| र | फ्ता | र | ■ | ■ | प | र | म |
| ब | ■ | ■ | अ | न | र्थ | ■ | क |
| र्दी | वा | ने | खा | स | ■ | त | र |
| ■ | ■ | म | त | ■ | ख | म | ण |
| बे | रू | त | ■ | फ | र | सा | ■ |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### टाटानगर स्टेशन पर लंगूर ने दो जवानों को किया जख्मी



**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटानगर स्टेशन पर आरपीएफ व जीआरपी के एक-एक जवान को गुरुवार सुबह लंगूर ने जख्मी कर दिया। इससे स्टेशन ड्यूटी रेलकर्मियों और सुरक्षा जवानों में दहशत है। लंगूर के हमले से जख्मी जीआरपी जवान का इलाज खासमहल सदर अस्पताल व आरपीएफ जवान का इलाज टाटानगर रेलवे अस्पताल में कराया गया। इधर, स्टेशन पर लंगूर के उत्पात की जानकारी मिलने पर वन विभाग की टीम पहुंची और लंगूर को पकड़ने में जुटी है। बताया जाता है कि टाटानगर स्टेशन पर जनवरी से लंगूर का आना-जाना लगा है। इस दौरान 10 यात्रियों समेत दो सुरक्षा जवानों को लंगूर जख्मी कर चुका है। बुधवार को वन विभाग की टीम ने लंगूर को स्टेशन से निकालकर पकड़ लिया था। इससे रेलकर्मियों ने राहत की सांस ली थी। लेकिन गुरुवार को दो सुरक्षा जवानों के जख्मी होने पर रेलकर्मियों को लंगूर के वाहन से कूदकर यार्ड की लाइन में भागने की जानकारी मिली। यात्री समेत रेलकर्मियों की सुरक्षा का हवाला देकर वन विभाग पर लंगूर को पकड़ने का दवाब बनाया जा रहा है, लेकिन लंगूर चकमा देकर भाग जाता है।

### झारखंड की चार सीटों पर चुनावी दंगल शुरू, इनमें से एक पर पूरे देश की टिकी रहेंगी निगाहें

**रांची, एजेंसी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गुरुवार को चौथे चरण (झारखंड के लिए पहला चरण) के चुनाव की अधिसूचना जारी किए जाने के साथ ही राज्य के सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा तथा पलामू में चुनावी दंगल शुरू हो गया है। इन चारो सीटों पर गुरुवार से ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। हालांकि पहले दिन किसी भी सीट पर कोई नामांकन नहीं हुआ। अब इन सीटों पर चुनाव प्रचार भी जोर पकड़ लेगा। जिन चार सीटों पर चुनाव की अधिसूचना जारी हुई है, उनमें तीन सीटें सिंहभूम, खूंटी और लोहरदगा एसटी के लिए आरक्षित हैं, जबकि पलामू एससी के लिए आरक्षित है। दाखिल नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को होगी। वहीं, 29 अप्रैल तक नामांकन वापस लिया जा सकेगा। इन चारों सीटों पर 13 मई को मतदान होना है। राज्य के लगभग एक चौथाई (25.07 प्रतिशत) मतदाता इस पहले चरण की सीटों पर मतदान करेंगे। इस चरण में कुल 64,37,460 मतदाता वोट देंगे। इनमें 32,29,480 पुरुष मतदाता, 32,07,938 महिला तथा 42 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। चुनाव में बनाए गए कुल मतदान केंद्रों में 25.72 मतदान केंद्र इन संसदीय क्षेत्रों में हैं। बता दें कि एनडीए तथा आइएनडीआइए ने इन चार सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। सिंहभूम में भाजपा ने गीता कोड़ा तथा झामुमो ने जोबा मांझी को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह, खूंटी में एक बार फिर अर्जुन मुंडा (भाजपा), और कालीचरण मुंडा (कांग्रेस) आमने-सामने होंगे। लोहरदगा में भाजपा ने समीर उरांव एवं कांग्रेस ने सुखदेव भगत तथा पलामू में भाजपा ने वीडी राम तथा राजद ने ममता भुइयां को टिकट दिया है।

### स्टेशन में पानी के लिए अधिक पैसे लेने पर पांच हजार जुर्माना

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटानगर स्टेशन पर ठंडा पानी के बदले यात्रियों से अधिक पैसे लेने पर वाटर वेंडिंग मशीन संचालक पर एआरएम अभिषेक सिंघल ने पांच हजार जुर्माना वसूलने का आदेश दिया। बुधवार को डीआरएम एके राठौर रांची होकर टाटानगर स्टेशन आए थे। प्लेटफार्म नंबर चार-पांच पर स्टेशन अधीक्षक ओपी शर्मा, सीसीआई अंजनी राय, खानपान निरीक्षक राकेश कुमार, स्टेशन वाणिज्य उपाधीक्षक एके लेंका व अन्य रेलवे सुपरवाइजर मौजूद थे। इस दौरान एआरएम ने एक वाटर वेंडिंग मशीन संचालक को पानी के लिए यात्री से 10 रुपये लेते देखा। उन्होंने तत्काल वाटर वेंडिंग मशीन संचालक को फटकार लगाई और लाइसेंस रद्द करने की चेतावनी दी। मालूम हो कि 10 अप्रैल को भी औचक जांच के दौरान एआरएम ने प्लेटफार्म नंबर एक स्थित वाटर वेंडिंग मशीन संचालक पर पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया था। एआरएम ने अन्य सुपरवाइजर को नियमित औचक जांच करने का आदेश दिया है, ताकि तय राशि से अधिक पैसा लेने की शिकायत न हो।

### टाटा स्टील में जेडीसी की संख्या होगी कम

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटा वर्कर्स यूनियन में कमेटी मेंबरों की संख्या कम करने की योजना का असर इस बार टाटा स्टील प्रबंधन और यूनियन की गठित संयुक्त कमेटियों पर पड़ना तय माना जा रहा है। जेडीसी की भी संख्या को कम करने की योजना है। उल्लेखनीय है कि टाटा स्टील में कर्मचारियों की संख्या को 30 जून 2026 तक घटाकर 8300 करने का लक्ष्य है।टाटा वर्कर्स यूनियन में कर्मचारियों की संख्या में अनुपात में ही कमेटी मेंबरों की संख्या तय की जाएगी। वर्तमान में टाटा वर्कर्स यूनियन में कमेटी मेंबरों की कुल संख्या 214 है। यह संख्या तब निर्धारित की गई थी, जब टाटा स्टील में कर्मचारियों की संख्या करीब 40 हजार थी। वर्तमान में जमशेदपुर प्लांट में कर्मचारियों की संख्या 11400 के करीब है। सूत्रों का कहना है कि टाटा स्टील प्रबंधन इस आधार पर टाटा वर्कर्स यूनियन में भी कमेटी मेंबरों की संख्या घटाने के पक्ष में है। यूनियन जानकारों के मुताबिक पचास प्रतिशत तक कमेटी मेंबरों की संख्या में कमी की जा सकती है।

# लू की चपेट में प्रदेश : उत्तर-पश्चिम की शुष्क हवाओं ने बढ़ाई गर्मी, 15 जून तक ऐसा ही रहेगा मौसम

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में लगातार गर्मी बढ़ रही है। राज्य का लगभग आधा हिस्सा गर्म हवाओं की चपेट में है। अधिकतम तापमान हर दिन बढ़ता ही जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र के रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटे में राज्य का मौसम शुष्क रहा है। सबसे अधिक उच्चतम तापमान सराइकेला का रहा। यहां 43 डिग्री सेल्सियस टेंपरेचर दर्ज किया गया है।



वहीं सबसे कम तापमान गोड्डा जिले का रहा। जहां 20.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि जिस तरह का मौसम अभी चल रहा है, ऐसी स्थिति पूरे माह रहने वाली है। मई से 15 जून तक गर्मी बढ़ेगी ही।

मौसम विज्ञान केंद्र के रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर पश्चिम से चल रही शुष्क हवा के कारण झारखंड का आधा हिस्सा लू की चपेट में आ गया है। अधिकतम तापमान बढ़ रहा है और गर्म हवाएं चलने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक 19 अप्रैल यानी आज रांची और खूंटी का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस, 20 अप्रैल को 39 डिग्री सेल्सियस और 21 अप्रैल को 40 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है।हालांकि अपने पूर्वानुमान में बदल जाने की बात भी मौसम विभाग ने की है। 22 अप्रैल को हल्के बादल छाए रह सकते हैं। वहीं झारखंड के दक्षिणी हिस्से विशेष रूप से सिमडेगा, पश्चिमी और पूर्वी सिंहभूम और सराइकेला में हल्के दर्ज की बारिश हो सकती है। मौसम में यह परिवर्तन थोड़ा राहत दे सकता है।

मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार 21 अप्रैल को सराइकेला, गोड्डा, पाकुड़ तथा पूर्वी सिंहभूम में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। जबकि पश्चिमी सिंहभूम, धनबाद, बोकारो, देवघर, चतरा, पलामू और गढ़वा में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

भीषण गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग ने लोगों को एहतियात बरतने को कहा है। केंद्र की ओर से सलाह भी जारी की गई है। जिसमें कहा गया है कि बहुत जरूरी ना हो तो दिन के 11ः00 से दोपहर 3ः00 तक घर से बाहर निकलने से बचें। अगर निकालना जरूरी है तो टोपी पहनकर या छाता लगा कर चलें। शरीर में पानी की कमी नहीं होने दें। बच्चों और बुजुर्ग का इस गर्मी में विशेष ध्यान रखना होगा। वैसे श्रमिक जो भारी काम करते हैं, उन्हें दोपहर 11 से 3 बजे तक बचना चाहिए। संभव हो तो नियमित पानी पीते रहें।

## गर्मी में इस बार बिजली संकट नहीं, रांची में पीक आवर में 340 मेगावाट की मांग, शहर को मिल रही जरूरत की पूरी बिजली

**रांची, एजेंसी।** रांची में गर्मी अब सताने लगी है। पारा दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। बढ़ती गर्मी के साथ ही राजधानी में अचानक बिजली की खपत भी बढ़ गई है। रांची में इन दिनों पीक आवर में बिजली की मांग 340 मेगावाट तक पहुंच गई है, जो कि अबतक की सबसे अधिक है। इससे पहले रांची में औसत 260 से 280 मेगावाट बिजली की डिमांड पीक आवर में थी। इसके पीछे का कारण यह है कि घरों व कार्यालयों में एसी, कूलर और पंखे ज्यादा संख्या में चल रहे हैं।

हालांकि, अब तक अच्छी बात यह है कि रांची में डिमांड के अनुरूप बिजली की सप्लाई की जा रही है। इसकी वजह से लोड शेडिंग की समस्या नहीं आई है। जेबीवीएनएल के अधिकारी लगातार इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं कि शहर के किसी इलाके में बिजली की समस्या हो।

जेबीवीएनएल की ओर से गर्मी में बढ़ती बिजली की मांग को देखते हुए लगातार मेंटेनेंस पर भी ध्यान दिया जा रहा है। इस वजह से कहीं-कहीं परेशानी हो रही है। लेकिन, दूसरे ग्रिड से पावर सप्लाई कर उसे नियंत्रित रखा जा रहा है। गुरुवार को 132 केवी लाइन के मेंटेनेंस के लिए 33 केवी राजभवन में कुछ घंटों के लिए शटडाउन लिया गया। हालांकि यहां कांके ग्रिड से पावर सप्लाई की गई, ताकि उपभोक्ताओं को कोई परेशानी नहीं हो।

## 'डेढ़गुजरी' भाषा पर होगी रिसर्च, विभाग से मिली मंजूरी

**रांची, एजेंसी।** भाषा और बोली के मामले में हमारा देश बहुत समृद्ध है। राज्यों और कस्बों के छोटे भू-भाग में बोली जाने वाली भाषा को बोली कहते हैं। बोली भाषा का स्थानीय रूप होती है। माना जाता है कि देश में हर दस किलोमीटर के बाद बोली बदल जाती है। भाषा व्याकरणिक नियमों से बंधी होती है, लेकिन बोली स्वतंत्र होती है। देश के राज्य और प्रदेशों में बोलियां बदल जाती हैं। मिश्रित भाषा वंशावली बोलियों को जन्म देती है। ऐसी ही भाषा रेस की बोली में शमिल है डेढ़गुजरी बोली। यह प्रदेश के बॉर्डर इलाकों में झारखंडी भाषा-बोली से मिश्रित होकर प्रचलन में है।

डेढ़गुजरी बोली, भाषा विशेषज्ञों के लिए रोचकता पैदा करती है तो शोध का कारण भी बनी है। भाषा और बोली वंशावली की जटिलता को सुलझाने के लिए झारखंड सरकार कल्याण विभाग द्वारा संचालित डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान (टीआरआई) की ओर से डेढ़गुजरी भाषा पर शोध-अध्ययन होगा। शोध कार्य भाषा वैज्ञानिकों के माध्यम से किया जाएगा। शोध के लिए विभागीय स्वीकृति भी मिल गई है।

इस शोध अध्ययन के माध्यम से भाषाओं की विविधीकरण की प्रक्रिया, किसी विशिष्ट समूह की बोली, मूल और सामान्य भाषा के बीच के अंतर सहित अन्य सामाजिक पृष्ठभूमियों पर अध्ययन होगा। शोध कार्य से भाषा परिवारों की वंशावली संरचना की सूक्ष्म, विश्वसनीय और सत्यापन योग्य पहचान साबित की जा सकेगी।



**बोलियों की अपनी कोई लिपि और व्याकरण नहीं**

झारखंड राज्य की एक सीमा पश्चिम बंगाल, दूसरी ओड़िशा, तीसरी छत्तीसगढ़ और चौथी बिहार के प्रदेशों से सटती है। इन इलाकों में बंगला, उड़िया, छत्तीसगढ़ी और बिहारी भाषाओं के सम्मिश्रण ने कई बोलियों को जन्म दिया है। भाषा वैज्ञानिकों के अनुसार इन बोलियों की अपनी कोई लिपि और व्याकरण नहीं है। यही वजह है कि इन्हें भाषा वंशावली में रखने से परहेज किया जाता है।

झारखंड सरकार में टीआरआई निदेशक रणेंद्र कुमार ने कहा, डेढ़गुजरी पर अध्ययन की पृष्ठभूमि पाठकों में रुचि पैदा करेगी। इस भाषा-बोली में ओडिशा व बंगाली भाषा का समावेश है। यह भाषा वंशावली विषय में नई बहस को भी जन्म देगी। इसके साथ ही यह भी पता चल सकेगा कि भाषा व बोली का क्षेत्र के अनुसार परिवर्तन होता है।

# 30 मिनट तक दो गुटों में पथराव, मजिस्ट्रेट व एएसआई चोटिल, लाठी चार्ज, बाइक फूंकी गई

**बोकारो , एजेंसी।** चास के पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के जाला गांव में बुधवार की शाम करीब पांच बजे रामनवमी जुलूस गुजरने के दौरान पुलिस के समक्ष दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। दोनों ओर से जमकर पथराव हुआ। पथराव से ड्यूटी पर तैनात मजिस्ट्रेट सहित कई लोग जख्मी हो गए। बवाल के दौरान उपद्रवियों ने एक बाइक जला दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार करीब आधे घंटे तक दोनों ओर से पथराव हुआ।

घटना की सूचना पाकर चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार और पिंड्राजोरा थाना प्रभारी रविंद्र कुमार दल-बल के साथ पहुंचे और दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस के समक्ष ही रह-रहकर दोनों पक्ष एक दूसरे से भिड़ रहे थे। ऐसे में पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया और भीड़ को तितर-बितर किया।



बताया जाता है कि शाम में रामनवमी का जुलूस जाला गांव से गुजर रहा था।

जुलूस के साथ स्थानीय पुलिस की एक पेट्रोलिंग टीम भी चल रही थी। इसी दौरान जाला में एक गुट के कुछ लोगों ने डीजे बंद करने को कहा तो जुलूस में शामिल लोगों ने इसका विरोध किया। देखते ही देखते दोनों पक्षों की ओर से बहसबाजी मारपीट में तब्दील हो गई। मारपीट के दौरान एक पक्ष के लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। इससे यहां भगदड़ मच गई। डीजे संचालक वाहन सहित भाग गया। पथराव के जवाब में दूसरे पक्ष ने भी पथराव शुरू कर दिया।

दो गुटों के पथराव में ड्यूटी में तैनात मजिस्ट्रेट अमृत टोपनो और पिंड्राजोरा थाना के एएसआई किशोर कुमार सहित कई लोग जख्मी हुए हैं। मामला बिगड़ता देख तैनात मजिस्ट्रेट ने इसकी सूचना वरीय पदाधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही चास एसडीएम राजकुमार गुप्ता पहुंचे और अतिरिक्त पुलिस बल पुलिस लाइन से भेजा गया। पुलिस ने लोगों को तितर-बितर किया और सभी को अपने-अपने घर जाने का निर्देश दिया। फिलहाल पुलिस गांव में कैंप कर रही है। मामले में किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

## सरयू राय से मिलने पहुंची कांग्रेस उम्मीदवार अनुपमा सिंह, मांगा जीत का आशीर्वाद

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह गुरुवार को जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय से जीत का आशीर्वाद लेने जमशेदपुर पहुंचीं। पति कांग्रेस विधायक अनूप सिंह व परिजनों के साथ बिष्टुपुर स्थित सरयू राय के आवास पर पहुंचीं, जहां उन्होंने चुनावी रणभूमि में फतह के लिए मार्गदर्शन की इच्छा जताई।

सरयू राय ने भी उन्हें मार्गदर्शन का भरोसा जताया। उन्होंने अनुपमा सिंह से कहा कि वे जनता के बीच जाकर उनके मनोभावों को समझने की कोशिश करें कि वे क्या चाहते हैं। उनके अनुरूप अपना स्थानीय एजेंडा भी बनाएं और जनता को भरोसा दिलाएं कि चुनाव जीतने के बाद उनकी उम्मीदों पर खरा उतरेंगी। सरयू ने कहा कि धनबाद संसदीय क्षेत्र में दो प्रवृत्ति की लड़ाई है। आम जनता को भरोसा नहीं हो रहा कि भाजपा ढुलू महतो जैसे लोगों को भी अपना प्रत्याशी बना सकती है। वे अचंभित हैं। अब चुनाव मैदान में अनुपमा सिंह के उतरने के बाद लोगों में उम्मीद की किरण जगी है। उनके सामने नए चेहरे को चुनने का विकल्प मिला है।

कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का सरयू राय का पैर छूकर आशीर्वाद लेने से सियासी गलियारे में हलचल है। लगभग एक घंटे तक विभिन्न पहलुओं पर बातचीत हुई। मुलाकात के बाद अनुपमा सिंह ने पत्रकारों से कहा कि धनबाद का चुनाव जीतने के लिए सरयू राय का आशीर्वाद जरूरी है। अनुपमा ने कहा कि सरयू राय से पारिवारिक रिश्ता है। उनके पति भी चुनाव जीतने के लिए उनसे आशीर्वाद लेते रहे हैं।

## 90.39 प्रतिशत रहा झारखंड 10वीं बोर्ड का रिजल्ट, हजारीबाग की 4 छात्राएं टॉप 3 में, ज्योत्सना ज्योति ने टॉप किया

**रांची , एजेंसी।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने शुक्रवार को 10वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी कर दिया। इस बार 90.39 फीसदी स्टूडेंट्स पास हुए हैं। टॉप 3 में 4 लड़कियां हैं। सभी हजारीबाग की इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल की हैं। झारखंड टॉपर ज्योत्सना ज्योति को 99.2त्न नंबर मिले हैं। सेकेंड टॉपर सना संजुरी को 98.6त्न अंक मिले हैं।

थर्ड टॉपर करिश्मा-सृष्टि सौम्या को 98.4त्न नंबर मिले हैं। 10वीं रिजल्ट में टॉप 10 में 44 छात्र-छात्राएं शामिल रहीं। इनमें से 19 छात्राएं हजारीबाग की इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल की ही हैं।

3 लाख 38 हजार 398 स्टूडेंट्स परीक्षा में पास हुए हैं। इनमें से 205110 छात्र फर्स्ट डिवीजन से पास हुए हैं। 153733 स्टूडेंट्स सेकंड डिवीजन में पास हुए। सिर्फ 19555 छात्र थर्ड डिवीजन में पास हुए हैं।

इस बार के रिजल्ट में लड़कियों में बाजी मारी है। लड़कियों का पासिंग परसेंटेज 91 रहा। लड़कों का पासिंग परसेंटेज 89.70 रहा। बोर्ड का कहना है कि अगले 10 दिनों में 12वीं का रिजल्ट भी जारी कर दिया जाएगा।



बोर्ड अध्यक्ष डॉक्टर अनिल महतो ने कहा कि आम चुनाव को देखते हुए हम लोग इस बार जल्दी रिजल्ट जारी कर रहे हैं। अन्य सालों के मुकाबले इस बार 20 दिन पहले रिजल्ट हुआ है।

इस साल मैट्रिक की परीक्षा 6 फरवरी से 26 फरवरी तक ली गई थी। इसके लिए पूरे राज्य में 1238 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा में लगभग 4,21,678 स्टूडेंट्स शामिल हुए थे। मैट्रिक की परीक्षा पहली पाली में सुबह 9.45 बजे से 1.05 बजे तक हुई थी।

झारखंड बोर्ड का कहना है कि 10 दिनों के अंदर 12वीं का रिजल्ट भी जारी कर दिया जाएगा। बीते साल तक मई में परिणाम जारी किए जाते थे पर इस साल अपने शेड्यूल समय से पहले ही 10वीं का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। इंटर की परीक्षा के लिए 740 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में लगभग 7,66,500 परीक्षार्थी शामिल हुए थे।

## एसी बोगी के मिडिल बर्थ का चेन गायब, यात्री ने रेल मंत्री को किया ट्वीट तो बीच रास्ते में लगाया

**रांची, एजेंसी।** रांची रेल डिवीजन में ट्रेनों का मेंटनेंस करने वाला मैकेनिकल विभाग केवल कोरम पूरा कर रहा है। रांची से जब ट्रेन खुल जाती है तो मैकेनिकल विभाग की लापरवाही से लगातार रांची डीआरएम को फजीहत झेलनी पड़ रही है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। यात्री सानू गुप्ता ने रांची से दिल्ली तक गरीब रथ ट्रेन में तत्काल टिकट बुक कराया। उसे बोगी जी-6 में बर्थ नंबर 56 अलॉट किया गया, जो मिडिल बर्थ था। रात में जब सोने के लिए यात्री ने बर्थ को खोलने लगा तो पता चला कि दोनों तरफ की चेन गायब है। इस पर यात्री सानू ने रेल मंत्रालय व रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को ट्वीट किया। उसने लिखा कि रेलवे क्या सर्विस दे रहा है सीट के लिए रेलवे को अतिरिक्त पैसा देकर तत्काल में सीट बुक कराए, फिर भी ऐसी व्यवस्था।रेल मंत्रालय ने यह मामला तुरंत रांची डीआरएम के पास भेजा। रांची डीआरएम ने खेद व सॉरी जताते हुए यात्री की शिकायत को गंभीरता से लिया।

## रांची में भू-गर्भ जल का दोहन रोकने की तैयारी : सभी भवनों में बनाना होगा रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, जांच करेगा निगम

**रांची , एजेंसी।** बेंगलुरू में व्याप्त जल संकट को देखते हुए रांची अभी से अलर्ट मोड पर आ गया है। शहर के सभी भवनों व घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने की सलाह दी गई है। फिलहाल 300 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल में बनने वाले भवनों में ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाना जरूरी है। मतलब करीब सात डिसमिल जमीन पर बनने वाले घरों के लिए हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाना होता है। इससे कम क्षेत्रफल में बनने वाले भवन इससे मुक्त हो जाते हैं। जबकि, नगर निगम से स्वीकृत होने वाले नक्शा में 80 प्रतिशत छोटे भवन होते हैं। तीन से पांच डिसमिल जमीन पर अधिकतर घरों का निर्माण होता है।

इस वजह से अधिकतर घरों में बोरवेल कराकर जमीन से पानी तो निकाला जा रहा है, लेकिन वर्षा जल का संरक्षण नहीं किया जा रहा है। इसे देखते हुए निगम प्रशासक के निर्देश पर टाउन प्लानर ने सभी लाइसेंसी टेक्निकल पर्सन को ई-मेल भेजकर साफ कहा है कि सभी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने पर जोर दें। जिस भवन के नक्शा में रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने का ले-आउट बताया जाता है, उनमें भी अनिवार्य रूप से सिस्टम बनवाएं। हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने की जिम्मेदारी भी संबंधित आर्किटेक्ट की है।



हार्वेस्टिंग सिस्टम बनने के बाद इसकी रिपोर्ट भी निगम को देने के लिए कहा गया है, ताकि भवन मालिकों को अधिक टैक्स देने से मुक्ति मिले।

नगर निगम के आंकड़े की मानें तो शहर में करीब 2.30 लाख घर हैं। इसमें मात्र 60 हजार भवनों में ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बना है। यानी करीब 26 फीसदी घरों में ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बना है। इसलिए वर्षा जल का संरक्षण नहीं हो रहा है। अब भी रांची में 25 हजार से अधिक भवन ऐसे हैं, जिसका निर्माण 300 वर्गमीटर से अधिक जमीन पर हुआ है, लेकिन इन भवनों में वर्षा जल संरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है।

ऐसे भवन मालिक निगम को निर्धारित से डेढ़ गुना अधिक होल्डिंग टैक्स का भुगतान कर रहे हैं। इसके अलावा किसी भी भवन में रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं बना है। पहले से बने अधिकतर सरकारी भवनों में भी रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं बना है। इस वजह से वर्षा जल संरक्षण की दिशा में ठोस पहल नहीं हो रही है।

रांची में 2.30 लाख घर हैं। इसमें 80 से 90 हजार घरों तक ही जलापूर्ति पाइपलाइन बिछी हुई है। उसमें भी 40 से 50 हजार घरों में ही पानी पहुंचता है। करीब 60 प्रतिशत घर ऐसे हैं जहां अभी तक जलापूर्ति पाइपलाइन नहीं बिछी है। इस वजह से बड़ी आबादी ग्राउंड वाटर पर निर्भर है। बोरवेल के भरोसे करीब 1.35 हजार घर है।

## संक्षिप्त समाचार

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को रौंदा, ग्राम प्रधान की मौत, एक घायल; रेफर

**सोनभद्र , एजेंसी।** सोनभद्र के पन्नूगंज थाना क्षेत्र के रामगढ़ संगम इंटर कॉलेज के पास बीती देर रात ट्रैक्टर की चपेट में आने से किचार के ग्राम प्रधान की मौत हो गई। हादसे में प्रधान के साथ बाइक पर मौजूद एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। एक माह के अंदर ब्लॉक के ग्राम प्रधान के मौत की यह दूसरी घटना है।

चतरा ब्लॉक के किचार ग्राम पंचायत के प्रधान रमेश कुमार कुशवाहा (48) पुत्र हरे कृष्णा कुशवाहा रात करीब दस बजे अपनी बाइक से रामगढ़ आ रहे थे। उनके साथ बाइक पर चंदौली जिले की चकिया कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर निवासी प्रेम शंकर पुत्र नानहक दास मौजूद था। संगम इंटर कॉलेज के पास रॉबर्ट्सगंज की तरफ जा रहे ट्रैक्टर की चपेट में बाइक आ गई। हादसे में रमेश कुशवाहा व प्रेम शंकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी चतरा ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने रमेश कुशवाहा को मृत घोषित कर दिया। प्रेम शंकर को जिला अस्पताल लोढी के लिए रेफर किया गया। बाद में उसे ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया। प्रेम शंकर की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने ग्राम प्रधान केशव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल में रख दिया।

### रोडवेज के बस ड्राइवरों को डैशबोर्ड पर रखनी होगी परिवार की फोटो

**लखनऊ , एजेंसी।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए बसों के डैशबोर्ड पर ड्राइवर के परिवार की फोटो लगाने की व्यवस्था अफसरों के लिए चुनौती बन गई है। चूंकि ड्राइवरों की ड्यूटी बदलती रहती है, इसलिए बस ड्राइवरों को परिवार की फोटोफ्रेम साथ में रखने को कहा जा रहा है। ड्यूटी के अनुसार



बस में फोटोफ्रेम लगाना होगा।

यह व्यवस्था रोडवेज के 12 हजार बसों में की जानी है, जिसे लेकर अफसरों ने माथापच्ची शुरू कर दी है। हालांकि यह व्यवस्था लागू करना उनके लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। परिवहन निगम के जनसंपर्क अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि परिवहन आयुक्त की ओर से दिशानिर्देश आ गए हैं। इस संबंध में जल्द ही निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर की अध्यक्षता में क्षेत्रीय अधिकारियों की बैठक होगी। इसमें बस चालकों की ड्यूटी के दौरान परिवार की तस्वीर लगाने को लेकर दिशानिर्देश दिए जाएंगे। 15 दिनों के अंदर सभी ड्राइवरों को परिवार की तस्वीर लगानी होगी।

### मेड़बंदी कराने गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने बोला हमला, तीन सब इंस्पेक्टर

**वाराणसी, एजेंसी।** वाराणसी के चौबेपुर थानाक्षेत्र के गांव संदहा में मेड़बंदी कराने गई पुलिस व राजस्व टीम पर करीब डेढ़ सौ ग्रामीणों ने एकजुट होकर लाठी, ईंट, पत्थर से हमला बोल दिया। इसमें छह पुलिसकर्मी घायल हो गए। इसमें तीन एसआई और एक हेड कांस्टेबल और दो सिपाही शामिल हैं। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया। वहीं, हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने को तहरीर दी है।

चिरईगांव चौकी प्रभारी पंकज राय ने बताया कि शहर के ब्रह्मनाल मोहल्ले के गोपीनाथ पुत्र स्वर्गीय मूसे के प्रार्थना पत्र पर न्यायालय ने पैमाइश का आदेश दिया था। इस पर एसडीएम सदर साश्वत अग्रवाल व मुख्य राजस्व अधिकारी अरुण कुमार के आदेश पर मेड़बंदी कराने पहुंचे थे।

# पैरासेलिंग: गोवा-मुंबई की तरह अब रामगढ़ताल में कर सकेंगे मौज मस्ती, शुरू हो गई ये उड़ान




**गोरखपुर , एजेंसी।** रामगढ़ताल में बुधवार शाम को पैरासेलिंग बोट को उतारने के बाद बृहस्पतिवार शाम से उसका ट्रायल शुरू हो गया। पर्यटक अब गोवा और मुंबई की तरह रामगढ़ताल में भी पैरासेलिंग का आनंद ले सकेंगे।

वॉटर स्पोर्ट्स के नया सवेरा पर बने प्लेटफॉर्म से मोटर बोट, स्पीड बोट एवं जेट स्कीइंग का संचालन शुरू हो गया है। जीडीए ने वॉटर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के संचालन की जिम्मेदारी मुंबई की फर्म को दी है। फर्म से जुड़े आशीष शाही ने बताया कि सुबह काफी तेज हवा चल रही थी, इस कारण पैरासेलिंग का ट्रायल शाम को किया गया।

एक दो -दिन ट्रायल के बाद पर्यटकों के लिए यह सेवा शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पैरासेलिंग में विशेष रूप से डिजाइन किया पैराशूट होता है, जिसे पैरासेल कहा जाता है। इसे या तो नाव या वाहन द्वारा खींचा जाता है। ऑपरेटर के पास इसका नियंत्रण होता है। बृहस्पतिवार शाम छह बजे से शुरू हुए ट्रायल में काफी संख्या में पर्यटकों की भीड़ ट्रायल देखने के लिए उमड़ आई थी। संचालन कर रही एजेंसी ने पैरासेलिंग के लिए तकनीकी स्टॉफ गोवा से बुलाया है। पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सभी पुख्ता इंतजाम हैं। वॉटर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स से पैरासेलिंग का आनंद उठाने के लिए पर्यटकों को 800 रुपये चुकाने होंगे। स्पीड बोट के लिए 100 रुपये, जेट स्कीइंग के लिए 400 रुपये और नार्मल बोट के लिए 60 रुपये शुल्क लिया जा रहा है।

**सीएम योगी बोले**

## आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के लिए करें मतदान, अखिलेश-मायावती ने भी की अपील

**लखनऊ , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में लोकसभा की 102 सीटों के लिए आज मतदान हो रहा है। वहीं, यूपी में आठ सीटों पर मतदान हो रहा है।

लोकतंत्र के इस पर्व पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता से आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित भारत के निर्माण के लिए वोट करने की अपील की है। सीएम योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा, आज लोकतंत्र के महापर्व का प्रथम चरण है।



सभी सम्मानित मतदाताओं से मेरी अपील है कि आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित भारत के निर्माण के लिए, नए भारत की अविराम विकास यात्रा के लिए मतदान अवश्य करें। आपका एक वोट भारत को और अधिक सशक्त बनाएगा। इसलिए ध्यान रहे, पहले मतदान, फिर जलपान! जय हिंद! पहले चरण के मतदान से पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी जनता से अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि अपने सुनहरे भविष्य के लिए वोट ज़रूर डालें।

मायावती ने जनता से पहले मतदान और फिर जलपान की अपील करते हुए एक्स पर कहा कि देश में हो रहे 18वें लोकसभा आमचुनाव में आज पहले चरण की वोटिंग से ही 'पहले मतदान, फिर जलपान' के संकल्प के साथ पूरे होश व जोश के साथ बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की सभी वोटरों से अपील, ताकि रोज़गार, सुरक्षा, आत्म-सम्मान व स्वाभिमान-युक्त जीवन देने वाली अच्छी सरकार देश में बने।

# लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के नए प्रयोग की होगी परीक्षा, बनाई जा रही भविष्य की रणनीति

**लखनऊ, एजेंसी।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में नया प्रयोग किया है। पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों को टिकट देने में समान हिस्सेदारी रखी है तो दूसरी तरफ सपा का वोटबैंक कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में कितना जाता है, इसका भी लिटमस टेस्ट हो रहा है। इस चुनाव में कांग्रेस के इन दोनों प्रयोग की परीक्षा है। यदि पार्टी इस परीक्षा में पास हुई तो भविष्य की रणनीति इसी दिशा में रहेगी।

न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने हर जिले में पिछड़े, दलितों व अल्पलंख्यकों की भागीदारी का मुद्दा उठाया था। संगठन से लेकर चुनाव तक में भागीदारी देने की वकालत की थी। लोकसभा चुनाव में यूपी में कांग्रेस को 17 सीटें मिली हैं। इसमें 15 पर उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है। कांग्रेस ने तीन उम्मीदवार पिछड़े



वर्ग के दिए हैं। यानी पिछड़ों की हिस्सेदारी 20 फीसदी है।

इसमें मथुरा से मुकेश कुमार धनगर जाति से हैं तो सीतापुर के राकेश राठौर अति पिछड़े वर्ग में आने वाले तेली समाज से हैं। वहीं, महराजगंज के उम्मीदवार विधायक वीरेंद्र चौधरी कुर्मी हैं। इस तरह तीन में दो अति पिछड़े हैं। अल्पसंख्यकों को भी 20 फीसदी हिस्सेदारी हैं। इसमें अमरोहा से दानिश अली व सहारनपुर में इमरान मसूद मुस्लिम तो झांसी से प्रदीप कुमार जैन हैं।

दलितों को भी 20 फीसदी हिस्सेदारी देते हुए तीन सीट दी है। सामान्य वर्ग के छह उम्मीदवारों में दो ब्राह्मण हैं। कानपुर से आलोक मिश्र और गाजियाबाद से डॉली शर्मा हैं। दो ठाकुरों में देवरिया से अखिलेश प्रताप सिंह और फतेहपुर सीकरी से रामनाथ सिकरवार हैं। दो भूमिहारों में वाराणसी से पूर्व मंत्री अजय राय और इलाहाबाद से उज्वल रमण सिंह हैं।

**सीतापुर के जरिये दिया समीकरण साधने का संदेश-** सीतापुर लोकसभा प्रत्याशी के तौर पर पहले नकुल दुबे के नाम की घोषणा हुई थी लेकिन बाद में राकेश राठौर को उतारा गया। इसके पीछे अलग-अलग वजह बताई जा रही है। पर, शीर्ष नेतृत्व को जातीय समीकरण का ही संदेश देकर टिकट बदलने पर राजी किया गया। पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने समझाया कि न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने पिछड़ों का मुद्दा बार-बार उठाया है। भविष्य की सियासी रणनीति के तहत पिछड़े वर्ग को भागीदारी का संदेश देना जरूरी है।

### सोशल मीडिया से लेकर जनसभा का प्रचार

कांग्रेस की जनसभाओं और सोशल मीडिया पर पिछड़े, दलितों व अल्पसंख्यकों को टिकट में दी गई समान भागीदारी का प्रचार भी किया जा रहा है। जनसभा में यह समझाने का प्रयास किया जा रहा है कि कांग्रेस ही सभी वर्गों को समान भागीदारी दे सकती है।

### अमेठी व रायबरेली पर लगी निगाहें

कांग्रेस ने अभी तक अमेठी और रायबरेली सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। ऐसे में 17 में बची इन दोनों सीटों पर सभी की निगाहें हैं। यदि गांधी का परिवार का कोई सदस्य मैदान में नहीं उतरा तो दो में एक सीट पर सामान्य वर्ग और दूसरी पर दलित उम्मीदवार उतारने की तैयारी चल रही है।

### सपा के वोटबैंक पर निगाह

कांग्रेस की निगाह इन 17 सीटों पर सपा के वोटबैंक पर है। देखना यह महत्वपूर्ण होगा कि सपा का वोटबैंक कांग्रेस उम्मीदवारों को किस कदर स्थानांतरित हो पाता है। कांग्रेस आगे के चुनावों में इस अनुभव के आधार पर रणनीति तैयार करेगी।

## दो मासूमों के सिर से उठा पिता का साया, पिकअप की चपेट में आने से युवक की मौत; छाया मातम

**भदोही , एजेंसी।** भदोही के कोइरौना थाना क्षेत्र के कटरा चौकी के मन्नी गांव के पास बीती देर रात जंगीगंज धनतुलसी मार्ग पर पिकअप की चपेट में आने से शिवम



सरोज (28) पुत्र शमशेर की मौत हो गई। वह चौरी थाना क्षेत्र के समाल कोट का निवासी था।

सरोज कोइरौना थाना क्षेत्र के शांतिपुर बहपूरा गांव में एक बारात में आया हुआ था। द्वारपूजा और भोजन के बाद वह अपने एक साथी के साथ बाइक से घर के लिए लौट रहा था। बाइक उसका साथी चला रहा था।

डीघ के मन्नी गांव के पास मुख्य सड़क पर बाइक में पीछे से एक पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सीने और पैर सहित शरीर के दाहिने अंगों में गंभीर चोटें आई थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजन और रिश्तेदारों ने उसे भदोही के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, बाइक एक रिश्तेदार चला रहा था। जबकि मृतक पीछे बैठा हुआ था। वह मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक दो बच्चों का पिता था। 4 वर्ष की बेटी मानवी और 2 वर्ष के मासूम पुत्र अभी के सिर से पिता का साया उठ गया।

पत्नी सुषमा देवी, मां गेना देवी, पिता शमशेर, छोटे भाई प्रेमसागर सहित परिजनों और रिश्तेदारों के रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। परिजन शुक्रवार सुबह शव को कोइरौना थान पर ले आए। पुलिस ने शव को पंचायत नामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## अयोध्या में बनेगा कौशल्या धाम: माताओं के साथ विराजेंगे चारों भाई; देशवासियों के सामने रखा जाएगा मंदिर का मॉडल

**वाराणसी , एजेंसी।** अयोध्या में सरयू नदी के तट पर कौशल्या धाम बनेगा। इसमें माता कौशल्या की गोद में भगवान श्रीराम की भव्य प्रतिमा होगी। इसके लिए श्रीराम माता कौशल्या धाम न्यास अयोध्या का गठन हो गया है। अब सरयू के किनारे जमीन तलाशी जा रही है। जल्द ही मंदिर का मॉडल देशवासियों के सामने रखा जाएगा।

श्रीराम माता कौशल्या धाम न्यास ने अयोध्या में मातृ धाम मंदिर बनाने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। यह दुनिया का सबसे सुंदर मंदिर होगा। इसमें भगवान श्रीराम अपनी माता कौशल्या की गोद में विराजमान होंगे। विश्वभर के सनातनियों के सहयोग से बनने वाले मंदिर में एक तरफ माता कैकेयी की गोद में भरत तो दूसरी तरफ माता सुमित्रा की गोद में लक्ष्मण और शत्रुघ्न विराजेंगे।



**चारों शंकराचार्य के मार्गदर्शन से होगा न्यास का संचालन-** न्यास के अध्यक्ष पं. रमेश उपाध्याय एडवोकेट ने बताया कि यह मंदिर किसी सरकार या व्यक्ति का नहीं बल्कि सनातन देशवासियों का होगा। देश भर के हर गांव और मोहल्ले की मिट्टी अयोध्या में बनने वाले माता धाम की नींव में डाली जाएगी। महामंत्री सतीश अग्रहरि ने बताया कि मंदिर निर्माण की शुरुआत अयोध्या में भगवान राम के दर्शन के साथ होगी। अयोध्या में जो जमीन खरीदी जाएगी, वह हर प्रदेश के नाम की रहेगी। किसी व्यक्ति के नाम से जमीन नहीं ली जाएगी।

**न्यास अध्यक्ष ने चार शंकराचार्यों को लिखा पत्र, मार्गदर्शन मांगा-** न्यास के अध्यक्ष ने मंदिर निर्माण के लिए श्रृंगेरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी भारती तीर्थ महाराज, पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज, द्वारिका पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज और ज्योतिष्पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को आशीर्वाद और मार्गदर्शन के लिए पत्र लिखा है।

# रोपवे में हैंडबैग, लैपटॉप और स्कूली बैग ही ले जा सकेंगे यात्री

**वाराणसी , एजेंसी।** दुनिया का तीसरा और देश का पहला अर्बन ट्रांसपोर्ट रोपवे का निर्माण काशी में तेजी से चल रहा है। 807 करोड़ रुपये से बनने वाले रोपवे में यात्रा करने वाले यात्री केवल हैंडबैग और छोटे बैग ही ले जा सकेंगे। इसके लिए एक मैकनिज्म तैयार किया जा रहा है।

नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों के अनुसार कैंट स्टेशन पर उतरने वाले यात्रियों के लिए लॉकर की व्यवस्था होगी। ताकि वे अपना सामान वहां रखकर रोपवे की यात्रा कर सकें। इस दौरान केवल छोटे हैंड बैग, लैपटॉप, महिलाओं के पर्स आदि को ही ले जाने की इजाजत दी जाएगी।

रोपवे के गंडोला की निर्धारित क्षमता होती है। एक व्यक्ति का सामान्य वजन 60 से 80 किलो के बीच होता है। इसके अनुसार 10 सीटर गंडोला की क्षमता 600 से 800 किलो वजन उठाने की है। इससे अधिक वजन होने पर रोपवे के टूटने का खतरा होता है। इसी हिसाब से वजन तय होगा।

जून जुलाई में होने वाले ट्रायल रन के दौरान



वजन को लेकर भी रूपरेखा तैयार कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि राजगीर में आठ सीटर रोपवे में 640 किलो तक का वजन ले जाने की सुविधा है। इसमें आदमी और सामान दोनों का वजन शामिल है। इससे अधिक वजन नहीं रखा जाता है।

### दिव्यांगों के लिए फोल्ड हो सकेगी सीट

रोपवे के लिए स्विटजरलैंड और ऑस्ट्रिया से उपकरण आ रहे हैं। जो सोलर पैनल से चलेंगे। गंडोला सीट फोल्ड हो सकेगी। जिससे दिव्यांगजनों की व्हीलचेयर ले जाने में आसानी होगी। रोपवे काशी की यातायात की समस्या को सुगम बनाने के साथ ही कम समय में प्रदूषण रहित यात्रा कराएगा।

### 150 गंडोला में 6000 यात्री कर सकेंगे प्रति घंटे यात्रा

कैंट स्टेशन से गोदौलिया की 3.85 किलोमीटर की यात्रा केवल 16 मिनट में तय होगी। गंडोला करीब 50 मीटर की ऊंचाई पर चलेगा। हर डेढ़ से दो मिनट के अंतराल में यात्रियों को गंडोला उपलब्ध रहेगा। एक दिशा में एक घंटे में 3000 लोग यात्रा कर सकेंगे। दोनों दिशाओं से 6000 लोग एक घंटे में आ जा सकेंगे। 150 गंडोला चलाई जाएगी।

## ट्रक ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर, खलासी की मौत, चालक गंभीर; पहुंचा पुलिस

**चंदौली , एजेंसी।** चंदौली के अलीनगर थाना क्षेत्र के गोधना झक्का की मड़ई के समीप नेशनल हाईवे पर भूसी लदी ट्रैक्टर ट्रॉली में शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे वाराणसी की ओर जा रहे एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इसमें ट्रैक्टर के खलासी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

बिहार के भभुआ जिला के मोहनिया थाना क्षेत्र के कटरा निवासी ट्रैक्टर चालक मंटू (35) ट्रैक्टर ट्रॉली पर भूसी लादकर वाराणसी की ओर जा रहा था। गोधना झक्का की मड़ई के समीप वह पहुंचा ही था कि पीछे से आ रहे तेज गति ट्रक ने उसमें टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर डिवाइडर पर जबकि ट्रॉली नेशनल हाईवे पर पलट गई।

ट्रैक्टर के खलासी कमलेश (30) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि ट्रक ट्रैक्टर ट्राली में धक्का मारते हुए डिवाइडर पर चढ़ गया। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही अलीनगर थाना प्रभारी निरीक्षक शेषधर पांडेय मय फोर्स घटनास्थल पर पहुंचे। जहां उन्होंने घायल ट्रैक्टर चालक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

वहीं, खलासी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक शेषधर पांडेय ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। चालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्नाटक के कॉलेज में कांग्रेस पार्षद की बेटी की हत्या

**हुबली।** कर्नाटक के हुबली में बीवीबी कालेज परिसर के अंदर गुरुवार को कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतका नेहा एमसीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी। पुलिस के मुताबिक, फैयाज चाकू लेकर कॉलेज कैंपस के अंदर गया और नेहा पर पांच-छह वार किए। इस दौरान उसे भी चोटें आईं। दोनों को अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में नेहा को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि आरोपित फैयाज एमसीए ड्रापआउट है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतका और आरोपित बीसीए पाठ्यक्रम के दौरान बैचमेट थे। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, पूछताछ के दौरान, उसने (फयाज ने) दावा किया कि वे दोनों रिलेशनशिप में थे और वह अचानक उससे दूर रहने लगी थी। पुलिस ने कहा कि हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच जारी है।

### बिजनौर में पटाखा फैक्ट्री में लगी आग, तीन लोग गंभीर रूप से झुलसे

**बिजनौर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में कोतवाली शहर थाना क्षेत्र के जोधुवाला-बक्शीवाला रोड पर स्थित एक पटाखा फैक्ट्री में गुरुवार को आग लगने से तीन लोग गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गए। घायलों की पहचान सुभाष (45) , दीपक (28) और नवेन्द्र (27) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, हादसे के बाद फैक्ट्री मालिक फरार हो गया और उसकी तलाश की जा रही है। इस बीच, दमकल की कई गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शहर पुलिस उपाधीक्षक संग्राम सिंह ने बताया कि कोतवाली शहर थाना क्षेत्र के जोधवाला-बक्शीवाला रोड पर स्थित पटाखा फैक्ट्री में गुरुवार को सुबह 10 बजे अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग ने उग्र रूप धारण कर लिया। आग की लपटों और बारूद में हुए धमाकों से पूरा इलाका दहल गया। अधिकारी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने कोतवाली शहर पुलिस को आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली शहर पुलिस और दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग को बुझाने का अभियान शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने भी पानी और मिट्टी से आग बुझाने में मदद की। डीएसपी ने बताया कि हादसे के वक्त फैक्ट्री में करीब तीन लोग मौजूद थे और वे आग लगते ही बाहर की तरफ भागे, जिसमें तीनों लोग गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।


### सपा-बसपा और कांग्रेस के लोग चलाते थे दंगा पॉलिसी: योगी

**बुलंदशहर , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुलंदशहर के सिकंदराबाद में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने गौतम बुद्ध नगर से भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के लिए वोट मांगा। उन्होंने कहा कि सपा-बसपा और कांग्रेस के लोग कर्फ्यू वाले हैं। इनके राज में महीनों कर्फ्यू लगा रहता था पर आज प्रदेश में कर्फ्यू नहीं है। दंगा कराकर यह लोग प्रदेश को अस्त-व्यस्त करते थे और दंगा पॉलिसी चलाते थे, हम विकास की पॉलिसी चलाते हैं। आस्था, सुरक्षा और समृद्धि के लिए भाजपा आवश्यक है। हमारी सरकार में माफिया-अपराधियों के लिए राम नाम सत्य की यात्रा के रास्ते खुले रहेंगे। आज हम सभी नए भारत में हैं। सीएम योगी ने कहा कि 2014 से पहले क्या स्थिति थी? दस वर्ष में हमने बदलते भारत को देखा है। कांग्रेस ने समस्या दी। जम्मू-कश्मीर समेत पूरे देश को आतंकवाद की चपेट में ला दिया। रोज विस्फोट होते थे, निर्दोष लोग मरते थे। परिवार तबाह हो जाते थे, लेकिन कांग्रेस के लोग तमाशबीन बने रहते थे। सीएम योगी ने कहा कि जेवर में बन रहा एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट विकास का उदाहरण है। इसका सबसे अधिक लाभ सिकंदराबाद और जेवर को मिलेगा। देश-प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। हम रैपिड रेल की सुविधा देने जा रहे हैं। मेट्रो आ रही है। रेल की कनेक्टिविटी, दादरी में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का जंक्शन, लॉजिस्टिक का देश का सबसे बड़ा केंद्र भी यहां बनने जा रहा है, जहां लाखों नौकरियां निकलेंगी।

### कांकेर नक्सली मुठभेड़ के बाद 29 में 27 का माओवादियों ने जारी किया नाम

**कांकेर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर में मंगलवार के दिन हुई मुठभेड़ में जवानों ने 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया था। इस हमले के बाद पुलिस के द्वारा कई मारे गए नक्सलियों के नाम बताते हुए उनकी जानकारी दी थी। इस मुठभेड़ के बाद अब नक्सलियों ने भी प्रेस नोट जारी करते हुए जानकारी दी है। नक्सलियों के क्रांतिकारी महिला संगठन की ओर से पर्चा जारी करते हुए 27 नक्सलियों का नाम उजागर किया गया है। छत्तीसगढ़ में कांकेर जिले में हुई जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में जवानों ने 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया था। इस हमले के बाद अब माओवादियों के क्रांतिकारी आदिवासी महिला संगठन ने पर्चा जारी करते हुए 29 में से 27 नाम की जानकारी दी है। नक्सलियों ने मारे गए 27 माओवादियों का नाम उजागर करते हुए उनकी पूरी जानकारी प्रेस नोट के माध्यम से जारी की है।

# ड्रग्स केस में शाहरुख खान के बेटे आर्यन को क्लीन चिट देने वाले एनसीबी के अधिकारी ने लिया वीआरएस





**मुंबई, एजेंसी।** एनसीबी में तैनात आईपीएस अधिकारी संजय कुमार सिंह ने व्यक्तिगत कारणों से स्वैच्छिक रिटायरमेंट (वीआरएस) ले लिया है। संजय वे ही आईपीएस अधिकारी हैं, जिन्होंने कॉर्डेलिया ड्रग्स छापेमारी मामले में शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की भूमिका की जांच करने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी ) की एक विशेष जांच टीमका नेतृत्व किया था और फिर बाद में आर्यन को निर्दोष पाया गया था। ड्रग्स मामले में आर्यन को क्लीन चिट मिल चुकी है। सिंह ने वीआरएस लेने के पीछे व्यक्तिगत कारण बताया है।

संजय कुमार सिंह ओडिशा कैडर के 1996 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और अभी वे एनसीबी मुंबई के उप महानिदेशक (डीडीजी) के पद पर तैनात थे। उन्होंने इस साल 29 फरवरी को वीआरएस के लिए आवेदन किया था, जिसे राज्य सरकार ने 16 अप्रैल को मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि मेरा करियर बहुत अच्छा रहा है। मैंने व्यक्तिगत कारणों से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने का फैसला किया।

कानून का पालन करने और करवाने के लिए पहचाने जाने वाले संजय कुमार सिंह ने 2008 और 2015 के बीच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में अपने कार्यकाल के दौरान कई हाई-प्रोफाइल मामलों को संभाला था, जिनमें हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओपी चौटाला के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप, राष्ट्रमंडल खेल 2010 के भ्रष्टाचार मामले शामिल थे। इसके अलावा, उन्होंने मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) में अनियमितताएं, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में भर्ती घोटाला सहित अन्य मामलों की भी जांच की थी।

उनके साथ करीब से काम करने वाले लोगों ने कहा कि संजय कुमार सिंह किसी मामले को अंतिम मुकाम तक ले जाने के लिए विभिन्न अदालतों द्वारा निर्धारित कानूनी प्रक्रियाओं और दिशानिर्देशों का पालन करने के अलावा मजबूत दस्तावेजों और वैज्ञानिक सबूतों में विश्वास करते हैं। एनसीबी के महानिदेशक एस एन प्रधान ने कहा, संजय सिंह एक प्रतिबद्ध पेशेवर हैं, जिन्होंने जहां भी काम किया, वहां उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनका जांच कौशल बहुत गहन था। यह एनसीबी के लिए एक क्षति है लेकिन यहां अपने कार्यकाल के दौरान वह हमारे लिए एक असेट रहे हैं।

जनवरी 2021 में एनसीबी में शामिल होने से पहले, सिंह ने ओडिशा पुलिस के ड्रग-टास्क फोर्स के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के रूप में काम किया और राज्य में ड्रग तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ करने के लिए कई कदम उठाए। उन्होंने भुवनेश्वर के कमिश्नर के रूप में भी कार्य किया। आर्यन खान मामले की जांच के दौरान, सिंह ने अपनी टीम की जांच की निगरानी के लिए मुंबई के कई दौरे किए और सभी बयानों की जांच की, जिसके बाद एनसीबी की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने निष्कर्ष निकाला कि आर्यन पर आरोप लगाने के लिए कोई सबूत नहीं है। सिंह की जांच को एनसीबी के महानिदेशक एसएन प्रधान का पूरा समर्थन प्राप्त था। जांच के बाद केंद्र सरकार ने एनसीबी के पूर्व जोनल निदेशक समीर वानखेड़े के खिलाफ कार्रवाई और आर्यन खान सहित छह लोगों के खिलाफ ड्रग्स के आरोप हटाने की सिफारिश की थी।

## तमिलनाडु में वोट के लिए नोट अब पार्टियों-उम्मीदवारों के लिए बन रहा महंगा सौदा

**चेन्नई।** चुनाव आयोग की सख्ती के बावजूद नोट के बदले वोट देने की बढ़ रही चिंताजनक प्रवृत्ति पर फिलहाल विराम लगने के संकेत नहीं मिल रहे हैं और तमिलनाडु में 19 अप्रैल को होने वाली वोटिंग के लिए उम्मीदवारों को इससे प्रभावित होने वाले मतदाताओं के एक वर्ग को साधने के लिए अलग-अलग रास्ते निकालने पड़ रहे हैं।

आयोग के चौतरफा सर्विलांस से लेकर घूमते फ्लाइंग स्कावड के खतरों के मद्देनजर प्रत्याशियों को वोटरों के अपने इस एक वर्ग को खुश करने के लिए मोबाइल या डिश रिजार्च से लेकर घरेलू उपभोक्ता सामानों का उपहार पहुंचाने का तरीका निकालना पड़ रहा है। खुले तौर पर कोई उम्मीदवार या पार्टी वोट के बदले पैसे देने की बात स्वीकार नहीं कर रही, मगर अनौपचारिक बातचीत में खुलकर यह कहने से गुरेज नहीं कर रहे कि वोटरों के इस वर्ग की बढ़ती अभिलाषाएं चुनावी राजनीति की राह महंगी करती जा रही है।

राजनीतिक पार्टियां या उम्मीदवार रिकॉर्ड पर आकर चुनाव में नोट के बढ़ते प्रभाव को लेकर खुलकर किसी तरह की टिप्पणी करने से चाहे परहेज करें, मगर चुनाव आयोग की ओर से दो दिन पहले 4,600 करोड़ रुपये नगदी व सामाग्री जब्त करने के जारी आंकड़े इस ओर साफ इशारा कर रहे हैं। आयोग ने करीब 400 करोड़ की जो नगदी अब तक बरामद की है उसमें सबसे अधिक 53 करोड़ रुपये तमिलनाडु में पकड़े गए हैं। वोटरों को लुभाने के तौर-तरीकों का तमिलनाडु में पिछले सालों में एक इतिहास रहा है मगर अब इसका बढ़ता आकार उम्मीदवारों और पार्टियों के चुनावी बजट का दबाव बढ़ा रहा है। चेन्नई, मदुरै, रामनाथपुरम, रामेश्वरम से लेकर कोयंबटूर तक तमाम पार्टियों के उम्मीदवारों व उनके समर्थकों ने ऑफ द रिकॉर्ड बातचीत में नोट फैक्टर की चर्चा करते हुए चुनावी बजट की गहराती चुनौतियों का जिक्र किया।

## बेंगलुरु की कंपनी का अनोखा स्टार्टअप- पेड़ों को गले लगाना है, तो दीजिए 1500 रुपये

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु के कब्बन पार्क में पेड़ों को गले लगाने के लिए 1,500 रुपये वसूलने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। ट्रोव एक्सपीरियंस नाम की कंपनी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर फॉरेस्ट बाथिंग एक्सपीरियंस शुरू किया है। इसका कहना है कि वनों में हीलिंग पावर है। बेंगलुरु की कंपनी ने इसको लेकर विज्ञापन दिया है।

विज्ञापन में बताया गया है कि फॉरेस्ट बाथिंग की टिकट 1500 रुपये में बुक की जा सकती है। कंपनी का यह विज्ञापन सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। कुछ लोग जहां इसे 'फर्जी' बता रहे हैं तो कुछ लोग इसे प्राचीन परंपरा से पैसा बनाने की इस कोशिश को गलत बता रहे हैं।

उनकी वेबसाइट पर बताया गया है, फॉरेस्ट बाथिंग एक्सपीरियंस में पेड़ों को गले लगाने के अलावा कई गतिविधियां शामिल हैं। वायरल स्क्रीनशॉट के अनुसार, 28 अप्रैल को होने वाले इस खास इवेंट के लिए टिकट बिक रहे हैं। इसको लेकर एक एक्स यूजर ने अनुभव का स्क्रीनशॉट शेयर किया और इसे घोटाला बताया है। वायरल पोस्ट में लिखा है, बेब, जागो! बाजार में एक नया घोटाला आया है।

वहीं ट्रोव एक्सपीरियंस की वेबसाइट पर इस पेशकश के बारे में लिखा है, शहर में हमारा दैनिक जीवन काफी तनावपूर्ण हो सकता है। प्रकृति के साथ फिर से जुड़ने के लिए एक समर्पित समय और स्थान ढूंढना, अपनी आवाज सुनने के लिए सभी शोर-शराबे से मुक्त होना भी काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। शिन्रिन योकू, या वन स्नान की जापानी कला, जंगल में एक गहन, मौन और भावपूर्ण सैर कराती है जहां से आप अधिक केंद्रित महसूस करते हुए निकलते हैं। बता दें कि फॉरेस्ट बाथिंग असल में एक जापानी परंपरा शिनरिन-योकू है।

# ई-रिक्शा चालक हो जाएं सावधान! एनसीआर में चुनाव बाद बड़े ऐक्शन की हो रही तैयारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ई-रिक्शा चालक अब सावधान हो जाएं। परिवहन विभाग बिना पंजीकरण सड़कों पर दौड़ रहे अवैध ई-रिक्शाओं के खिलाफ ऐक्शन की तैयारी कर रहा है। नोएडा की सड़कों पर दौड़ रहे दो हजार से अधिक ई-रिक्शा चलने लायक नहीं हैं। इन वाहनों का पांच साल पहले पंजीकरण हुआ था। परिवहन विभाग के अनुसार ई-रिक्शा की उम्र चार से पांच साल निर्धारित है। इसके बाद यह खुद ही सड़कों पर चलने योग्य नहीं रहते हैं। जिले में ई-रिक्शा की संख्या तेजी से बढ़ रही है। परिवहन विभाग के अनुसार, यहां पर 20 हजार से अधिक ई-रिक्शा पंजीकृत हैं। यह संख्या पंजीकृत ऑटो से भी अधिक है।

विभाग के अनुसार, जिले में पंजीकृत ऑटो की संख्या करीब 19 हजार है। लोगों की सुविधा के लिए शुरू किए गए ई रिक्शा असुविधा बनते जा रहे हैं। ई-रिक्शा की संख्या बढ़ने के साथ ही यह लोगों के लिए दिक्कत बन गए हैं। इनके जमावड़े के कारण प्रमुख चौराहो, सड़कों और मेट्रो स्टेशन के आसपास जाम लगता है। जहां-तहां ई-रिक्शा रोक देने के कारण हादसे होते हैं। परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस की ओर से चलाए जाने वाले जांच अभियान में कई ई-रिक्शा चालकों के पास में ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं मिलता है। एआरटीओ प्रशासन डॉ. सियाराम वर्मा ने कहा कि ई-रिक्शा की उम्र अधिकतम पांच साल होती है।

परिवहन विभाग के अनुसार बिना पंजीकरण दौड़ रहे ई-रिक्शा अवैध हैं। इन्हें दौड़ते पाए जाने पर जब्त कर लिया जाता है। एआरटीओ प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण पांडे ने कहा कि जिन ई-रिक्शा में पंजीकरण नंबर लिखा है, वह सभी वैध हैं और सड़कों पर दौड़ सकते हैं। यह ई-रिक्शा मानकों के अनुरूप तैयार किए जाते हैं। ऐसे में इनके हादसा ग्रस्त होने का खतरा नहीं रहता है। वहीं जिन ई-रिक्शा पर पंजीकरण नंबर नहीं है, वे सभी अवैध हैं। मानकों के अनुरूप तैयार न होने के कारण ऐसे ई-रिक्शा जब्त कर लिए जाते हैं।

ई-रिक्शा पर कंपनियों का सामान भी ढोया जाता है। ऐसे में हादसे का खतरा रहता है। वहीं, इन पर चार सवारी बैठनी चाहिए, लेकिन चालक ज्यादा कमाई के लिए आठ सवारी तक बैठाते हैं। इनमें दो सवारी चालक अपने अगल-बगल बैठा लेते हैं। इससे दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। कई बार ई-रिक्शा पलट भी चुके हैं, जिसके कारण यात्री घायल हो गए।

## भाजपा के घोषणापत्र में अल्पसंख्यक शब्द का उल्लेख ही नहीं, घोषणापत्र पर बरसे असदुद्दीन ओवैसी



**हैदराबाद।** भाजपा पर अल्पसंख्यकों से नफरत करने का आरोप लगाते हुए एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि भाजपा ने अपने घोषणापत्र में अल्पसंख्यक शब्द का उल्लेख करने से भी परहेज किया है। ओवैसी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपना दल (के) के साथ एआईएमआईएम का गठबंधन विधानसभा चुनाव में भी जारी रहेगा और पार्टी महाराष्ट्र के अकोला में प्रकाश आंबेडकर और अमरावती में आनंद आंबेडकर का समर्थन करेगी। ओवैसी ने कहा, मैने 17 अप्रैल को विभिन्न समाचारपत्रों में भाजपा का विज्ञापन देखा है। कृपया देखिए कि जब वे व्यवसाय शुरू करने के लिए सरकार से ऋण या सहायता उपलब्ध कराने की बात करते हैं तो वे एसटी या ओबीसी का जिक्र करते हैं। भाजपा अल्पसंख्यक शब्द का उल्लेख करने से भी परहेज कर रही है। मुस्लिमों के बारे में तो भूल जाओ। अल्पसंख्यक शब्द का उल्लेख भारत के संविधान में किया गया है और भाजपा को एम से बहुत घृणा है। वे कहते हैं कि छात्रवृत्ति हाशिए में आए समुदायों को दी जाएगी।

एआईएमआईएम प्रमुख ने दावा किया कि दलितों एवं मुस्लिमों में स्कूल छोड़ने की संख्या सबसे ज्यादा है और भाजपा ने जानबूझकर यह सुनिश्चित किया है कि मुस्लिम समुदाय में स्कूल छोड़ने की दर बढ़े।

## कुछ लक्ष्य हासिल करने में 100 साल लगे यह चिंताजनक: भागवत

**नागपुर, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि आरएसएस 2025 में अपना शताब्दी वर्ष नहीं मनाएगा। मोहन भागवत ने कहा संघ का अपनी उपलब्धियों का ढिंढोरा पीटने का इरादा नहीं है। एक पुस्तक के विमोचन के अवसर पर भागवत ने यह भी कहा कि जब 1925 में नागपुर में आरएसएस का गठन हुआ था, तब पदाधिकारियों को कड़े विरोध, संसाधनों की कमी और लोगों को जोड़ने में कठिनाई का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि किसी भी हालात में स्वयंसेवकों को अपना काम करते रहना चाहिए।

भागवत ने कहा, ''आरएसएस का शताब्दी वर्ष मनाने की कोई जरूरत नहीं है। संघ इसे संगठन का अहंकार बढ़ाने के लिए नहीं कर रहा है। संघ किसी संगठन के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाने और कुछ उपलब्धियों का ढिंढोरा पीटने नहीं आया है।'' उन्होंने कहा कि आरएसएस समाज को बदलना चाहता है और मानता है कि समाज की जीत का आकलन धन सृजन से नहीं बल्कि धर्म से किया जाना चाहिए। भागवत ने कहा, ''इस समाज की जीत अन्य समाज को सशक्त बनाएगी और (अंततः) जगत को लाभ पहुंचाएगी। आरएसएस ऐसे लोगों को तैयार करना चाहता है जो इस तरह से समाज में सुधार लाने की कोशिश करें। उपलब्धियों का ढिंढोरा पीटने की जरूरत नहीं है।''

भागवत ने कहा कि यह चिंताजनक है कि आरएसएस को कुछ लक्ष्य हासिल करने में 100 साल लग गए। उन्होंने कहा कि 2000 वर्षों के सामाजिक पतन के खिलाफ लड़ाई के कारण बदलाव की गति धीमी हो गई। आरएसएस के सरसंघचालक ने कहा, ''विदेशियों ने हमारे लोगों को पट्टी पढ़ा दी है। हमें यह भूलने की बुरी आदत है कि हम क्या हैं। हमारे लोगों के बीच एक मनोवैज्ञानिक अंतर है क्योंकि हम पर सदियों तक कई शासकों ने शासन किया।'' भागवत ने कहा कि पिछले 1000-1500 वर्षों में देश ने समय-समय पर विदेशी आक्रमणों का सफलतापूर्वक मुकाबला किया है।

## कांग्रेस और आप के भ्रष्ट गठबंधन को सहन नहीं करेगी जनता : धनखड़



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का भ्रष्टाचार की कच्ची नींव पर आधारित गठबंधन है। भ्रष्टाचार में लिप्त केजरीवाल सरकार देश की राजधानी में अराजकता का माहौल पैदा करना चाहती है। दिल्ली प्रदेश प्रभारी ओमप्रकाश धनखड़ ने प्रदेश कार्यालय में मोर्चा पदाधिकारियों की संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी को कानूनी रूप से वैध ठहराया है। अब केजरीवाल मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र देने के लिए किस बात और कौन सी नैतिकता का इंतजार कर रहे हैं। धनखड़ ने पार्टी पदाधिकारियों का आह्वान किया कि दिल्ली के एक-एक मतदाता तक केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार की पोल खुलनी चाहिए। प्रभारी धनखड़ ने कहाकि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का देश के संविधान में कोई विश्वास नहीं हैं। कांग्रेस का एक परिवार अपने आप को देश और संविधान से बड़ा मानता है, वहीं इनके गठजोड़ का साथी अरविंद केजरीवाल आजाद भारत के इतिहास में पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जो भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में बंद है, अदालत कह रही हैं कि आप के खिलाफ ठोस सबूत हैं, फिर भी अरविंद केजरीवाल कह रहे हैं कि त्याग पत्र नहीं दूंगा और जेल से ही सरकार चलाऊंगा। अरविंद केजरीवाल और उनके गठबंधन के साथी देश में किस प्रकार का लोकतंत्र और संविधान चाहते हैं। लोकतंत्र में जनता को यह बताना जरूरी है। धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में न्याय देने की बात कह रही है, कांग्रेस क्या शराब के घोटालेबाजों को बचाने को ही न्याय देने की बात कर रही है। शराब घोटालों में संलिप्त आम आदमी पार्टी राम राज्य की बात कर रही है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी शराब घोटाला करे, उनको राम राज्य की बात करना शोभा नहीं देती। दूसरी तरफ दिल्ली की जनता ने पिछले दस वर्षों में मोदी सरकार के विकास कार्यों को होते देखा है, गरीब कल्याण के कार्य होते देखे हैं, व्यवस्था परिवर्तन होते देखा है, भ्रष्टाचारियों को जेल के अंदर जाते देखा है। द्वारका एक्सप्रेस वे, केएमपी व केजीपी पर दौड़ते वाहन देख रहे हैं।कर्तव्य पथ पर नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित होते देखा है। प्रधानमंत्री संग्रहालय स्थापित होते देखा है। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक स्थापित होते देखा है। जी-20 सम्मेलन में दुनिया के अग्रणी 29 देशों के मुखियाओं को गांधी जी की समाधि राजघाट पर एक साथ नमन करते देखा है। धनखड़ ने कहा कि अब की बार भाजपा 400 पार, फिर से मोदी सरकार। बैठक में सह प्रभारी डॉ अलका गुर्जर सहित सभी मोर्चा के प्रभारी, सह प्रभारी, अध्यक्ष, महामंत्री और अभियान प्रमुख मौजूद रहे।

## राहुल गांधी ने हिंदू विरोधी भावनाओं को भड़काया- भाजपा

**हुबली, एजेंसी।** केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को कहा कि वायनाड में मुस्लिम लीग का झंडा थामकर राहुल गांधी ने हिंदू विरोधी भावनाओं को भड़काया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए जोशी ने कहा कि वायनाड में नामांकन के दौरान राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी के झंडे के बजाय मुस्लिम लीग का झंडा थाम लिया था। मुस्लिम लीग ने हिंदुओं की हत्या और हिंदू महिलाओं के साथ बलात्कार की वकालत करते हुए हिंदुओं के खिलाफ सीधी कार्रवाई दिवस का आह्वान किया था। जोशी ने कहा, विध्वंसक गतिविधियों का समर्थन करने वाली मुस्लिम लीग के साथ खुद को जोड़कर राहुल गांधी सीधे तौर पर हिंदू विरोधी घटनाओं को बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं।


## संक्षिप्त समाचार

### कैस्पर रूड बार्सिलोना ओपन के क्वार्टरफाइनल में



**बार्सिलोना एजेंसी।** नॉर्वे के कैस्पर रूड ने सीजन की अपनी 26वीं जीत के साथ जॉर्डन थॉम्पसन को 6-1, 6-4 से हराकर बार्सिलोना ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अपनी जीत के साथ, तीसरी वरीयता प्राप्त रूड 2024 में सबसे अधिक टूर-स्तरीय जीत के मामले में जानिक सिनर से आगे निकल गए। रूड ने शुरुआत में ही 5-0 की बढ़त बना ली और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने दूसरे सेट के सातवें गेम में निर्णायक ब्रेक हासिल करने से पहले शुरुआती सेट को समाप्त कर दिया और अंततः 73 मिनट में जीत हासिल की। नॉर्वेजियन जो इस साल पहले ही तीन फाइनल (लॉस काबोस, अकापुल्को, मोंटे-कार्लो) में पहुंच चुका है, रूड का अगला मुकाबला माटेओ अर्नाल्डी से होगा, जिन्होंने पहले मार्को ट्रुंगेलिटी को 6-3, 6-0 से हराकर अपना अंतिम-आठ स्थान सुरक्षित किया।

### होटल भरे हुए हैं, फर्श पर सो रहे हैं, दुबई हवाई अड्डे पर फंसे दो भारतीय पहलवान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय पहलवान दीपक पुनिया और सुजीत कलकल 2024 पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर के लिए किर्गिस्तान के बिश्केक जाते समय भारी बारिश के कारण मंगलवार से दुबई हवाई अड्डे पर फंसे हुए हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

पहलवानों के करीबी सूत्रों नें बात करते हुए कहा कि यह जोड़ी गुरुवार रात 11 बजे उड़ान भरेगी और उनके टूर्नामेंट में भाग लेने की संभावना 50-50 है। वे पिछले दो दिनों से वहां हैं। सभी होटल भरे हुए हैं इसलिए वे हवाई अड्डे पर फर्श पर सो रहे हैं। क्वालीफायर में प्रतिस्पर्धा करने की उनकी संभावना 50-50 है। शायद वे वजन शुरू होने से ठीक पहले बिश्केक पहुंच जाएंगे। केवल तभी जब वे आज देर रात दुबई छोड़ने में कामयाब हों। बिश्केक में एशियाई कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर 19 अप्रैल से शुरू होने वाला है। बिश्केक में 18 भार वर्गों में कुल 36 पेरिस 2024 कोटा की पेशकश होगी।

भारत ने सत्रह पहलवानों को मैदान में उतारा है. यह क्वालीफायर भारतीय पहलवानों के लिए ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कोटा सुरक्षित करने का दूसरा अंतिम अवसर होगा। मई में तुर्की में होने वाला विश्व क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट, अंतिम कुश्ती क्वालीफायर होगा।

**भारतीय दलः**

**पुरुष ग्रीको:** रोमन, सुमित (60 किग्रा), आशु (67 किग्रा), विकास (77 किग्रा), सुनील (87 किग्रा), नितेश (97 किग्रा), नवीन (130 किग्रा)

**महिला फ्रीस्टाइल:** विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंशू मलिक (57 किग्रा), मानसी (62 किग्रा), निशा (68 किग्रा), रीतिका हुडा (76 किग्रा)

**पुरुष फ्रीस्टाइल:** अमन सहरावत (57 किग्रा), सुजीत (65 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), दीपक पुनिया (86 किग्रा), दीपक (97 किग्रा), सुमित (125 किग्रा)

## पेरिस ओलंपिक:2024



# भारत को लंबी कूद में बड़ा झटका, घुटने की चोट के कारण श्रीशंकर ओलंपिक से बाहर, सर्जरी होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लंबी कूद के दिग्गज खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ट्रेनिंग के दौरान घुटने की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए हैं और उन्हें सर्जरी करानी पड़ेगी जिसके कारण वह पूरे 2024 सत्र में नहीं खेल पाएंगे।

एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 8.37 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीतते हुए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया था। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को शंघाई/सुझोउ और दोहा में क्रमशः 27 अप्रैल और 10 मई को लगातार दो डायमंड लीग प्रतियोगिता के साथ अपने सत्र की शुरुआत करनी थी, लेकिन मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान उन्हें चोट लगी और उनका ओलंपिक में हिस्सा लेने का सपना टूट गया।

### पिता भी रहे हैं एथलीट

श्रीशंकर के पिता एस. मुरली ही उनके कोच हैं। श्रीशंकर का कहना है कि उनके शरीर को उनके पिता उनसे बेहतर समझते हैं। श्रीशंकर के पिता पूर्व ट्रिपल जंप एथलीट थे और दक्षिण एशियाई खेलों में रजत पदक विजेता रहे हैं। 1992 एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उनकी मां के.एस. बिजिमोल 800 मीटर रेस में रजत पदक जीती थीं। श्रीशंकर के पिता मुरली एक समय पर शराब के शौकीन थे, लेकिन बेटे के खेल पर ध्यान देने के लिए उन्होंने इससे दूरी बना ली। टोक्यो ओलंपिक में श्रीशंकर के फेल होने के बाद मुरली ने ही अपने बेटे को संभाला था। उस समय श्रीशंकर काफी दबाव में थे और डिप्रेशन में भी चले गए थे। वह खेल छोड़कर अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना चाहते थे।

ऐसे में उनके पिता ने उन्हें संभाला और श्रीशंकर भारत के शीर्ष लॉन्ग जंपर बन गए। उन्होंने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारत को रजत पदक दिलाया था।

# तिलक वर्मा ने आईपीएल में किया बड़ा कारनामा



**मुल्लांपुर, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस की टीम ने हार्दिक पांड्या की कप्तानी में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन में 7वें मैच में अपनी तीसरी जीत हासिल करने में कामयाबी हासिल की। पंजाब किंग्स के खिलाफ इस मुकाबले में मुंबई की तरफ से शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन देखने को मिला जिसमें सूर्यकुमार यादव के बल्ले से 78 रनों की पारी देखने को मिली तो वहीं पारी के आखिरी ओवरों में बल्लेबाजी करने उतरे बाएं हाथ के युवा बल्लेबाजी तिलक वर्मा ने सिर्फ 18 गेंदों में 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 34 रनों की नाबाद तेज पारी खेलने के साथ टीम के स्कोर को 190 के पार पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की। तिलक ने अपनी इस पारी के दम पर आईपीएल में एक खास लिस्ट में भी अपनी जगह बना ली।

### ऋषभ पंत के बाद तिलक 21 साल की उम्र में 50 छक्के लगाने वाले बने दूसरे खिलाड़ी

तिलक वर्मा ने पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी 38 रनों की नाबाद पारी में 2 छक्के भी लगाए जिसके साथ ही उन्होंने अपने आईपीएल करियर में 50 छक्के भी पूरे कर लिए। तिलक अब आईपीएल में 21 साल की उम्र में ऋषभ पंत के बाद 50 छक्कों का आंकड़ा छूने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। पंत ने 21 साल की उम्र तक आईपीएल में 94 छक्के लगाए थे, वहीं इस लिस्ट में अब दूसरे नंबर पर 50 छक्कों के साथ तिलक वर्मा हैं, तो वहीं तीसरे नंबर पर राजस्थान रॉयल्स टीम का हिस्सा ओपनिंग बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल हैं, जिन्होंने 21 साल की उम्र तक 48 छक्के लगाए थे।

### आईपीएल में 21 साल की उम्र तक सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी

- ऋषभ पंत - 94 छक्के
- तिलक वर्मा - 50 छक्के
- यशस्वी जायसवाल - 48 छक्के
- पृथ्वी शॉ - 45 छक्के
- संजू सैमसन - 38 छक्के

### इस सीजन 41 के औसत से बनाए अब तक रन

आईपीएल 2024 में भले ही मुंबई इंडियंस टीम के लिए अब तक का सफर अच्छा नहीं रहा लेकिन तिलक वर्मा ने अपनी बल्लेबाजी से जरूर सभी को प्रभावित किया है। 7 पारियों में तिलक ने 41.60 के औसत से 208 रन बनाए हैं, जिसमें एक अर्धशतकीय पारी भी शामिल है। इस दौरान वह 2 बार नाबाद पवेलियन लौटे हैं। तिलक का आईपीएल करियर देखा जाए तो उन्होंने 32 मैचों में 39.5 के औसत से 948 रन बनाए हैं, जिसमें 4 अर्धशतकीय पारियां शामिल हैं।

# आशुतोष की पारी अविश्वसनीय : हार्दिक



**मुल्लांपुर, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के गुरुवार के रोमांचक मैच में पंजाब किंग्स के बल्लेबाज आशुतोष शर्मा ने अपनी तूफानी पारी की बदौलत न केवल फैंस का बल्कि विरोधी कप्तान का भी दिल जीत लिया। जब मैच निर्णायक मोड़ पर था और पंजाब जीत के बेहद करीब था, तब 18वें ओवर में गेराल्ड कोएत्ज़ी ने आशुतोष शर्मा की तूफानी पारी का अंत किया और मुंबई की जीत पक्की की।

एमआई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने स्वीकार किया कि मैदान में आशुतोष ने पूरी तरह से पासा पलट दिया था। उन्होंने ये भी कहा कि अपना पहला आईपीएल सीजन खेल रहे आशुतोष का प्रदर्शन अविश्वसनीय था। हार्दिक ने कहा, यह एक अच्छा मैच था। मुझे लगता है कि हर किसी की सांसें थम गई थी। हमने मैच से पहले बात की थी कि इस मैच में हमारी परीक्षा होगी और मुझे नहीं लगता कि इससे ज्यादा चुनौतीपूर्ण कुछ और हो सकता है। जब पंजाब का स्कोर 14/4 था, तो यह स्वाभाविक था कि आप सोचते थे कि आप मैच में आगे हैं लेकिन साथ ही, हम जानते थे कि आईपीएल में इस तरह के मैच कभी भी पलट सकते हैं। इस जीत का मतलब यह भी है कि एमआई अब अंक तालिका में सातवें स्थान पर है, हालांकि वे अभी भी काफी निचले स्थान पर हैं। मुंबई का अगला मुकाबला सोमवार शाम को सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स से होगा।

### हार्दिक पांड्या पर लगा 12 लाख का जुर्माना



**मुल्लांपुर, एजेंसी।** पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट के चलते मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या पर 12 लाख का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने यह जानकारी गुरुवार को दी। बीसीसीआई ने एक बयान में इसकी पुष्टि की है। जिसमें बताया गया है कि इस सीजन में टीम मुंबई की यह पहली गलती थी, इसलिए आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के अनुसार सबसे न्यूनतम दंड दिया गया है। बात अगर मैच की करें तो 193 रनों का पीछा करने उतरी पंजाब के लिए आशुतोष शर्मा ने 25 गेंदों में 61 रनों की तूफानी पारी खेली, लेकिन वो अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए और मुंबई ने 9 रन से यह मुकाबला अपने नाम किया। एमआई वर्तमान में सात मैचों में तीन जीत के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है।

## एशिया ओलंपिक क्वालीफायर

# विनेश-अंशु के सामने ओलंपिक कोटा हासिल करने की चुनौती, भारत के 17 पहलवान ले रहे हिस्सा




**बिश्केक (किर्गिस्तान), एजेंसी।** 19 साल की अंतिम पंघाल ने सर्बिया के बेलग्रेड में 2023 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत कर भारत के लिए महिलाओं के 53 किग्रा में पहले ही कोटा स्थान पक्का कर लिया है। भारत के 17 पहलवान शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे एशिया ओलंपिक क्वालिफायर के जरिये पेरिस खेलों का कोटा हासिल करने के लिए जब चुनौती पेश करेंगे तो सबसे ज्यादा नजरें दो बार की ओलंपियन विनेश फोगाट पर होगी।

इस प्रतियोगिता में फ्रीस्टाइल, महिला और ग्रीको-रोमन में कुल 36 कोटा स्थान दांव पर होंगे। भारतीय पहलवान सिर्फ एक स्पर्धा को छोड़कर सभी भारवर्ग में कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे। 19 साल की अंतिम पंघाल ने सर्बिया के बेलग्रेड में 2023 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत कर भारत के लिए महिलाओं के 53 किग्रा में पहले ही कोटा स्थान पक्का कर लिया है।

महिला वर्ग में अब विनेश (50 किग्रा), रीतिका हुड्डा (76 किग्रा), मौजूदा अंडर-23 विश्व चैंपियन अंशु (57 किग्रा), मानसी (62 किग्रा) और निशा (68 किग्रा) के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का समय आ गया है। भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ भारतीय पहलवानों के विरोध का प्रमुख चेहरा रही विनेश के प्रदर्शन पर सबसे ज्यादा नजरें रहेंगी।

29 वर्षीय खिलाड़ी ने मार्च में 50 किग्रा में राष्ट्रीय चयन ट्रायल जीता था। उन्होंने पटियाला में हुए इस चयन ट्रायल में अधिकारियों से अनुमति मिलने के बाद 53 किग्रा वर्ग में भी प्रतिस्पर्धा की थी, लेकिन वह सेमीफाइनल में हार गई थी। वह अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होगी।

**पुरुष वर्ग में अमन-दीपक प्रमुख दावेदारः** पुरुषों के फ्रीस्टाइल वर्ग में, अमन सहरावत (57 किग्रा) राष्ट्रीय ट्रायल में टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता रवि दहिया को पछाड़कर अपनी जगह बनाने के बाद सुर्खियों बटोरी थी।

वह अच्छी लय में भी हैं। उन्होंने इस साल जनवरी में जगरेब ओपन में स्वर्ण पदक जीता था। उनके अलावा सुजीत पर भी नजर रहेगी क्योंकि वह टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया की विफलता के बाद 65 किग्रा वर्ग में चुनौती का नेतृत्व कर रहे हैं।

# छह साल की उम्र में तक्षवी वघानी ने रचा इतिहास, स्केटिंग में किया कमाल, बना दिया विश्व रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तक्षवी ने लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में कमाल करते हुए अपना नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया है। इसकी पुष्टि करते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें छह साल की तक्षवी को स्केटिंग करते देखा जा रहा है। अहमदाबाद की तक्षवी वघानी ने छह वर्ष की उम्र में ऐसा कारनामा कर डाला है जिससे उनकी चर्चा भारत ही नहीं पूरे विश्व में हो रही है। उन्होंने छोटी सी आयु में कुछ ऐसा किया जिससे उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया। तक्षवी ने लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में 25 मीटर से अधिक का विश्व रिकॉर्ड



अपने नाम कर लिया है। इसी के साथ उन्होंने न सिर्फ अपना नाम रोशन किया बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित किया।

तक्षवी ने लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में कमाल करते हुए अपना नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया है। इसकी पुष्टि करते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें छह साल की तक्षवी को स्केटिंग करते देखा जा रहा है। वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा गया, 25 मीटर से अधिक की लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग। पिछले साल 10 मार्च को यह रिकॉर्ड ब्रेकिंग उपलब्धि हासिल की गई थी।

### तक्षवी ने तोड़ा मनस्वी का रिकॉर्ड

अहमदाबाद की तक्षवी से पहले यह रिकॉर्ड पुणे की मनस्वी विशाल के नाम दर्ज था। उन्होंने साढ़े तीन साल की उम्र में 25 मीटर से ज्यादा की लोएस्ट लिंबो स्केटिंग से सभी को प्रभावित कर दिया था।

# रोहित आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैट्समैन बने एमआई के लिए

**मुल्लांपुर, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान और ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने चंडीगढ़ में आईपीएल 2024 के 33 वें मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ ज्यादा बड़ी पारी नहीं खेल पाए। सीएसके के खिलाफ नाबाद 105 रन की पारी खेलने वाले रोहित शर्मा ने इस मैच में 25 गेंदों पर 36 रन की पारी खेली।

इस पारी के दौरान उन्होंने 3 छक्के और 2 चौकों भी लगाए और उनका स्ट्राइक रेट 144.00 का रहा। रोहित शर्मा ने अपनी पारी में लगाए 3 छक्कों की मदद से अब मुंबई के लिए आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए और उन्होंने किरोन पोलार्ड का रिकॉर्ड तोड़ दिया।



### आईपीएल में रोहित के नाम सबसे ज्यादा छक्के

मुंबई इंडियंस के ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने पंजाब के खिलाफ 3 छक्के लगाने के बाद अब आईपीएल में मुंबई के लिए सबसे ज्यादा सिक्स जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। रोहित शर्मा ने मुंबई के लिए इस मैच में 225 वां छक्का लगाया और उन्होंने किरोन पोलार्ड को पीछे छोड़ दिया। पोलार्ड ने अपने आईपीएल करियर में मुंबई के लिए कुल 223 छक्के लगाए थे।

मुंबई के लिए आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर 104 छक्कों के साथ हार्दिक पांड्या मौजूद हैं तो 103 छक्कों के साथ इशान किशन चौथे और 97 छक्कों के साथ सूर्यकुमार यादव पांचवें स्थान पर हैं।

### आईपीएल में एमआई के लिए सबसे ज्यादा छक्के

- 225 छक्के – रोहित शर्मा
- 223 छक्के – के पोलार्ड
- 104 छक्के –एच पंड्या
- 103 छक्के – किशन
- 97 छक्के– सूर्यकुमार यादव

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## एक नजर

### चुनाव को लेकर 104 लोगों को किया गया है थाना बदर

**औरंगाबाद (का.सं.)।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो इसको लेकर जिला प्रशासन ने हर स्तर पर तैयारी की है। एसपी स्वप्ना जी मेश्राम ने बताया कि जिले में 104 लोगों के खिलाफ सीसीए की कार्रवाई की गयी है। जिन्हें थाना बदर किया गया है। वहीं विभिन्न छापेमारी के दौरान 21 अवैध हथियार, व 14 जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। एसपी ने अपने फेसबुक पर मगही भाषा में वोटिंग करने के लिए क्षेत्र के लोगों से अपील की है। वहीं लोगों को भयमुक्त वोटिंग का भरोसा दिया है।

### मत्स्य निदेशालय के आईटी सहायकों ने सेवा जारी रखने की मांग की

**पटना (नि.सं.)।** मत्स्य निदेशालय द्वारा आउटसोर्स के माध्यम से नियुक्त 54 आईटी सहायकों ने सेवा आगे जारी रखने का अनुरोध पशु व मत्स्य संसाधन मंत्री और विभागीय अधिकारियों से किया है। इनलोगों ने मंत्री और अधिकारी से मिल कर ज्ञापन सौंपा है। आईटी सहायकों का कहना है कि बीसीए, बीटेक, बीएससी आईटी, एमएससी और एमएससी आईटी की शैक्षणिक योग्यता के आधार पर 2019-20 से 54 आईटी सहायक जिला से लेकर मत्स्य निदेशालय तक काम कर रहे हैं। 12 से 16 हजार प्रतिमाह मानदेय मिलता है। ईपीएफ और ईएसआई का लाभ नहीं मिलता है। अब इस पद को ही समाप्त कर नए आउटसोर्स एजेंसी से दूसरे अन्य पदों पर नियुक्ति की जा रही है। इससे हमलोग बेरोजगार हो जाएंगे। नियुक्त शर्त में प्रावधान था कि दो वर्ष बाद 10 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा। विभाग के स्तर से वेतन वृद्धि की राशि आउटसोर्स एजेंसी को दी गई है, लेकिन आईटी सहायकों को इसका लाभ नहीं मिला है।

### 11:30 से 4 बजे के बीच नहीं चलेंगी कक्षाएं

**पटना (नि.सं.)।** भीषण गर्मी व लू को देखते हुए पटना में दोपहर के वक्त कक्षाएं नहीं चलेंगी। दिन के 11.30 बजे से शाम के 4 बजे के बीच स्कूलों में कक्षाओं का संचालन नहीं होगा। डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश जिला के सभी निजी और सरकारी स्कूलों पर लागू होगा। इसके तहत नर्सरी से 10 तक की कक्षाएं साढ़े 11 से 4 बजे के बीच नहीं चलेंगी। यह आदेश प्ले स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भी प्रभावी होगी। स्कूल प्रबंधनों को निर्देश दिया गया है कि जिलाधिकारी के आदेश के अनुरूप अपनी शैक्षणिक गतिविधियों को पुनर्निर्धारित करें। फिलहाल यह आदेश 30 अप्रैल तक प्रभावी रहेगा। भीषण गर्मी और लू के चलते बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़े इसलिए यह कदम उठाया गया है।

### भविष्य की आपदाओं से लड़ने में ज्यादा सक्षम होगा बिहार

**पटना (नि.सं.)।** बिहार भविष्य में आने वाली आपदाओं से लड़ने में ज्यादा सक्षम होगा। इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और विशेषज्ञों की मदद ली जाएगी। यातायात इंजीनियरिंग, जल संकट, रिन्युअल इनर्जी के साथ अर्बन प्लानिंग के विशेषज्ञ भी बहाल होंगे। इसके लिए नियमावली में संशोधन किया गया है। आपदा प्रबंधन विभाग ने नियमावली संशोधन की अधिसूचना जारी कर दी है। इससे पहले प्राधिकरण की नियमावली वर्ष 2012 में बनी थी। राज्य में पहले बाढ़, सुखाड़, भूकंप जैसी आपदाओं से निपटने की तैयारी ही होती थी। इसी के अनुसार विशेषज्ञ बहाल थे। समय बदलने पर आपदाओं के स्वरूप में भी बदलाव हुआ। गांव के साथ शहर भी आपदा से प्रभावित होने लगे हैं। वज्रपात, अतिवृष्टि की घटनाएं बढ़ी हैं। औद्योगिक क्षेत्रों के विकास से औद्योगिक दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। यातायात दुर्घटनाएं पहले से ज्यादा हो रही हैं। इस तरह की आपदा आने पर राहत कार्यों में देरी हो रही थी।

### नसबंदी में निजी से सरकारी अस्पताल आगे

**पटना (नि.सं.)।** परिवार नियोजन के लिए नसबंदी में राज्य के निजी अस्पतालों की तुलना में लोगों ने सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर ज्यादा भरोसा दिखाया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में फरवरी 2024 तक राज्य में कुल नसबंदी ऑपरेशन का 60 प्रतिशत सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर हुए, जबकि इस दौरान मात्र 23 प्रतिशत लोगों ने निजी क्षेत्र के अस्पतालों का सहारा लिया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मई 2012 से चलाए जा रहे, आदर्श दंपति योजना ने भी नव दंपत्तियों को स्थायी विधि अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। परिवार नियोजन पर विशेष शोध कर चुकीं एम्स की अस्स्टिेंट प्रोफेसर डॉ. मोनिका अनंत ने बताया कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर नसबंदी के लिए इच्छुकों का ज्यादा आना अच्छा संकेत है।

लोकसभा चुनाव : गर्मी के मौसम का पारा बढ़ने के साथ ही बढ़ता गया वोटरों की वोटिंग का पारा, 49.95% हुआ मतदान

# युवाओं, बुजुर्गों व महिलाओं ने उत्साह के साथ किया मतदान






कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण में औरंगाबाद संसदीय सीट के लिए मतदान शुक्रवार को संपन्न हो गया। सुबह के सात बजे से सभी 2040 बूथों पर मतदान आरंभ हुआ। इस दौरान नक्सल ग्रस्त क्षेत्र होने के कारण औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के गया जिले में इमामगंज, गुरुआ, टिकारी और औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा विधानसभा क्षेत्र में सुबह के सात बजे से लेकर दोपहर बाद चार बजे तक मतदान कराया गया जबकि औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र में शाम के 6 बजे तक मतदान संपन्न कराया गया। गर्मी के मौसम का पारा जैसे जैसे तेज होता गया, वैसे-वैसे वोटिंग का पारा भी बढ़ता गया और अंततः वोटिंग का पारा शाम के पांच बजे तक 49.95 प्रतिशत पर रहा। मतदान के दौरान सभी बूथों पर सुरक्षा के चाक चौबंद प्रबंध रहे। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में ड्रोन से भी निगरानी की गई और 639 नक्सल प्रभावित बूथो पर भी अपेक्षा के अनुरूप वोट पड़े। आदर्श मतदान केंद्र और पिंक बूथ आकर्षण के केंद्र रहे। वही पहली बार वोटर बने युवाओं में मतदान को लेकर उत्साह दिखा। साथ ही वोटिंग करने में बुजुर्ग वोटर और महिलाएं भी पीछे नही रही। सबने उत्साह के साथ लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभाई। मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। मतदान समाप्त होने तक कही से किसी अप्रिय घटना की सूचना नही है। इवीएम खराब होने का इक्का-दुक्का मामला ही सामने आया। वोटिंग समाप्त होने के साथ ही मतदाताओं द्वारा औरंगाबाद के चुनावी मैदान में उतरे 9 उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला इवीएम में कैद हो गया है। औरंगाबाद के टिकारी विधानसभा क्षेत्र के चतुरी बिगहा से ईवीएम में खराबी की शिकायत आई। तकनीकी टीम ने खराबी दूर किया। कुछ देर के लिए मतदान बाधित हुआ। फिर वोटिंग शुरू हुई जो चार बजे तक चली।

रफीगंज प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से कडी सुरक्षा के बीच मतदान संपन्न हुआ। सुबह से ही मतदाता लाईन में लगे और मतदान किया।गर्मी के तपिश, लहर और शादी-विवाह के कारण कम संख्या में पहुंचे मतदाता। कारण 40 प्रतिशत हुयी मतदान। केंद्र संख्या 117 गुलाब बिगहा मध्य विद्यालय में गडबडी की सूचना पर एसडीपीओ अमित कुमार एवं थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ पहूंचे। कही कोई अप्रिय नही रहा। चिलचिलाती धुप के कारण हाजीपुर मध्य विद्यालय केंद्र पर दोपहर बाद सन्नाटा रहा। कई मतदान केंद्र पर युवा, बुजुर्ग एवं मजदूर वर्ग के लोगो ने भी काफी उत्साह के साथ मतदान किया। औरंगाबाद में मतदान को लेकर वृद्धों में गजब का उत्साह देखने को मिला। वृद्ध जन पहले मतदान फिर जलपान पर अमल करते दिखे। ऐसी ही एक 83 वर्षीया वृद्ध महिला औरंगाबाद जिला परिषद कार्यालय कैंपस स्थित बूथ नंबर 185 पर मिली। शहर के नागा बिगहा की वोटर गिरिजा देवी ने लोकतंत्र के पर्व में अपना रोल निभाया। मतदान केंद्र के बाहर से उन्हे बुजुर्गो के लिए उपलब्ध कराए गए व्हील चेयर से बूथ तक लाया गया। इसके बाद उन्होंने मतदान किया। वोट करवें उत्साहित दिखी। इस दौरान बूथ पर पहुंची वृद्धा को देखते ही सुरक्षा में लगे एक जवान ने उन्हे तुरंत व्हील चेयर लाकर उस पर बैठाया और मतदान केंद्र तक पहुंचाया। यह लोकतंत्र की खूबसूरत तस्वीर है। यह तस्वीर वृद्ध जनो के लोकतंत्र के प्रति उत्साह को बयान कर रही है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण के लिए शुक्रवार को हो रहे मतदान में मतदाता बढ़ चढ़कर अपनी भागेदारी का निर्वहन कर रहे है। शहर के जिला परिषद स्थित मतदान केंद्र पर कुछ ऐसा ही नजारा दिखा। यहां अभी तक के सबसे वृद्ध मतदाता के रूप में पहुंचे सेवानिवृत प्राध्यापक आकर्षण का केंद्र बन गए। औरंगाबाद के जाने माने उद्योगपति व भाजपा की बिहार प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य गोपाल शरण सिंह ने शुक्रवार को वोट डाला।

### कुटुम्बा के सरईबार बूथ पर सुविधाओं की रही कमी

कुटुंबा प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय सरईवार बूथ संख्या 223 और 224 पर मतदाताओं के लिए कोई सुविधा नहीं दी गई है। जबकि बूथ संख्या 223 आदर्श मतदान केंद्र था। मतदाता धूप में खड़े होकर मतदान करते रहे। जबकि अन्य मतदान केंद्रों पर पंडाल की व्यवस्था दिखी।

### निवर्तमान सांसद व बीजेपी प्रत्याशी की मां, बहन व परिजन ने डाला बूथ नंबर 183 पर वोट

औरंगाबाद के निवर्तमान सांसद व बीजेपी प्रत्याशी सुशील सिंह की मां पुष्पलता सिंह, बहन पूर्णिमा सिंह एवं परिजन अनन्या सिंह ने शहर में जिला परिषद कार्यालय परिसर स्थित बूथ संख्या 183 पर मतदान किया। मतदान के बाद सांसद की मां ने कहा कि मेरे पुत्र जनता की सेवा करते है। मतदाता घरो से निकले और उन्हे वोट दे। वही सांसद की बहन ने कहा कि औरंगाबाद में पहली बार अपने भाई के लिए वोट दिया है। लोग भारी संख्या में घरों से निकले और वोट करे। वही सांसद की परिजन अनन्या सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी निभाना अच्छा लग रहा है।

### औरंगाबाद के डीएम-एसपी ने किया वोट, कहा-सभी बूथों पर शांतिपूर्ण मतदान

औरंगाबाद के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम ने शुक्रवार को शहर में जिला परिषद कार्यालय परिसर स्थित आदर्श मतदान केंद्र संख्या 183 पर मतदान किया। मतदान के बाद डीएम ने लोगो को घरो से निकलकर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। कहा कि औरंगाबाद का मतदान प्रतिशत कम रहा है। इस कारण लोग अधिक से अधिक मतदान करे ताकि मतदान का प्रतिशत बढ़े। इसके लिए उन्होंने युवा वोटरो से आगे आने की अपील की। वह एसपी ने कहा कि सभी बूथों पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हो रहा है। सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध है। लोग लोकतंत्र के पर्व में बढ़ चढ़कर भागीदारी निभा रहे है।

## औरंगाबाद के नेहुटा बूथ पर मात्र तीन वोटरों ने ही डाले वोट




कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में औरंगाबाद विधानसभा के नेहुटा गांव स्थित बूथ संख्या 97 पर मात्र 3 वोट ही कास्ट हो पाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विकास से यह गांव कोसो दूर है और मूलभूत सुविधाओं से भी यह वंचित है। यहां के वोटरों की कुल संख्या की बात करे तो 944 वोटर हैं जिनमे पुरुष 524 जबकि महिला वोटर 420 की संख्या में मौजूद हैं। इस बारे में जब मतदान अधिकारी से बात की गई तो तब उन्होंने कहा कि वरीय अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी गयी है।

## अति नक्सल प्रभावित ढ़कपहरी गांव के 38 में महज चार वोटरों ने साधन के अभाव में 12 किमी. पैदल चलकर डाला वोट

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** अति नक्सल प्रभावित औरंगाबाद जिले में लोकसभा चुनाव 2024 में यातायात के साधनों के अभाव का असर वोटिंग पर पड़ा। इस वजह से औरंगाबाद के मदनपुर प्रखंड में लंगुराही पहाड़ के दुर्गम जंगली इलाके के ढकपहरी गांव के मात्र चार वोटर ही वोट डाल पाए। इस गांव में कुल 38 मतदाता है और इनका बूथ इनके गांव से करीब 12 किमी. दूर राजकीय मध्य विद्यालय छालीदोहर- सड़ियार में स्थित है, जिसका बूथ नंबर 367 है। अति नक्सल प्रभावित इस इलाके में सीआरपीएफ का कैंप है और कैंप तक जाने के लिए सड़क भी नक्सल ऑपरेशन को संचालित करने के उदेश्य को पूरा करने के लिए ही बनी है। इस रास्ते में पड़ने वाले लंगुराही, पचरुखिया, ढ़कपहरी एवं अन्य गांवों के लोग इसी रास्ते का आवागमन के लिए इस्तेमाल करते है। इस इलाके के लोगो के लिए पैदल ही सफर करना नियति है क्योंकि सड़क होने के बावजूद टेम्पो जैसे छोटे वाहन तक नही चलते है। इसी वजह से इस रास्ते का इस्तेमाल करते हुए गांव के 38 में से महज चार वोटर 12 किमी. की दूरी पैदल तय कर बूथ पर आए और लोकतंत्र के मतदान के महापर्व में अपनी भूमिका का निर्वहन किया।

### बूथ नंबर 184 पर गर्मी से पोलिंग ऑफिसर के नाक से आया खून

**औरंगाबाद (का.सं.)।** औरंगाबाद में बूथ संख्या 184 पर चुनाव ड्यूटी कर रहे एक पोलिंग ऑफिसर पर भयंकर गर्मी का असर हुआ। पी-1 की जिम्मेवारी निभा रहे गोपाल राम के नाक से अचानक ब्लीडिंग होने लगी। खून और चेहरा धोने के बाद फिलहाल वें बूथ पर ही किनारे होकर सुस्ता रहे है। कहा कि पहले कभी उनके साथ ऐसा नही हुआ था। आज ही ऐसा हुआ है। वह नबीनगर में मध्य विद्यालय शाहपुर में शिक्षक है। शिक्षक के तबीयत बिगड़ने की सूचना कंट्रोल रूम को दी गई।

## निवर्तमान सांसद व बीजेपी उम्मीदवार ने डाला वोट



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के निवर्तमान सांसद व बीजेपी प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह ने शुक्रवार को शहर में जिला परिषद कार्यालय परिसर स्थित आदर्श मतदान केंद्र संख्या 183 पर मतदान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट किया है। साथ ही उन्होंने अपने विरोधी आरजेडी प्रत्याशी अभय कुशवाहा पर तंज कसा। कहा कि वें ऐसे प्रत्याशी है जो अपने लिए अपना वोट भी नही दे सकते। वें गया लोकसभा के निवासी है और उन्हे गया के प्रत्याशी के लिए वोट करना है जबकि मैं ही नहीं बल्कि मेरा परिवार यहां का ही निवासी है। हम सब ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट किया है।

## तथ्य छुपा कर केस करने वाले ठेकेदार पर पांच हजार का जुर्माना

निज संवाददाता

**पटना।** तथ्यों को छुपा कर पटना हाईकोर्ट में केस दायर करना याचिकाकर्ता ठेकेदार को भारी पड़ गया। असलियत सामने आने पर मुकदमा वापस लेने की अनुमति मांगे जाने पर कोर्ट ने पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया। हालांकि कोर्ट ने अर्जी को वापस लेने की अनुमति देते हुए उसे खारिज कर दिया।

शुक्रवार को पटना हाईकोर्ट ने एक सरकारी ठेकेदार की ओर से दायर अर्जी पर मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति हरीश कुमार की खंडपीठ ने सुनवाई की। अर्जी दायर कर आरोप लगाया गया था कि शिक्षा विभाग के एक टेंडर में भाग लेने के बाद उसे अचानक बिना कोई कारण बताए 10 वर्षों के लिए काली सूची में डाल दिया गया। वहीं बिहार राज्य शिक्षा आधारभूत संरचना विकास निगम की ओर से जवाबी हलफनामा दायर कर कोर्ट को बताया गया कि सरकारी संवेदक की ओर से कार्य अनुभव का प्रमाण पत्र और वार्षिक टर्न ओवर से जुड़े जो दस्तावेज टेंडर जमा करने के दौरान दिए गए थे, वह सत्यापन में जाली पाया गया। उनका कहना था कि निगम ने ठेकेदार को उनके ई मेल पर कारण बताओ नोटिस भेजा था, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। जवाब नहीं मिलने पर काली सूची में डाल दिया गया। इस बात का खुलासा होने के बाद आवेदक की ओर से केस वापस लेने का अनुरोध कोर्ट से किया गया। कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए मुकदमा वापस लेने की अनुमति तो दे दी, लेकिन आवेदक पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया। साथ ही जुर्माना राशि को बिहार विधिक सेवा प्राधिकार में जमा करने का आदेश दिया।

## तेजस्वी ने 14 दिन में 46 सभाएं कीं लेकिन एक भी सीट कांग्रेस की नहीं

निज संवाददाता




**पटना।** बिहार में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की पांच सीटों पर प्रचार जोर पकड़ चुका है। तीन सीटें कांग्रेस लड़ रही है जबकि दो सीटें लालू यादव का राष्ट्रीय जनता दल लड़ रहा है। लेकिन राज्य में महागठबंधन का सबसे बड़ा चेहरा और आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव कांग्रेस को मिली किसी भी लोकसभा सीट पर अब तक एक बार प्रचार करने नहीं गए हैं। तेजस्वी ने पिछले 14 दिनों में 46 चुनावी सभाएं की हैं लेकिन एक भी सभा ऐसे क्षेत्र में नहीं हुई जहां कांग्रेस लड़ रही है। तेजस्वी यादव तीसरे चरण की खगड़िया सीट पर सीपीएम और चौथे चरण की बेगूसराय सीट पर सीपीआई तक के लिए वोट मांग कर आ चुके हैं लेकिन दूसरे चरण में तीन सीटों पर लड़ रही कांग्रेस को उनका इंतजार है। पहले चरण की चार सीटों पर आरजेडी लड़ रही थी जिनके लिए प्रचार करने कांग्रेस का कोई बड़ा नेता नहीं आया। बिहार में कांग्रेस के चुनाव प्रचार की शुरुआत ही दूसरे चरण से हुई है। पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे शुक्रवार को किशनगंज और कटिहार आए लेकिन तेजस्वी नहीं गए। इंडिया गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के अध्यक्ष का राज्य में पहला चुनावी कार्यक्रम था लेकिन एकजुटता का सांकेतिक प्रदर्शन तक करने से तेजस्वी ने परहेज किया। तेजस्वी शुक्रवार को बांका, पूर्णिया, दरभंगा और उजियारपुर गए जहां से आरजेडी लड़ रही हैं। कांग्रेस और आरजेडी के बीच लोकसभा सीट बंटवारे में काफी झिकझिक हुई थी। पूर्णिया और कटिहार सीट तो भयानक तनाव का कारण बन गई। कांग्रेस को लालू ने काफी तरसाकर 9 सीट दिए जिससे दोनों पार्टी के काफी नेता नाराज हो गए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे अनिल शर्मा इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए। तेजस्वी की पार्टी में भी बगावत हुई। पूर्व सांसद देवेंद्र प्रसाद यादव, अशफाक करीम और बुलो मंडल राजद छोड़ गए। इन सबकी सीट वीआईपी और कांग्रेस को चली गई है। अशफाक करीम और बुलो मंडल तो अब नीतीश कुमार की जेडीयू में भी शामिल हो गए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस लोकसभा चुनाव के लिए बिहार में पहली रैली करने शनिवार को भागलपुर आ रहे हैं। भागलपुर दूसरे चरण की वो तीसरी सीट है जहां से कांग्रेस लड़ रही है। किशनगंज और कटिहार में खरगे की रैली हो गई। खरगे की सभा तो तेजस्वी ने मिस कर दी। लेकिन राहुल गांधी की सभा में तेजस्वी के आने या नहीं आने से महागठबंधन के अंदर कांग्रेस और आरजेडी की लेटेस्ट केमिस्ट्री साफ हो सकती है।

## एक करोड़ में बाघ की खाल खरीदने वाले ग्राहक तलाश रहे थे तस्कर

निज संवाददाता

**पटना।** बाघ की खाल और हाथी के दांत को बेचने के लिए तस्कर एक करोड़ रुपये देने वाले ग्राहक की तलाश में थे। इसी बीच कोलकाता स्थित वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो कोलकाता की टीम को तस्करों की खबर मिल गई। इसके बाद टीम ने वन्य जीवों के शरीर के अंग को बेचने वाले सौदागरों से संपर्क साधा। उन्हें कानून के जाल में फांसने के लिए अफसर खुद ग्राहक बन गये।

तस्करों को भरोसे में लेने के बाद टीम पटना पहुंची। काफी बातचीत के बाद डील 55 लाख रुपये में तय हुई। इसके बाद तस्करों ने खगौल शिवाला चक स्थित अपने अड्डे पर टीम को बुलाया। सभी चारपहिया वाहन में बाघ की खाल और हाथी के दांत लेकर बैठे थे। तभी पटना पुलिस की टीम के साथ वन विभाग के अफसरों ने उनकी घेराबंदी कर ली। गाड़ी में दो तस्कर नीरज कुमार (खगौल रोड, दानापुर) और उत्तम (मालीटोला, राजाबाजार) पकड़े गये। इन्हीं की निशानदेही पर फुलवारीशरीफ से राकेश कुमार और सोनू उर्फ राजीव कुमार (गया, पीपरगली, रामदनपुर) पकड़े गये। सोनू बाघ की खाल की बिक्री के लिए अलग-अलग जगहों पर संपर्क कर रहा था। बाघ की खाल और हाथी के दांत को नीरज लेकर आया था। पटना वन प्रमंडल के डीएफओ गौरव ओझा ने बताया कि हाथी दांत का वजन साढ़े तीन किलो है। पकड़े गये चार में तीन आरोपित एक मोबिल कंपनी में काम करते हैं।

### बहन के यहां से लेकर आया था

नीरज ने वन विभाग की टीम को बरगलाने की पूरी कोशिश की। उसने पुलिस को बताया कि बाघ की खाल उसकी बहन की ससुराल की पुस्तैनी संपति है। काफी दिनों से वह उसके पास थी। एयरपोर्ट थाना इलाके के शेखपुरा स्थित बहन के घर से वह बाघ की खाल लेकर आया था। नीरज की बहन की ससुराल पश्चिमी चंपारण इलाके में है। उसके इस बयान के बाद अब नीरज की बहन भी जांच टीम के रडार पर है। जिस गाड़ी से तस्कर पकड़े गये वह भी नीरज की बहन की ही थी। नीरज जिस बहन का नाम ले रहा था वह उससे मिलने वन विभाग के दफ्तर तक पहुंची थी। इस मामले में अपना नाम सुनकर वह फरार हो गई। वहीं नीरज की बहन के वन विभाग के दफ्तर में आने की भनक तक वहां के अफसरों को नहीं लगी।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433

## संक्षिप्त समाचार

### प्रखंडों में भौतिक सत्यापन समिति का किया गठन

**गया।** सरकारी की महत्वाकांक्षी योजना के सफल क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिले के 26 प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय समिति की गठन किया गया है। अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग के पत्र के आलोक में डीपीओ एसएसए सह सदस्य सचिव, पीएमएस दुर्गा यादव और जिला कल्याण पदाधिकारी सह सदस्य ने संयुक्त निर्देश जारी किए हैं। गठित तीन सदस्यीय कमेटी में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, कल्याण पदाधिकारी और बीआरसी के अकाउंटेंट सदस्य बनाए गए हैं। ये लोग संस्थानों में जाकर पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप (एससी, एसटी, बीसी, ईबीसी) 2023-24 के प्राप्त आवेदनों का भौतिक सत्यापन करेंगे।

### फतेहपुर में दो हजार फोर्स की निगरानी में होगा मतदान, सारी तैयारियां पूरी

**फतेहपुर।** फतेहपुर फतेहपुर प्रखंड में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। इस दिन सभी बूथों पर सुरक्षा के पक्के बंदोबस्त किए गए हैं। प्रखंड के 179 बूथों पर अफसरों के साथ जिला पुलिस के अलावा अद्धसैनिक बल को तैनात किया गया। साथ ही क्षेत्र में पुलिस व सुरक्षा बल लगातार फ्लैग मार्च और गश्त कर रही है। ताकि मतदाता बिना किसी डर भय के निर्भीक होकर मतदान कर सकें। फतेहपुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह और गुरपा थानाध्यक्ष राजेश पासवान ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के हर बूथ पर कम से कम 8 से 10 पुलिस अफसर व जवान की ड्यूटी लगाई गई है। जिला पुलिस के अलावा अर्द्धसैनिक बल के जवानों को सभी बूथों पर चौकस रखा गया है। प्रखंड में 2 हजार पुलिस अफसर व जवानों की निगरानी में लोकसभा चुनाव शान्तिपूर्ण व निष्पक्ष कराया जाएगा। कई लेयर में मतदान केन्द्र से लेकर क्षेत्र की सुरक्षा की गई है। मतदान के दिन बूथ के अलावा सेक्टर, जोनल, सब जोनल व सुपर जोनल अफसर के साथ पुलिस पदाधिकारी व जवान की ड्यूटी लगाई गई है। मतदान के लिए प्रखंड क्षेत्र के किसी भी कोने से गड़बड़ी की सूचना पर दस मिनट में अफसरों का दल पहुंचकर तत्काल कार्रवाई करेगा। मतदान के दिन शान्ति भंग करने वाले किसी भी व्यक्ति के साथ सख्ती से निपटा की तैयारी की गई है। प्रखंड में 179 बूथ है। इनमें से 37 बूथ नक्सल, अतिसंवेदनशील, संवेदनशील, भेद्य व क्रिटिकल बूथ की श्रेणी में शामिल है। प्रखंड के सभी बूथों पर मतदाताओं को निर्भिक होकर वोट देने के लिए फतेहपुर पुलिस द्वारा सुरक्षा के पक्के बंदोबस्त किए गए हैं। चुनाव ड्यूटी में अर्द्ध सैनिक बल, जिला पुलिस, बिहार सैन्य पुलिस, होमगार्ड सहित पारा मिलिट्री फोर्स व उसकी अफसर अत्याधुनिक हथियारों से लैस होकर बुथों पर तैनाती के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंगे।

### दंगल प्रतियोगिता में नेपाल के हरिहर थापा ने राजस्थान के काला चिट्ठा को चटाई धूल

**गम्हरिया।** गम्हरिया प्रखंड क्षेत्र के भेलवा पंचायत स्थित सार्वजनिक चैती दुर्गा को लेकर मेला का आयोजन किया गया। मेला के अवसर हो रहे दो दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता के दूसरे दिन गुरुवार को लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रतियोगिता में जिले के अलावा पटना, जमुई, शेखपुरा, नवादा, मुंगेर बनारस, शेखपुरा, मध्यप्रदेश, नेपाल सहित अन्य जगहों के कई पहलवानों ने हिस्सा लिया। कुश्ती प्रतियोगिता में एक से एक दांव को पहलवानों ने आजमा प्रतिद्वंदी पहलवान को चित करने का प्रयास किया। जैसे-जैसे कुश्ती प्रतियोगिता आगे बढ़ती गई ग्रामीणों का जोश भी बढ़ता गया। पहलवानों की लड़ाई को देखकर ग्रामीणों में भी उत्साह नजर आ रहा था। ग्रामीणों के शोर से अखाड़ा गुंजायमान हो उठा। हरिहर थापा व सुरेंद्र दास को मिली जीत गुरुवार को दंगल प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण नेपाल के हरिहर थापा और राजस्थान के काला चिट्ठा के बीच काफी रोमांचक रहा। दोनों का कुश्ती करीब 15 मिनट तक चला जिसमें नेपाल के हरिहरथाप्पा ने काला चिट्ठा को हरा कर जीत दर्ज किया। राजस्थान के शौतान सिंह और गाजीपुर के अंकित के बीच कुश्ती हुआ। जिसमें समय काफी होने को लेकर मुकाबला बराबरी पड़ रहा। वहीं बक्सर के सुरेंद्र दास और मध्यप्रदेश के बी सिंह के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। कड़े मुकाबले में बक्सर के सुरेंद्र दास ने मध्यप्रदेश के बी सिंह को पटखनी देकर मुकाबला जीत लिया। मौके पर मेला अध्यक्ष श्याम कुमार यादव, सचिव सीताराम कुशवाहा, देवेन्द्र यादव, प्रभु नारायण मेहता, विश्वनाथ यादव आदि मौजूद रहे।

### चुनाव के चलते छात्रों को दूसरे स्कूल से किया टैग

**गया।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने टिकारी राज इंटर स्कूल को औरंगाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए डिस्पैच सेन्टर व वज्रगृह के रूप में 16 अप्रैल से निर्वाचन के सम्पन्न होने तक चिन्हित व अधिग्रहित किया गया है। इसलिए टिकारी राज इंटर स्कूल व इसके संलग्न देवधरपुर राज मध्य विद्यालय टिकारी के छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन में व्यवधान उत्पन्न नहीं हो इसके लिए निकट के विद्यालय में सम्बद्ध किया गया है। टिकारी राज इन्टर विद्यालय के छात्रों को ठाकुर मुनेश्वर नाथ सिंह 2 उच्च विद्यालय व देवधरपुर राज मध्य विद्यालय टिकारी के छात्रों को टाउन मध्य विद्यालय टिकारी से अटैच किया गया है।

### नक्सलियों की मांद में हेलीकॉप्टर से पहुंचे मतदान कर्मी और सुरक्षा बल

**गया।** बिहार झारखंड की सीमा पर औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के इमामगंज विधानसभा अंतर्गत छकरबंधा नक्सलियों की विध्वंसक कार्रवाइयों के लिए प्रसिद्ध रहा है। इस क्षेत्र में चुनाव के दौरान नक्सलियों द्वारा कई बार विध्वंसक कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। यही कारण है कि उक्त क्षेत्र में चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न करना प्रशासन के लिए एक चुनौती रही है। चुनाव के दौरान मतदान कर्मी और सुरक्षा बलों को जान माल की क्षति ना हो। इसके लिए इस वर्ष पहली बार जिला प्रशासन के द्वारा छकरबंधा इलाके में हेलीकॉप्टर के माध्यम से मतदान कर्मियों और सुरक्षा बलों को पहुंचाया गया है। जानकारी के अनुसार पिछले चुनावों के दौरान अति उग्रवाद प्रभावित छकरबंधा क्षेत्र के उक्त मतदान केंद्रों को अन्यत्र विस्थापित किया जाता रहा है। लेकिन, इस बार जिला प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्था के तहत छकरबंधा स्थित पांच मतदान केंद्रों पर प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों और सुरक्षा बलों को हेलिकॉप्टर के माध्यम से सीधे छकरबंधा में लैंड कराया गया।

### क्लस्टर सेंटर पर मतदान कर्मी रवाना, डीएम व आईजी ने लिया जायजा

**गया।** लोकसभा चुनाव 2024 को भयमुक्त, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए गया पुलिस की ओर से सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। जिले के सभी बूथों खासकर संवेदनशील केन्द्रों पर पुलिस पदाधिकारी के साथ केंद्रीय सुरक्षा बल व जिला पुलिस को प्रतिनियुक्त किया गया है। चुनाव को लेकर बुधवार की देर रात एसएसपी आशीष भारती व सिटी एसपी प्रेरणा कुमार ने पुलिस केंद्र पहुंचकर चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा करने के बाद एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को मतदान केंद्रों की सुरक्षा सहित अन्य बातों के लिए दिशा-निर्देश दिया। लोक सभा चुनाव 2024 को लेकर गुरुवार को मगध प्रक्षेत्र आईजी क्षत्रनील सिंह, एसएसपी आशीष भारती, सिटी एसपी प्रेरणा कुमार ने +2 रंगलाल उच्च विद्यालय शेरघाटी स्थित डिस्पैच केंद्र का निरीक्षण किया। आईजी ने चुनाव संबंधी सभी जरूरतों एवं सुरक्षा व्यवस्था का मुआयना कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए संबंधित पदाधिकरियों को दिशा-निर्देश दिया। शेरघाटी|लोकसभा चुनाव में इमामगंज विधानसभा में होने वाले मतदान के लिए डिस्पैच सेंटर शेरघाटी के रंगलाल इंटर स्कूल के मैदान में बनाया गया है। गुरुवार को सभी मतदान कर्मियों को यहां से क्लस्टर के लिए रवाना कर दिया गया। कल सुबह में सभी मतदान कर्मी बूथ पर पहुंच जायेंगे। इसके पहले जिलाधिकारी डा. त्यागराजन एसएम, आईजी छत्रनील सिंह और एसएसपी आशीष भारती ने डिस्पैच सेंटर पहुंच कर जायजा लिया और एक-एक बिंदु पर कड़ाई से जांच किया। इस मौके पर डीएम डा.त्यागराजन एसएम ने कहा कि सभी लोगों से वोट देने की अपील की गई है। जिससे उम्मीद है कि लोग घर से बाहर निकलेंगे और अपना मताधिकार का प्रयोग करेगे।

# हथियार लहराने के मामले में दो गिरफ्तार, पुलिस ने की छापेमारी

निज संवाददाता। नालंदा



**हथियार-कारतूस और शराब की बोतलें बरामद**

नालंदा में तिलक समारोह में रायफल से फायरिंग करने का एक वीडियो सामने आया था। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और हथियार-कारतूस और अंग्रेजी शराब बरामद की है। मामला नूरसराय थाना क्षेत्र के अतरामचक गांव का है। अतरामचक के ग्रामीणों की माने तो गांव के ही देवनंदन प्रसाद के बड़े पुत्र का तिलक समारोह 15 अप्रैल को संपन्न हुआ था। उसी तिलक समारोह में उनका छोटा पुत्र कन्हैया कुमार राइफल से फायरिंग कर रहा था। जिसका किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो में स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि युवक घर के अंदर से राइफल लेकर आता है और छत पर ही फायरिंग करता है।

**छापेमारी के दौरान मिली शराबः** वीडियो के आधार पर पुलिस ने कन्हैया कुमार के घर में छापेमारी कर 6 लीटर विदेशी शराब और 5 जिंदा कारतूस जबकि पड़ोसी राकेश सिंह के घर में छापेमारी कर पुलिस ने 2 रायफल और 21 जिंदा कारतूस बरामद किया है। मामले में कन्हैया का रिश्तेदार खगड़िया जिला के ठूठी मोहनपुर गांव निवासी स्व. भैरव सिंह का पुत्र अभिमन्यु सिंह और राकेश की पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल ने कहा की फिलहाल मुख्य आरोपी फरार है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। बरामद हथियार-कारतूस मामले में आर्म्स एक्ट जबकि शराब मामलें में एक्ससाइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। छापेमारी टीम में नूरसराय के थानाध्यक्ष रजनीश कुमार समेत नूरसराय थाना की सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही।

# बिहार शरीफ जा रही बस बीच सड़क पलटी

निज संवाददाता। नालंदा



- हादसे के बाद चालक और खलासी वाहन छोड़कर फरार, बस में एक भी यात्री नहीं थे सवार

नालंदा में शुक्रवार की सुबह तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर बीच सड़क पलट गई। बस में एक भी यात्री सवार नहीं थे, इसलिए बड़ी घटना होने से बच गई। किसी प्रकार की हताहत नहीं हुई। हादसे के बाद चालक और उपचालक फरार हो गए। एसके ट्रैवल्स नाम की बस बरबीघा की तरफ से बिहार शरीफ जा रही थी। अस्थावां थाना क्षेत्र में हादसा हो गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीण आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि ड्राइवर को झपकी आ गई होगी और तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर बीच सड़क पलट गई। गनीमत रही कि उस वक्त सड़क सुनसान थी। नहीं तो किसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था।

**बस नंबर के आधार पर मालिक का लगाया जा रहा पताः** अस्थावां थाना अध्यक्ष शशि कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। बस पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। वाहन नंबर के आधार पर पुलिस बस मालिक का पता लगाने में जुट गई है। बस को बीच सड़क से हटाने की कवायद शुरू कर दी गई है ताकि यातायात सुगम बना रहे। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## आधे मतदान केंद्रों पर होगी वेब कास्टिंग, 1408 बूथ संवेदनशील घोषित

निज संवाददाता। गया



लोकतंत्र के महापर्व के पहले चरण में शुक्रवार को गया जिला के नौ विधानसभा क्षेत्रों के 2917 मतदान केंद्रों पर 27 लाख 40 हजार 977 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मतदान केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। साथ ही मतदान केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में किसी प्रकार के राजनीतिक जुटान पर रोक लगा दी गई है। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम तथा एसएसपी आशीष भारती ने मतदान की पूर्व संध्या पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। ई लोकसभा चुनाव में अपने सब के बढ़-चढ़ के भाग लेवेला हई। अपने लोग के एकरा में भाग लेवे से लोकतंत्र मजबूत होतई। गया पुलिस ई लोकसभा चुनाव के भयमुक्त, निष्पक्ष अउ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करावे ला पूरी तैयारी कर लेले हई। अपने सब बिना भय के ई चुनाव में भाग लेके अपन मताधिकारी के जरुर प्रयोग करहुं। वहीं एसएसपी आशीष भारती ने ठेंठ मगही में जिलेवासियों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। एसएसपी के इस अपील के वीडियो ने लोगों का दिल जीत लिया। छह विधानसभा क्षेत्रों में शाम चार और तीन में शाम छह बजे तक होगा मतदान डीएम ने बताया कि शुक्रवार को होने वाले मतदान के दौरान गया लोकसभा क्षेत्र के वजीरगंज, बेलागंज और गया टाउन विधानसभा क्षेत्र में सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। वहीं तीन विधानसभा क्षेत्रों शेरघाटी, बाराचट्टी और बोधगया में सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। इसके अलावा गया जिला में पड़ने वाले औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के सभी तीन विधानसभा क्षेत्रों गुरुआ, इमामगंज और टिकारी में सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा।

# मेला देखने घर से निकले युवक की मिली लाश, प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका

निज संवाददाता। नालंदा



**,नवादा का रहने वाला है युवक, नालंदा में मिला शव**

नालंदा में शुक्रवार को सड़क किनारे एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मामला कतरीसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत गिरियक शाहपुर मुख्य मार्ग के छाछु बीघा के समीप की है। मृतक की पहचान नवादा जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मझानपुर गांव निवासी हीरा यादव के बेटे संदीप कुमार (24) के रूप में की गई है।

**फुफेरे भाई ने कहा- बेरहमी से की गई हत्याः** संदीप के फुफेरे भाई सुधीर ने कहा कि उसका भाई मेला देखने की बात कहकर घर से निकला था। कुछ दोस्त से गिरियक बाजार में मिला था। इसके बाद दोस्तों से कहा कि वह मेला देखकर वापस लौट आएगा। रात करीब 2:00 बजे उसने फोन किया और कहा कि उसके साथ मारपीट की जा रही है। इसके बाद फोन कट जाता है। वह गांव के ही तीन चार लड़कों के साथ ढूंढते हुए रात में छाछु बीघा पहुंचते हैं, जहां संदीप का कहीं अता-पता नहीं चलता है। फोन भी स्विच ऑफ आता है। इसके बाद शुक्रवार की सुबह स्थानीय पुलिस के द्वारा घटना की जानकारी मिली। सूचना मिलने के बाद वो लोग मौके पर पहुंचे, जहां देखा की बेरहमी से संदीप की हत्या की गई है। हाथ-पैर को तोड़ दिया गया है। लाठी-डंडे का चोट शरीर पर दिख रहा है। हत्या किन कारणों से की गई है। उन्हें इसके बारे में पता नहीं है।

**तीन भाइयों में सबसे बड़ा था संदीपः** संदीप कुमार तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। जबकि उससे बड़ी एक बहन है। वह ग्रेजुएशन पार्ट 2 की पढ़ाई कर रहा था। मां आशापुरी कॉलेज घोषरामा में उसने अपना नामांकन कराया हुआ था। वही इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। छाछु विगहा स्तिथ साई धाम में मेला लगा हुआ था।

**DSP ने बताया प्रेम प्रसंग का मामलाः** राजगीर DSP प्रदीप कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा सूचना प्राप्त हुई की छाछु बीघा स्थित दरवेशपुर की तरफ जाने वाली पक्की सड़क पर एक युवक की लाश पड़ी हुई है। सूचना मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष कतरीसराय और अंचल निरीक्षक गिरीयक के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया, जहां से मृत युवक के पास से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान नवादा निवासी के रूप में की गई। इसके बाद मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। प्रारंभिक पूछताछ में प्रेम प्रसंग में हत्या की बात सामने आई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## बूथ 190 पर मोबाइल लेकर आने वाले वोटरों से बदसलूकी, डीएसपी ने कहा- इसमें गलत क्या है

निज संवाददाता। गया



गया लोकसभा में सुबह सात बजे से वोटिंग शुरू हो गई है। नैरंगा मिडिल स्कूल बूथ 118 और 119 पर लोग आने लगे हैं। 9 बजे तक 9.30 फीसदी वोटिंग हुई थी। अब 3 बजे तक 39.35 प्रतिशत मतदान हो चुका है। पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। बड़ी संख्या में पारा मिलिट्री फोर्स और बिहार पुलिस के जवान सुरक्षा में लगाए गए हैं। वोटिंग छह विधानसभा में 4 बजे तक ही होगी। ये नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। शेष तीन गया टाउन, बेलागंज और वजीरगंज में 5 बजे तक वोटिंग होगी। अब मतदान के लिए सिर्फ दो घंटे ही रह गए हैं। दूसरी तरफ बूथ नंबर 190 पर पुलिसकर्मी और पोलिंग एजेंट की लापरवाही के कराण न केवल वोटिंग प्रभावित हुई बल्कि मतदाता भी परेशान रहे। मोबाइल लेकर जाने वाले मतदाताओं के साथ पुलिस ने बदसलूकी की। उनपर मोबाइल घर पर रख कर आने का दबाव बनाया गया। लोगों का कहना था कि बूथ के अंदर मोबाइल न ले जा सकते हैं लेकिन परिसर में तो रह सकता है। वहीं खाना खाने के नाम पर आधा घंटे से वोटिंग बंद है। कोई सुनने वाला नहीं है। इस पर डीएसपी शाहु ने कहा कि इसमें दिक्कत क्या है। सब ठीक है। डीएम त्यागराजन ने तत्काल प्रभाव से वोटिंग शुरू कराने का आदेश दिया। आगे पढ़िए वोटिंग के अन्य अपडेट्स...

**बूथ संख्या 325 खाली, वोट बहिष्कारः** गुरुआ विधानसभा की कोलौना पंचायत सूंगारिस गांव के वार्ड नंबर-8 के हजारों मुस्लिम समुदाय के मतदाताओं ने वोट का बहिष्कार कर प्रदर्शन किया है। इनका कहना है सड़क नहीं तो वोट नहीं। वोट बहिष्कार करने वाले ग्रामीण बुजुर्ग शमीम अख्तर ने कहा कि आजादी के बाद से ही मुख्य सड़क मार्ग से गांव तक की 1 किलोमीटर का पहुंच पथ अब तक नहीं बना है। करीब 52 वर्षों से मोहम्मद प्रवेज आलम और उनके पुरखें मुखिया पद पर काबिज हैं। कई विधायक और सांसद बदल चुके हैं लेकिन गांव तक पहुंच पथ नहीं बना। मोहम्मद कलीम अंसारी ने कहा कि तमाम सरकार के नुमाइंदे और जन प्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन केवल आश्वासन मिला। सड़क नहीं रहने से इन ग्रामीणों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अंत में नहीं चाहते हुए भी हम लोगों ने वोट बहिष्कार किया है। विगत 4 वर्षों से काबिज स्थानीय विधायक विनय यादव गांव पहुंचे और गांव वालों को समझाया लेकिन वे मानने को तैयार नहीं हुए। उनका साफ तौर से कहना है रोड नहीं तो वोट नहीं। फिलहाल वे अपनी मांग पर डटे हैं।

**साइकिल से वोट देने के लिए आए प्रेम कुमारः** वहीं, बूथ नंबर 133 पर बिहार सरकार के मंत्री प्रेम कुमार साइकिल से वोट देने के लिए आए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सब कुछ सामान्य चल रहा है चारों जगह से हम जीत रहे हैं। चारों लोकसभा विधानसभा से जीत रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कड़ाही छाप पर वोट करने की भी बात कही। यह बात सुनते ही पास में खड़े महागठबंधन के कार्यकर्ता भड़क गए उन्होंने कहा कि यह इलेक्शन के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है।

## धरोहर के रूप में लुप्त हो रही प्राचीन भारतीय ग्रामीण परिवेश को बचाने की है आवश्यकता

निज संवाददाता। बोधगया



बोधगया विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर जहां एक ओर पूरे विश्व में बड़े- बड़े और भव्य आयोजन किए जाते हैं, वहीं लीक से हटकर लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, गया अंचल के अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार ठेठ अपने देश की प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा को संजोकर रखने में ज्यादा विश्वास रखते हैं। श्री कुमार मानते है कि बिहार के अबतक मात्र दो पर्यटन स्थल बोधगया का महाबोधि मंदिर और नालंदा का विश्व विख्यात नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष को विश्व धरोहर के रूप में मान्यता मिली है। जबकि सही मायने में हम अपनी अगली पीढ़ी को अपने गांव-चौपाल से जुड़ी चीजों -परम्पराओं से रूबरू कराते हुए उन्हें संजो कर रखने की जरूरत का महत्व साझा करें, तो तो वे अपनी ज़मीन से तो जुड़े रहेंगे ही साथ ही अपने धरोहर को जानेंगे -पहचानेंगे। इसकी पहल हर घर-परिवार में होनी चाहिए। विश्व धरोहर दिवस के अवसर कुमार प्रति वर्ष की भांति भाग्यमणि ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पारंपरिक गीत-संगीत के बीच बच्चों को भारतीय ग्रामीण परिवेश से जुड़ी वस्तुएं यथा ओखली, हल, खटिया, सील, टोकरी, मिट्टी का चूल्हा, ढेन्की-जांता इत्यादि को प्रदर्शित की। उन्होंने अपनी नई पीढ़ी को अपनी पुरातन संस्कृति से जुड़े रहने की सलाह दी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को विलुप्त हो रही भारतीय जीवन पद्धति को आधुनिकता के दौर में संजोए रखने की जरूरत पर बल दिया। साथ ही शहरीकरण के दौर में नयी पीढ़ी को नाटक के माध्यम से पुरातन ग्रामीण - परंपरा ,संस्कृति, खान-पान, बुजुर्गों के प्रति मान-सम्मान रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी स्व भाग्यमणि को श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर जिन लोगों की भागीदारी रही, उनमें प्रमुख थे सारिका, आदित्य अभिषेक, युवराज अभिषेक, रिया सिंह, संजीव कुमार, सत्येंद्र बहादुर, मणींद्र वर्मा आदि। ग्रामीण जीवन में गीत संगीत के महत्व को बताते।

# सैनिक स्कूल में खेल-कूद में अजातशत्रु सदन बना विनर, पहली बार सैन्य-छात्राओं ने अंतरसदनीय प्रतियोगिता में दिखाया अपना दम

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा स्थित सैनिक स्कूल नालंदा में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के अंतर-सदनीय वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस अवसर पर सैनिक स्कूल नालंदा के प्राचार्य कैप्टन (भारतीय नौसेना) नवीन कृष्ण चंद्रा ने विजेता-उपविजेता खिलाड़ियों और सदन को मेडल, प्रमाण–पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। 09 अप्रैल से चलने वाली इस अंतर-सदनीय प्रतियोगिता में लगभग 328 सैन्य छात्र-छात्राएं अपने-अपने सदन की ओर से फुटबाल बालक /बालिका (वरिष्ठ/ कनिष्ठ) बालीबाल, बास्केटबाल (बालक /बालिका ) एवं हॉकी में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। फुटबाल कनिष्ठ वर्ग तथा वालीबाल में सिद्धार्थ सदन ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की वहीं अजातशत्रु सदन ने हॉकी और बास्केटबाल (बालक वर्ग) में अपना परचम लहराया। महावीर सदन ने फुटबाल वरिष्ठ वर्ग में तथा अशोक सदन ने बास्केटबाल (बालिका वर्ग) की ट्रॉफी अपने नाम की। पूरे टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर अजातशत्रु सदन को शैक्षणिक सत्र 2024–25 का विजेता घोषित किया गया ।

**'व्यक्तित्व विकास में खेल-कूद का अहम योगदान'**: समापन समारोह के कार्यक्रम का शुभारंभ शिवो मेवालाल स्टेडियम में प्राचार्य कैप्टन (भारतीय नौसेना) नवीन कृष्ण चंद्रा के आगमन के साथ हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागी छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य महोदय ने कहा कि व्यक्तित्व विकास में खेल-कूद का अहम योगदान है। इससे छात्र-छात्राओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना से काम करने के गुणों का विकास होता है। उन्होंने आगे कहा कि खेल के मैदान में खिलाड़ी जीवन जीने की कला सीखता है। आज के समय में शिक्षण-अधिगम मात्र कक्षाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि खेल के मैदान में भी सीखने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने सैनिक स्कूल नालंदा के सभी सैन्य छात्र-छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि आगामी ग्रुप स्तरीय प्रतियोगिता में भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और सैनिक स्कूल नालंदा का नाम रौशन करें।

**महावीर सदन ने सिद्धार्थ सदन को 3 -0 से हरायाः** ज्ञात हो कि आगामी 23 अप्रैल से सैनिक स्कूल नालंदा में अखिल भारतीय सैनिक स्कूल (ग्रुप लेवल) फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन होने वाला है , जिसमे सैनिक स्कूल नालंदा सहित तिलैया, गोपालगंज तथा पुरुलिया के सैन्य छात्र छात्राएँ भाग लेंगे। समापन फुटबाल मैच में महावीर सदन ने सिद्धार्थ सदन को 3 -0 से हराया। इस अवसर पर विद्यालय के पदस्थापित अधिकारी, शिक्षक, छात्र–छात्राएं एवं सभी कर्मी उपस्थित रहे |